वर्ष- 12 अंक - 109
लखनऊ, शुक्रवार 06 दिसम्बर, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सपा की मासिक बैठक में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर की गई चर्चा 09
पुतिन ने की इंडिया-फर्स्ट नीति व मेक इन इंडिया पहल की प्रशंसा 12

# देश है तो धर्म है, धर्म है तो हम सब : योगी

**संबोधन**

- जानकी महल में आयोजित श्रीरामजानकी विवाह उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सामर्थ्य के अनुसार देश व धर्म के लिए कुछ करने के साथ ही समाज और हर एक को जोड़ने की आवश्यकता है। देश है तो धर्म है, धर्म है तो हम सब हैं। हमारा ध्येय सनातन धर्म की रक्षा और भारत को विकास के परम वैभव तक पहुंचाने का होना चाहिए। सीएम ने जाति के नाम पर बांटने वालों से बचने का आह्वान किया। सीएम ने गुरुवार को जानकी महल में आयोजित श्रीरामजानकी विवाह उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का भव्य आयोजन आज जनकपुर धाम में भी हो रहा है। छह वर्ष पूर्व भारत व यूपी सरकार के योजनान्तर्गत विवाह पंचमी पर जनकपुर धाम में जाने और मां जानकी के भव्य मंदिर के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। आज जानकी महल में विवाह पंचमी कार्यक्रम में फिर से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि यह वर्ष बहुत महत्वपूर्ण रहा। जब 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी के करकमलों से अयोध्या धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम लला के रूप में विराजमान हो चुके हैं। भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में कोई भी ऐसा सनातन धर्मावलंबी नहीं था, जो उस क्षण से वंचित हुआ हो। कोई यहां उपस्थित हुआ तो किसी ने श्रव्य-दृश्य माध्यम से उस पल को देखा-सुना। 500 वर्ष तक चले संघर्षों का सामना करते-करते कई पीढ़ियां चली गईं, लेकिन यह सौभाग्य हमारे भाग्य में था कि फिर से भव्य मंदिर में रामलला को विराजमान होते हमने देखा है। 22 जनवरी को हर सनातन धर्मावलंबी उत्साहित और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा था।

### रामराज्य की व्यवस्था आदर्श, हर कोई था खुशहाल

सीएम योगी ने कहा कि 14 वर्ष बाद अयोध्या आने से पहले श्रीराम ने हनुमान जी को भेजा कि जाओ, देखो- ऐसा तो नहीं कि भरत को राज्य का मोह हो गया हो, यदि वह राजा रहना चाहते हों तो मैं अयोध्या वापस नहीं जाऊंगा। हनुमान जी ने देखा कि संन्यासी के रूप में भरत श्रीराम जी का इंतजार कर रहे हैं। यह बातें हनुमान जी ने श्रीराम को बताईं, तब भगवान राम ने आकर प्रजा की भावनाओं का सम्मान करते हुए जिस व्यवस्था को आगे बढ़ाया, वह रामराज्य की आदर्श व्यवस्था थी। कहीं दरिद्रता-अव्यवस्था नहीं थी, हर जगह खुशहाली थी। भारत की परंपरा भी यह कहती है कि हम जिसकी पूजा करते हैं, उसके अनुरूप बनने का प्रयास करना चाहिए, उनके आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए।

### पांच सौ साल पहले जो बाबर ने किया वही आज बांग्लादेश और संभल में हो रहा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने राम नगरी अयोध्या में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने गुरुवार कार्यक्रम के दौरान कहा कि 500 साल पहले जो बाबर ने किया, बांग्लादेश और संभल में आज वही हो रहा है। बगल के देश में किस प्रकार कृत्य कर रहे हैं याद रखना, किसी को गलत फहमी तो देख लें पांच सौ साल पहले बाबर के एक सिपहसालार ने अयोध्या में जो काम किया था जो काम संभल में किया था, जो काम आज बांग्लादेश में हो रहा है। तीनों की प्रकृति और डीएनए एक जैसा है। गलत फहमी में मत रहना। अगर कोई मानता है कि बांग्लादेश में हो रहा है तो यहां भी बांटने वाले तत्व सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न कर रहे हैं। सामाजिक एकता को तोड़करके आपको बांट करके काटने और फिर कटवाने का इंतजाम कर रहे हैं। बांटने वाले दुनिया के तमाम देशों में प्रोपर्टी खरीद कर रखी है, यहां संकट आएगा तो प्रापर्टी बेचकर भाग जाएंगे। लड़ने वाले लड़ते रहेंगे। यही कहने आया हूं।

### 2017 से पहले अयोध्या में बमुश्किल आती थी चार से पांच घंटे बिजली

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले की अयोध्या में बमुश्किल चार से पांच घंटे बिजली मिलती थी। यहां साफ-सफाई की उचित व्यवस्था नहीं थी। राम की पैड़ी में सरयू जी का जल सड़ता था। लोग उसी में स्नान कर पाते थे। एयर, रेल, सड़क कनेक्टिविटी अच्छी नहीं थी। अब तो न केवल सड़क, बल्कि रेल व वायुमार्ग से अयोध्या का अच्छा जुड़ाव हो चुका है। जल मार्ग पर भी हमारा सर्वे का कार्य चल रहा है। व्यवसाय और प्रोडक्ट को दुनिया के मार्केट तक पहुंचाने के लिए जल मार्ग आसान हो सकता है। संकरी गलियां चौड़ी हो रही हैं। अब राम की पैड़ी स्वच्छ हो गई है। हर स्तर पर विकास कार्य निरंतर बढ़ते दिख रहे हैं। कार्यक्रम में अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, विधायक रामचंद्र यादव, दिलीप कुमार सुल्तानिया, नारायण अजीतसरिया, विष्णु अजीत सरिया, चंद्रप्रकाश अग्रवाल, बिहारी लाल सर्राफ, मुरारीलाल, सुनील कुमार, आशीष, दिनेश अग्रवाल, राकेश बिहारी आदि मौजूद रहे।

**प्रधानमंत्री मोदी व भूटान नरेश ने की द्विपक्षीय बैठक**

## संबंधों की लगातार मजबूती को लेकर जताई प्रतिबद्धता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत-भूटान के बीच साझेदारी लगातार मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रधानमंत्री मोदी ने सात लोक कल्याण मार्ग स्थित सरकारी आवास पर भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और रानी जेत्सुन पेमा वांगचुक का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने दोनों को शुभकामनाएं देते हुए इसी वर्ष मार्च में अपनी राजकीय यात्रा के दौरान भूटान की सरकार और लोगों द्वारा दिए गए असाधारण गर्मजोशी भरे आतिथ्य को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी और भूटान नरेश ने द्विपक्षीय संबंधों की उत्कृष्ट स्थिति पर संतोष व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच आर्थिक संपर्क बढ़ाने में हुई प्रगति की समीक्षा की तथा गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी पहल पर विचारों का आदान-प्रदान



किया, जो भूटान के विकास को गति देने तथा भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए महामहिम द्वारा संचालित एक दूरदर्शी परियोजना है। पीएम मोदी ने भूटान में आर्थिक विकास को लेकर भारत की प्रतिबद्धता दोहराई तथा 13वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए भूटान को भारत द्वारा दिए जाने वाले विकास सहयोग को दोगुना करने पर प्रकाश डाला। भूटान नरेश ने भूटान की खुशहाली, प्रगति और समृद्धि की आकांक्षाओं के लिए दृढ़ समर्थन के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भारत के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान नरेश और रानी के सम्मान में मध्याह्न भोज का आयोजन किया।

**संक्षिप्त समाचार**

### न्यायमूर्ति मनमोहन ने ली उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ ली। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने यहां आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति मनमोहन को शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति मनमोहन के शपथ ग्रहण करने के साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की कुल निर्धारित संख्या 34 के मुकाबले 33 हो गई।

### उ.प्र. विधानमंडल का शीतकालीन अधिवेशन 16 दिसम्बर से



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन अधिवेशन 16 दिसंबर से शुरू होगा। इस संबंध में गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी है। विधानमंडल के दोनों सदनों- विधान सभा और विधान परिषद की कार्यवाही सोमवार, 16 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगी। वर्ष 2024 का यह तृतीय सत्र होगा।

### अल्लू अर्जुन को देखने उमड़ी भीड़ हुई बेकाबू भगदड़ में महिला की मौत

**आंध्र प्रदेश।** हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान भगदड़ जैसे हालात देखने को मिले। इस दौरान एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना खुद हैदराबाद में आरटीसी क्रॉस रोड के संध्या थिएटर पहुंचे थे। इस दौरान उनकी एक झलक पाने के लिए भारी संख्या में लोग भी वहां पहुंचे। बेकाबू भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके लिए प्रशासन ने हल्का लाठीचार्ज भी किया। इस दौरान मची भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य लोग जख्मी हो गए।

### कच्छ में फर्जी ईडी रेड मामले में 12 आरोपित गिरफ्तार

**भुज/अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने कच्छ में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की फर्जी टीम और रेड कार्रवाई की साजिश का गुरुवार को खुलासा किया। पूर्वी कच्छ थाने की पुलिस ने मामले में भुज के एक पत्रकार, अहमदाबाद की एक महिला समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन्होंने फर्जी ईडी टीम बनाकर एक ज्वैलर्स और उसके आवास आदि में छापेमारी की और 25 लाख रुपये से ज्यादा के जेवरात समेट कर फरार हो गए थे।

# फड़नवीस बने मुख्यमंत्री, शिन्दे, पवार उपमुख्यमंत्री

**एजेंसी, मुंबई।**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत से विजयी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली महायुति के नेता देवेन्द्र फड़नवीस ने राज्य के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली जबकि पिछली बार मुख्यमंत्री रहे शिवसेना के नेता एकनाथ शिन्दे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजीत पवार ने उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की।

मुंबई के आज़ाद मैदान में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने श्री फड़नवीस, श्री शिन्दे और श्री पवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

फिल्म एवं मनोरंजन जगत, उद्योग जगत, सार्वजनिक जीवन की तमाम हस्तियां इस मौके पर उपस्थित थीं। शपथ ग्रहण समारोह करीब 20 मिनट के अंदर ही संपन्न हो गया। मंच पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के पहुंचते ही सबसे पहले राष्ट्रगान का गायन हुआ और राज्यपाल ने श्री फड़नवीस को शपथ दिलायी। श्री फड़नवीस के शपथ लेने के बाद राज्यपाल ने पुष्पगुच्छ देकर नये मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इसके बाद श्री फड़नवीस ने श्री मोदी के पैर छू कर आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत श्री शिन्दे को शपथ दिलायी गयी। श्री शिन्दे से शपथ लेने से पूर्व शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे और उनके राजनीतिक गुरू रहे पार्टी के नेता अनंत दिघे को याद किया। श्री शिन्दे के बाद श्री पवार को शपथ दिलायी गयी। दोनों उप मुख्यमंत्रियों को भी राज्यपाल ने गुलदस्ते देकर अभिनंदन किया और प्रधानमंत्री ने भी दोनों से गर्मजोशी से हाथ मिला कर शुभकामनाएं दीं। तीनों नेताओं के शपथ लेने के बाद राष्ट्रगान के साथ शपथग्रहण समारोह संपन्न हो गया।



**शपथ ग्रहण**

- फड़नवीस ने पीएम मोदी के पैर छू कर लिया आशीर्वाद

### अतिथियों ने दी तीनों नेताओं शुभकामनाएं

बाद में मंच पर उपस्थित अतिथियों ने तीनों नेताओं से मिल कर शुभकामनाएं दीं। समारोह में उपस्थित अन्य अतिथियों में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री एवं लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पूर्व राज्यसभा सांसद विजय रुपानी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष नीतीश कुमार, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं तेलुगु देशम पार्टी के नेता एन चंद्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, खेल जगत से सचिन तेंदुलकर और फिल्म जगत से सलमान खान, शाहरुख़ खान, माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, रणवीर सिंह उपस्थित रहे।

# चलती ट्रेन में भिड़े यात्री, एक की मौत, दो घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज।**

जम्मू से वाराणसी जाने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस लखनऊ से आगे जैसे ही बढ़ी, तभी जनरल बोगी में सवार यात्रियों के मध्य बैठने को लेकर आपस में विवाद शुरू हो गया और विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट भी हो गई।

अमेठी जिले के निहालगढ़ स्टेशन पर अपने भाई को ट्रेन से उतारने पहुंचे दो युवकों को भी यात्रियों ने पीटा। जिसमें एक यात्री की मौत हो गई है जबकि उसे उतारने पहुंचे दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

गुरुवार को अमेठी जिले के भाले सुल्तान थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीगंज के रहने वाले तौहीद का लखनऊ तक रिजर्वेशन था। उसके बाद वह जनरल बोगी में चले गए। जहां पर बैठे दीपक, मिथुन, पवन और सुजीत से सीट पर बैठने को लेकर विवाद हो गया । विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। तौहीद ने अपने घर फोन कर अपने दो भाइयों को निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर बुला लिया। जैसे ही ट्रेन निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर पहुंची तौहीद के दोनों भाइयों ने ट्रेन की बोगी में चढ़कर मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच दूसरे पक्ष की ओर से चाकू से वार कर दिया गया। चाकू तौहीद के पीठ में लगी। ताबड़तोड़ कई वार किए गए। तभी ट्रेन रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ गई। अंदर दूसरे पक्ष के लोगों ने दोनों भाइयों को ट्रेन से नीचे फेंक दिया। जिसके चलते तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची निहालगढ़ रेलवे पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने तौहीद को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल तालिब को लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मोहम्मद तौसीफ का इलाज सीएचसी जगदीशपुर में चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने घायल से मुलाकात कर हाल-चाल जाना। उधर- घटना की सूचना तत्काल आरपीएफ जगदीशपुर द्वारा सुल्तानपुर आरपीएफ को दी गई और जीआरपी पुलिस तथा आफ ने मिलकर बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन के सुल्तानपुर पहुंचते ही पूरी बोगी को घेर लिया और चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।



**अपराध**

- सीट पर बैठने को लेकर विवाद उपरांत मारपीट में युवक की मौत
- चाकू से किए ताबड़तोड़ कई वार
- चार हिरासत में

### इटावा में बॉल के गले में फंसने से मासूम की मौत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** इटावा जिले के कोतवाली इलाके में चिप्स पैकेट में निकली खिलौने वाली रबर बाल के मासूम के गले में फंसने से मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि थाना कोतवाली क्षेत्र के नौरंगाबाद निवासी तस्लीम के चार साल के मासूम लड़के उस्मान के गले में बॉल फंसने से मौत हो गई। मासूम क्रैक्स खाते-खाते पैकेट में निकली बॉल भी खा गया, जिससे बॉल उसके सांस की नली में जाकर अटक गई। घर में कपड़े धो रही मां ने बच्चे की अचानक से बिगड़ती हालत देख आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। तस्लीम के दो बेटों में उस्मान बड़ा था और एक बेटा अभी डेढ़ साल का ही है।

## भारतीय वायुयान विधेयक पर संसद की मुहर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राज्यसभा ने गुरुवार को भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ इसपर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है।

नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडु ने सदन में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर दो दिन में लगभग छह घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कि विधेयक का नाम भारतीय भाषाओं के अनुरूप है। देश में विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। देश के विकास के साथ इस क्षेत्र में भी वृद्धि हो रही है। देश में नये हवाई अड्डे बनाये जा रहे हैं। यह विधेयक भारतीय वायुयान अधिनियम



1934 का स्थान लेगा। श्री नायडु ने कहा कि उडान योजना ने देश में नागरिक उड्डयन क्षेत्र के परिदृश्य में भारी बदलाव हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं के अनुरुप देश के उड्डयन को बनाने की जरुरत है। इसलिए यह विधेयक लाया गया है। विधेयक में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। इसमें यात्रियों की निजता बनाये रखने का प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन के परिचालन और संचालन को भली भांति परिभाषित किया गया है।

### तटरक्षक बल ने भारतीय पोत के चालक दल के 12 सदस्यों को बचाया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने उत्तरी अरब सागर में डूबे भारतीय पोत एमएसवी अल पिरानपीर के चालक दल के 12 सदस्यों को बचा लिया है। तटरक्षक बल के प्रवक्ता ने गुरूवार को बताया कि इस अभियान में पाकिस्तान की समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने भी अच्छा सहयोग किया। अभियान के दौरान दोनों देशों के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र निरंतर एक दूसरे के संपर्क में रहे। भारतीय पोत अल पिरानपीर पोरबंदर से रवाना हुआ था और ईरान के बंदर अब्बास जा रहा था। यह बुधवार की सुबह समुद्र में उथल-पुथल और बाढ़ के कारण डूब गया था। चालक दल के सदस्यों ने जहाज को छोड़कर एक छोटी सी नाव में शरण ले ली थी।

## भारत को सामाजिक सुरक्षा कदमों के लिए मिला वैश्विक पुरस्कार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत को एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए 2024 के अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (आईएसएसए) गुड प्रैक्टिस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार सऊदी अरब के रियाद में क्षेत्रीय सामाजिक सुरक्षा फोरम में आईएसएसए के अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद अज़मान द्वारा प्रदान किया गया।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को संचार चैनल, ई-कार्यवाही : न्याय प्रदान करने में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग, व्यापक जिला आउटरीच कार्यक्रम (निधि आपके निकट), बहुभाषी कॉल सेंटर और प्रयास पहल के लिए पांच योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त हुए। ईपीएफओ की ओर से ईएसआईसी के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह ने ये पुरस्कार प्राप्त किए।




### एलएसी पर बनी 2020 से पहले की स्थिति डब्ल्यूएमसीसी में भारत-चीन ने की पुष्टि

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत-चीन 'सीमा मामलों पर परामर्श एवं समन्वय के लिए कार्य तंत्र' (डब्ल्यूएमसीसी) की 32वीं बैठक गुरुवार को नई दिल्ली में हुई। इसमें दोनों पक्षों ने अग्रिम तैनाती को हटाए जाने से जुड़े हालिया समझौते पर मुहर लगाई। विदेश मंत्रालय का कहना है कि इससे 2020 में भारत-चीन के बीच उभरे सीमा विवाद के समाधान का काम पूरा हो गया है। विदेश मंत्रालय ने डब्ल्यूएमसीसी की बैठक के बाद एक वक्तव्य जारी कर इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार बैठक में विशेष प्रतिनिधियों की अगली बैठक से जुड़ी तैयारियां भी की गईं।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने के उपायों में सशर्त ढील की अनुमति

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गंभीर स्तर के वायु प्रदूषण से निपटने के उपायों में कुछ शर्तों के साथ ढील देने गुरुवार को अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की गुहार पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण-4 से 2 तक नीचे जाने की अनुमति दी। न्यायालय ने हालांकि सीएक्यूएम से कहा कि उसे चरण 3 से कुछ अतिरिक्त अतिरिक्त उपाय लागू करने होंगे। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट करते हुए कहा कि जब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 से ऊपर जाने की स्थिति में हो तो एहतियातन जीआरएपी चरण 3 तुरंत लागू करना होगा। अगर किसी दिन एक्यूआई 400 को पार करे तो जीआरएपी चरण 4 को फिर से लागू किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ढील देने संबंधी गुहार ठुकरा दी थी।



### अयोध्या में हॉट बैलून सेवा शुरु

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या की भव्यता अब आसमान से ही पर्यटक देख सकेंगे। अयोध्या में हॉट एयर बैलून सेवा की शुरुआत हुई है। इस बैलून में बैठने के बाद सैलानी 250 फीट की ऊंचाई से अयोध्या का भव्य नजारा देख सकेंगे। सरयू सलिला स्थित नया घाट हैलीपैड पर अयोध्या नगर विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, अयोध्या के मण्डलायुक्त गौरव दयाल एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बुधवार देर शाम इसका शुभारम्भ किया है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी पाण्डेय ने बताया कि हॉट एयर बैलून एवं एडवेंचर स्पोर्ट्स यह है। इसमें दस मिनट की साइड होगी। इसमें बैठने के बाद ऊपर से रामलला का मंदिर, कनक भवन व सरयू का अद्भुत नजारा दिखायी पड़ेगा, जिसमें 999 रुपये प्रति व्यक्ति का खर्च आयेगा। इसमें एक साथ चार लोग ही बैठ सकेंगे, जिसमें एक पायलट भी होगा।



**सहूलियत** | निवेश मित्र पोर्टल पर जल्द ही बैंकिंग लेनेदेन शुल्क को हटाने की योजना

# निवेश मित्र पोर्टल पर नहीं लगेगा बैंकिंग लेनदेन शुल्क

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में निवेश और व्यापार सुविधा को सुव्यवस्थित करने के लिए योगी सरकार निवेश मित्र पोर्टल पर जल्द ही बैकिंग लेनेदेन शुल्क को हटाने की योजना बना रही है।

देश के सबसे बड़े सिंगल विंडो पोर्टल में से एक, निवेश मित्र 42 विभागों की 500 से अधिक ऑनलाइन सेवाएँ प्रदान कर रहा है, जो राज्य में व्यापार करने व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। निवेश मित्र के सुचारू संचालन के लिए नोडल एजेंसी 'इन्वेस्ट यूपी', उद्यम स्थापना को सुविधाजनक बनाने और निवेश प्रक्रियाओं में तेजी लाने के लिए पोर्टल के पेमेंट गेटवे विकल्पों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में आज इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न बैंकों के अधिकारी जिनमें एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एयू बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडसइंड बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक के साथ इन्वेस्ट यूपी के वित्त नियंत्रक विश्वजीत राय और अन्य अधिकारी मौजूद थे। श्री प्रकाश ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि शीघ्र ही सभी बैंक निवेश मित्र पोर्टल बैंकिंग गेटवे लेनदेन पर कोई शुल्क नहीं लेंगे, जिससे निवेशकों और आवेदकों/नागरिकों के लिए सभी के लिए सुविधा होगी और लेन-देन नि:शुल्क हो जाएंगे। यह बताया गया कि वर्तमान में आईसीआईसीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी बैंक पेमेंट गेटवे के रूप में सूचीबद्ध थे, जो डेबिट कार्ड, यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड सहित सुरक्षित भुगतान विकल्प प्रदान करते हैं। अब कुल 11 बैंक पेमेंट गेटवे सुविधा देंगे जिनमे एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एयू बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडसइंड बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक आदि शामिल है। निवेश मित्र पोर्टल पर जल्द ही 11 बैंक पेमेंट गेटवे के रूप में शामिल होंगे। निवेश मित्र पोर्टल ने उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वर्ष 30 नवंबर तक, पोर्टल के माध्यम से 2.6 लाख से अधिक लेनदेन संपादित किए गए हैं, जो राज्य की आर्थिक वृद्धि में इसके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करता है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म को निवेशकों और व्यवसायों से मजबूत समर्थन प्राप्त करना जारी है, जो भारत में एक अग्रणी निवेश गंतव्य के रूप में राज्य की स्थिति को मजबूत करता है। ज्ञात हो कि निवेश मित्र पोर्टल पर विभिन्न विभागों की सेवाओं हेतु निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा करने की सुविधा उपलब्ध है।



# गिरोहबंद आरोपी के विरुद्ध जिलाधिकारी की बड़ी कार्रवाई

- न्यायालय के आदेश पर ग्राम भुडवारा के मतीन की 5.43 करोड़ की संपत्ति कुर्क, ग्राम भुडवारा के अब्दुल गनी की दस लाख की संपत्ति कुर्क



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी के आदेश पर गिरोहबंद एवं सामाजिक क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत दो आरोपी के विरुद्ध कडी कार्रवाई की गई। आरोपियों में एक आरोपी की तकरीबन 5 करोड 43 लाख की संपत्ति, जबकि दूसरे आरोपी अब्दुल गनी की करीब दस लाख की सपंत्ति की कुर्की की कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में तहसीलदार सुखबीर सिंह ने तहसील प्रशासन के अमले व सुरक्षा व्यवस्था के अनुपालन में पुलिस क्षेत्राधिकारी गवेन्द्र पाल गौतम ने पर्याप्त पुलिस बल के साथ गुरुवार को ग्राम भुडवारा में डुग्गी पिटवाकर आरोपी मतीन, अब्दुल गनी के कब्जे की तकरीबन 5 करोड 55 लाख की संपत्ति की कुर्की कार्रवाई की। इसी कडी में एक भूमि के विक्रेता चंद्रिका से उक्त द्वारा खरीदी गई भूमि की भी कुर्की कार्रवाई की गई। प्रशासनिक अमले ने कुर्की कार्रवाई के साथ कुर्की की गई भूमि पर किसी प्रकार की खेती किए जाने के साथ जमीन के क्रय विक्रय पर भी पाबंदी के बैनर लगवाए है। इस मौके पर एसएसआई देवेन्द्र कुमार सिह सहित पुलिस व तहसील प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी व महिला पुलिस बल मौजूद रहा।

## बाइकसवार ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को मारी जोरदार टक्कर

**निघासन खीरी।** सिंगाही थाना क्षेत्र के बेलरायां पनवारी मार्ग पर स्थित सिंगाही कस्बे के दिनेश सिंह पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार एक बाइक सवार ने पैदल जा रहे एक बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया, सूचना के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन में भर्ती कराकर बुजुर्ग की शिनाख्त शुरू कर जांच पड़ताल शुरू कर दी, अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया जहां पुलिस ने मृतक को आवश्यक कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। सिंगाही थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि कस्बे में एक्सीडेंट की सूचना मिलने पर पुलिस को मौके पर भेजकर बुजुर्ग को गंभीर रूप से घायल अवस्था निघासन अस्पताल भेजा गया था, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है, फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग गम्भीर रूप से घायल

- बांकेगंज के संसारपुर तिराहे के निकट हुआ हादसा

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बांकेगंज में संसारपुर तिराहे के निकट दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में 2 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये व 2 को मामूली चोट आयी है। घायलों को बांकेगंज सीएचसी पर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर घायलों को ओयल ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। गम्भीर घायलों में चुराईपुर दाउदपुर निवासी अनूप कुमार उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश और बांकेगंज के देवीपुर गाँव निवासी वेदप्रकाश के सिर गंभीर चोटे आई हैं। हादसे में दोनों बाइक भी



बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने दोनों बाइक को बांकेगंज चौकी में खड़ी करवा दिया है। घटना लगभग 2 बजे की है जब अपनी ससुराल आये अनूप कुमार अपने साले रमन कुमार और गांव के ही सुभाष के साथ बाइक से बांकेगंज की ओर से आ रहे थे । दूसरी ओर से वेदप्रकाश भी देवीपुर से बांकेगंज आ रहा था। जब दोनों बाइक एवन टेंट हाउस के निकट पहुंची तो आपस में टकरा गयी। टक्कर में दोनों लोग सड़क पर गिरे। स्थानीय लोग दोनों को बांकेगंज सीएचसी लेकर आये। जहां से प्राथमिक इलाज कर दोनों को ट्रामा सेंटर भेजा गया है । वही मामूली रूप से घायल रमन कुमार और सुभाष ने बताया कि जिस बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मारी है , वह काफी शराब पिये हुए था। उसकी के चक्कर में यह सब हुआ है और अनूप की हालत गम्भीर बनी हुई है।

# प्रधान पुत्र सहित अन्य साथियों पर सचिव की पिटाई कर कपड़े फाड़ने का आरोप

- प्रधान ने भी अपने पुत्र के साथ अभद्रता करने का लगाया सचिव पर आरोप
- ईसानगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत खमरिया पंडित का मामला

**ईसानगर खीरी।** ईसानगर विकासखंड की ग्राम पंचायत खमरिया पंडित के प्रधान पुत्र ने किसी बात को लेकर सचिव की पिटाई कर कपड़े तक फाड़ दिए। इतना ही नहीं गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी है। मामले की जानकारी होने से जिले भर के सचिवों में आक्रोश पनप गया।

> संबंधित मामले में प्रथम प्रार्थना पत्र ग्राम विकास अधिकारी द्वारा प्राप्त हुआ है जिसके आधार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है, जांच कर न्याय पूर्ण कार्यवाही होगी।
> – विवेक कुमार उपाध्याय थाना प्रभारी खमरिया।
>
> ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा सूचना प्राप्त हुई है मामला बेहद खेत जनक है। संबंधित मामले में दोषी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही होगी।
> –प्रदीप कुमार चौधरी खंड विकास अधिकारी ईसानगर

प्रताड़ित सचिव विकास भवन पहुंचकर मामले के बारे में डीपीआरओ को जानकारी देकर खमरिया थाने में तहरीर दी है, और कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत खमरिया पंडित में तैनात सचिव ललकार सिंह यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बुधवार दोपहर करीब 12 बजे ग्राम पंचायत खमरिया पंडित के पंचायत भवन में सरकारी कार्य कर रहे थे। इस दौरान प्रधान पुत्र आकर अभिलेख देखकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। आरोप है कि इसका जब विरोध किया तो तमाचा मारकर कपड़े तक फाड़ दिए और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। सचिव के प्रार्थन पत्र पर खमरिया थाना पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की। इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि ने भी सचिव पर बेटे के साथ मारपीट और अब बात करने का आरोप लगाते हुए संबंधित थाने में प्रार्थना पत्र दिया।

# कृषि सूचना तंत्र का शुद्धीकरण एवं कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड मितौली परिसर में कृषि सूचना तंत्र का शुद्धी करण एवं कृषि जागरूकता कार्यक्रम कृषि विभाग द्वारा आयोजित किया गया। विकास खंड स्तरीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी, नेशनल मिशन एडिबिल आयल (आयल सीड्स) के अंतर्गत तिलहन मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर द्वारा कार्यक्रम व प्रदर्शनी का फीता काट कर शुभारंभ किया गया। कार्यकृम का आयोजन कृषि विभाग द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जुगल किशोर ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित, दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का



शुभारंभ किया। सहायक विकास अधिकारी कृषि नैमिष कुमार ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने अपने बजट का 90 प्रतिशत किसानों के लिए निर्धारित किया है। किसान सम्मान निधि, महिलाओं को उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, नारी सशक्तीकरण, लखपती दीदी, जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की है। कृषकों के हित में संचालित योजनाएं चलाकर कृषक एवं महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का कार्य किया है। बी टी एम हर्जेश सिंह द्वारा कृषि विभाग से संचालित योजनाएं जैसे पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना, कृषक रजिस्ट्री सम्बद्धीकरण आदि योजनाओं पर विस्तृत चर्चा कर कृषको को जानकारी दी गई। अन्य योजना कृषक उत्पादक संगठन के कोऑर्डिनेटर व डायरेक्टर नीरज मिश्र एवं विनोद मिश्र द्वारा कृषकों को उत्पादन संबंधित जानकारी दी गई। कृषि रक्षा इकाई मितौली के प्रभारी अमित बाजपेई द्वारा बीडी बीटी कृषि योजना, बीज शोधन ,आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक विकास अधिकारी ऋषि नैमिष कुमार सहकारिता विभाग द्वारा विभिन्न प्रजातियों की एवं कृषि विविधी करण आदि पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कृषक गोष्ठी में सम्मानित कृषक बंधुओ के साथ महिला किसानों ने भी भागीदारी की। गोष्ठी में कृषि विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पराली जलाने की घटनाओं पर लगा अंकुश

- प्रशासन की पहल पर गांवों में दिखने लगे पराली के ढेर

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

अधिकारियों के दिशा निर्देशन और कृषि विभाग के जिम्मेदारों की कड़ी निगरानी से अरसे बाद खेती में बदलाव आया है। इस बार पराली जलाने की बहुत कम खबरें आई। जबकि क्षेत्र के अधिकांश भूभाग में धान की खेती हुई थी। इस बार किसानों ने पराली बटोर कर गांवों के किनारे ढेर लगाए हैं। किसानों की इस कवायद से पहले जैसे खेत-खलिहान में पराली के ढेर लगे नजर आने लगे हैं।

प्रशासन एवं अधिकारियों द्वारा पराली जलाने से रोकने के लिए किसानों को जागरूक किया गया, इसे ठिकाने लगाने के विकल्प बताए गए,खेतों में रोटावेटर,हैप्पी सीडर,स्ट्रा रीपर का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। वेलर मशीन से खेतों में पराली समाप्त करने के लिए किसानों को बताया गया। जिसका फायदा यह हुआ कि किसान जागरूक हुए और उन्होंने पराली खेतों में न जलाकर उसे एकत्रित कर खाली पड़े खलिहानों में ढेर लगा दिए। जिससे विभागीय अधिकारी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि इससे मिट्टी में सल्फर की मात्रा बढ़ जाएगी इसका फायदा गेहूं, मसूर, सरसों मटर में दिखाई देगा। पराली को खेतों में सडाने से सल्फर की मात्रा बढ़ जाती है जिससे फसलों पर रोग का प्रकोप कम होता है। जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होती है।



> गेहूं बुआई के लिए 20 से 25 डिग्री सेल्सियस तापमान आवश्यक है। प्रशासन की पहल के साथ ही अधिकारियों द्वारा किसानों को जागरुक किए जाने से किसानों ने पराली नहीं जलाई। जो पर्यावरण के लिए अच्छी बात है। मध्यम तापमान में गेहूं की बुवाई करने से बीज के अंकुरण तेजी से होते हैं पौधों में भी ग्रोथ काफी तेजी से होता है।
> – अरविंद चौधरी
> जिला कृषि अधिकारी, लखीमपुर खीरी

**मोबाइल लूट गिरोह अरेस्ट**

# धौरहरा कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े तीन आरोपी

- लूटे गए मोबाइल को पुलिस ने किया जब्त

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

आम जन से मोबाइल लूटने वाले गिरोह को गिरफ्तार करने में धौरहरा पुलिस को सफलता मिली है। इस दौरान धौरहरा पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। धौरहरा पुलिस ने क्षेत्र में हो चुकी मोबाइल लूट काण्ड के संदर्भ मे घेराबंदी करते हुए तीन आरोपियों को क्षेत्र के रंजीत गंज पुल के पास से गिरफ्तार किया है।

कोतवाली में प्रेस वार्ता करते हुए प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा ने बताया कि सिसैया से आटो से आते



वक्त बाइक सवार तीन युवकों ने सैमसंग मोबाइल लूट लिया जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में टीमें गठित कर तीन लोगों के पास भिन्न-भिन्न स्थानों से चोरी किए 5 मोबाइल फोन, एक पर्स, इण्डियन बैक की पासबुक, एक तमंचा 12 बोर 2 कारतूस,घटना में प्रयुक्त काली मोटरसाइकिल सुजुकी नंबर यूपी-34 ए एस-0339 बरामद कर अभियुक्त ओम गुप्ता उर्फ दीपांशु पुत्र स्व. शिव नारायण, विष्णु तिवारी उर्फ बृजेश पुत्र मुकेश, संग्राम सिंह पुत्र राजकुमार निवासी मोहल्ला सुभाष नगर, देवकली रोड कोतवाली सदर खीरी को क्षेत्र के रंजीत गंज पुल के पास की गई चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया।

> कोतवाल सुरेश मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों द्वारा कोतवाली सदर, खमरिया,सिधौली, मिहींपुरवा, बहराइच में लूट की घटनाएं कारित की गई है।

## राम विवाह के तीसरे दिन पुष्प वाटिका और नगर दर्शन का किया गया वर्णन

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** देखों भैय्या लक्ष्मण वाटिका निहार ऐ कही घुघरू करेला झनकार। झनझन बाजी ली पयलिया बरबस रस का परेला झनकार। सादुल्ला नगर ग्राम पंचायत भिरवा के नौडीहवा में हो रहे राम विवाह महोत्सव के तीसरे दिन अयोध्या से आई रामलीला कमेटी द्वारा अयोध्या और मिथिला की उन अद्भुत घटनाओं की ओर, जहां पुष्प वाटिका और नगर दर्शन के जरिए राम और सीता का मिलन हुआ। मिथिला की पुष्प वाटिका, जहां सीता माता फूल तोड़ने आई थीं। उस समय प्रकृति भी मानो उनके स्वागत में सजी-संवरी प्रतीत हो रही थी। हर तरफ रंग-बिरंगे फूल खिले हुए थे, वातावरण में मधुर खुशबू फैली थी। यहीं भगवान राम और सीता का पहली बार सामना हुआ। राम ने सीता को देखा और उनके रूप पर मोहित हो गए। यह पल न केवल उनका प्रथम मिलन था। बल्कि मानव जीवन में प्रेम और आदर्श का एक प्रतीक भी बन गया। पुष्प वाटिका की घटना के बाद राम और लक्ष्मण ने गुरु विश्वामित्र के आज्ञा पर मिथिला के नगर का भ्रमण किया। नगर मिथिला नगरी की सजावट, लोकगीतों की ध्वनि और वहां के लोगों की उमंग ने भगवान राम को मंत्रमुग्ध कर दिया। जनकपुर की गलियां और महल पूरी तरह से राम विवाह की तैयारियों से सजी हुई थीं। हर तरफ एक दिव्य माहौल था, जिसमें संस्कृति और परंपराएं जीवंत हो उठीं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** गुरुवार को शहर के गोला अलीगंज मार्ग पर एक युवक की सडक हादसे में मौत हो गई। मृतक की उम्र तकरीबन 28 वर्ष बताई जा रही है लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। गोला अलीगंज मार्ग पर मंडी के समीप गुप्ता कालोनी के मोड पर एक युवक टैक्टर टाली की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया।

# ऐतिहासिक झोलहू बाबा मेला में मारपीट के बाद मचा बवाल

**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

निघासन इलाके के रकेहटी देहात में लगने वाले ऐतिहासिक झोलहू बाबा मेला में कुछ अराजकतत्वों के द्वारा मेले में लगे झूले पर झूला संचालकों से मारपीट का मामला सामने आया। झूला संचालक का कहना है कि मारपीट से ड्राइवर का झूले पर से नियंत्रण हट गया जिससे झूले से उतर रही रकेहटी कस्बे के सुभाष नगर निवासी राजू ठठेर की बेटी अर्पिता उम्र लगभग 11वर्ष झूले से उतरते हुए झूले में ही फंस गई, और वह झूले के साथ ही ऊपर चली गई, जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें झूला संचालकों और ठेकदार की सूझ बूझ से बच्ची को बड़ी ही



सावधानी पूर्वक सकुशल झूले से उतार लिया गया। मामले में झूला संचालकों से मारपीट की सूचना पर मेले में तैनात मेला इंचार्ज सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया, जहां अराजकतत्वों ने पुलिस के साथ धक्का मुक्की के साथ मारपीट करने की भी कोशिश की, जिसके बाद मौके पर पहुंची फोर्स ने तीनों लड़कों को हिरासत में लेकर निघासन कोतवाली ले आई, जहां पुलिस ने सभी लड़कों को रात में ही छोड़ दिया। गुरुवार की सुबह एसडीएम राजीव निगम सहित सीओ महक शर्मा दल बल के साथ मेला पहुंच गई, जहां सुरक्षा की दृष्टिगत मेले में झूला बंद करवा दिया। निघासन एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि मेले में बिना पूर्व अनुमति के मेले झूले, मौत का कुआं आदि चल रहे थे, जिसे बंद करवा दिया गया है।

## भाई-भाई में पैत्रक संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद से पति-पत्नी परेशान

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** पैत्रक संपत्ति को लेकर भाई भाई में लालच इस कदर बढा कि एक भाई ने दूसरे भाई को जबरन बीमार बताते हुए सीएचसी गोला से लखनऊ रेफर कराकर वहां उपचार के लिए भर्ती करा दिया। पीडित भाई तेजकरन की पत्नी रामश्री का आरोप है कि इस दौरान उसके पति की पिटाई व प्रापर्टी लिखने के लिए धमकाया गया। जिससे उसके पति की हालत निरंतर खराब होती जा रही है। पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में रामश्री पत्नी तेजकरन निवासी शास्त्रीनगर मोहम्मदी रोड ने बताया। कि उसके पति व लालाराम सगे भाई है। उसके कोई वारिस नहीं है। जबकि लालाराम के पांच पुत्र है। सभी लोग पैत्रक मकान शास्त्रीनगर निकट मोहम्मदी रोड पर रहते है। पैत्रक मकान में उसका एक बटा दो हिस्सा और खेती योग्य सात बीघा जमीन है। इसे लेकर आए दिन विपक्षी और उसके बेटै उसे गाली गलौज, मारपीट व जान की धमकी सहित साजिश रचते रहते है। इस सब के चलते वह और उसका पति बीमार हो गए। करीब एक वर्ष मेडिकल कालेज लखनऊ में उपचार चल रहा है। लालाराम के बेटे मिश्रीलाल, गुडडू ने उसके पति तेजकरन को जबरन 22 अक्टूबर 2024 को दोपहर दो बजे पीएचसी गोला ले गए। इसके बाद तबियत खराब होने पर बलरामपुर अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया। पीडिता ने आरोप लगाया है कि उसे आशंका है कि रास्ते में उनके साथ मारपीट गाली गलौज की गई। इसके बाद 29 अक्टूबर को जब वह लखनऊ अस्पताल पहुंची। तब उसके पति ने उसे पूरा वाक्या बताया। कि मिश्रीलाल, गुडडू व अनूप कुमार ने उसके पेट पर घूसों से मारा तथा अपनी सारी संपत्ति उनके नाम लिखने के लिए धमकाया। पीडिता ने पुलिस को 4 नवंबर को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उद्घाटन मैच में कड़े संघर्ष के बाद ट्राईबेकर में लखनऊ टीम विजेता

- फुटबाल टूर्नामेंट के उद्घाटन में पहले दिन चार टीमों ने किया प्रतिभाग
- पहले मैच में लखनऊ विजेता, दूसरे मैच में ब्रदर्स क्लब गोला जीता

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

स्वर्गीय अरविंद गिरि आल इंडिया फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ पहले मैच का उद्घाटन कर आरंभ किया गया। पहला मैच स्पोर्ट क्लब लखनऊ व बेला परसुआ के मध्य खेला गया। जिसमें दोनों टीमे रोमांचक मुकाबले के साथ कड़े संघर्ष के चलते एक एक गोल से बराबरी पर रही। इसके बाद ट्राईबेकर में लखनऊ की टीम विजेता घोषित की गई। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, गोला विधायक अमन गिरि, विशिष्ट अतिथि लोकेन्द्र प्रताप सिंह विधायक मोहम्मदी, सौरभ सिंह सोनू विधायक कस्ता, विजय कुमार शुक्ला अध्यक्ष नगर पालिका गोला, आनंद वर्मा पुत्र योगेश वर्मा विधायक लखीमपुर, शरद बाजपेई पूर्व जिलाध्यक्ष, डा बच्चू सिंह, विमल वर्मा ब्लाक प्रमुख कुंभी, वीरेन्द्र भूषण, सुरजनलाल वर्मा, श्रीराम पांडे, सत्यप्रकाश अग्रवाल, आशीष सिंह, अफजल खान, बीए खान, रामगुलाम पांडे, जनार्दन गिरि, मधुसूदन गिरि, धर्मेन्द्र गिरि, भोली गिरि, कफील अहमद, विश्वनाथ सिंह, आनंद सोनी, विनय गुप्ता, अवधेश मिश्रा, पंकज गुप्ता, अकील अहमद, शब्बन खां, रियाजुददीन, कमाल अहमद, मनोज गिरि ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल मैदान पर दोनो टीमों के खिलाडियों से परिचय लेने के बाद बाल पर किक लगाकर खेल का शुभारंभ किया। पहले मैच में दोनों टीमें कडे संघर्ष के बाद हुए टाइबेकर में लखनऊ की टीम विजेता रही।



दूसरा मैच आरएफसी गोला व ब्रदर्स क्लब गोला के मध्य खेला गया। मैच के मुख्य अतिथि मुख्य आयोजक विधायक अमन गिरि ने दोनो टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। खेल मैदान पर कड़े रोमांचक मुकाबले के साथ खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। करीब पहले हाफ तक दोनों टीमें बराबरी पर रही। इसके बाद दोनो टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी टीमों के साथ गुप्त मंत्रणा कर रणनीति बनाई। हाफ के बाद शुरु हुए मैच में खिलाड़ियों ने जमकर प्रतिभा का प्रदर्शन कर पासा पलटते हुए ब्रदर्स क्लब गोला की टीम के खिलाड़ियों ने आरएफसी गोला को दो शून्य से मात देते हुए विजेता घोषित की गई। इस मौके पर खेल प्रेमियों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### 12 दिसंबर तक चलेगा टूर्नामेंट, कई प्रदेशों की टीमें करेगी प्रतिभाग

**स्वर्गीय** अरविंद गिरि आल इंडिया फुटबाल टूर्नामेंट का आठ दिवसीय गुरुवार से उद्घाटन मैच के साथ आरंभ किया गया। आयोजन समिति के मंत्री धर्मेन्द्र गिरि मोंटी ने बताया कि टूर्नामेंट में शहर सहित कई प्रदेशों की कुल 14टीमें प्रतिभाग करेगी। जिसमें गोला, शाहजहांपुर, सैफई हास्टल, लखनऊ एलेवन लखनऊ, बहराईच, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश पुलिस, गौरीफंटा, शकुंतला एकेडमी पटना बिहार, बालाघाट मध्यप्रदेश, सिरसा फुटबाल क्लब चक्रधरपुर झारखंड, सुरक्षेत्र क्लब उत्तराखंड, केएमएस डब्ल्यूसी मणिपुर, सीवान बिहार की टीमें प्रतिभाग करेगी। 12 दिसंबर को टूर्नामेंट का समापन समारोहपूर्वक किया जाएगा।

उत्तराखण्ड शासन

# संकल्प नये उत्तराखण्ड का



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्री केदारनाथ धाम का हुआ भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण कार्य। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन के बाद मानसखंड यात्रा को मिली नई पहचान।
- चार धामों की कनेक्टिविटी के लिए ऑल वेदर रोड का हुआ निर्माण। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेललाइन का निर्माण कार्य तथा टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन सर्वे का कार्य गतिमान।

नीति आयोग द्वारा जारी
सतत विकास खण्ड (एसडीजी)
इण्डेक्स 2023-24 में

## उत्तराखण्ड देश में प्रथम


गरीबी उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य एवं जीवन, गुणवत्ता परक शिक्षा, स्वच्छ जल, क्लीन एनर्जी जैसे सतत विकास लक्ष्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन।

**विकसित भारत, सशक्त उत्तराखण्ड**

### विकसित भारत - सशक्त उत्तराखण्ड

- स्मार्ट औद्योगिक शहर के रूप में विकसित होगा उत्तराखण्ड का खुरपिया फार्म, 15 हजार करोड़ का निवेश, 50 हजार से अधिक रोजगार।
- प्लास्टिक कचरे के निस्तारण के लिए डिजिटल रिफंड सिस्टम।
- युवाओं के लिए समर्पित सरकार, 16 हजार से अधिक सरकारी रोजगार।
- उत्तराखण्ड की 4000 महिला अभ्यर्थियों के लिए टाटा समूह में नौकरी के अवसर सृजित।
- राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी सेवा में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू।
- राज्य के 2871 विद्यालयों में मिड-डे मील के लिए गैस चूल्हे-सिलेण्डर की व्यवस्था।
- उत्तराखण्ड के जैविक प्राकृतिक उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने की मजबूत पहल।
- उत्तराखण्ड की क्षेत्रीय भाषाओं को लागत का 50 प्रतिशत अथवा 2 करोड़ तक सब्सिडी।
- हिन्दी एवं संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं की फिल्मों को लागत का 30 प्रतिशत अथवा 3 करोड़ तक सब्सिडी।
- उत्तराखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एम.एस.एम.ई) नीति के माध्यम से औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन।
- स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 200 करोड़ के वेंचर फण्ड की स्थापना।
- पारदर्शी-स्वच्छ शासन हेतु प्रतिबद्ध, 1905 सी.एम. हेल्पलाइन, 1066 एप भ्रष्टाचार की शिकायत हेतु।
- सैनिक पुनर्वास संस्था द्वारा राज्य के शहीद सैनिकों के आश्रितों को 10 लाख की सहायता का निर्णय।
- प्रत्येक विकासखण्ड में 5-5 आदर्श ग्रामों की स्थापना।
- दीन दयाल उपाध्याय होम-स्टे योजना के अन्तर्गत राज्य में 5000 से अधिक होम-स्टे पंजीकृत।
- उत्तराखण्ड पर्यटन नीति-2023 के द्वारा पर्यटन क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती।
- उत्तराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफ़र हुआ आसान।
- दिल्ली - देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य तेजी से जारी, 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- उत्तराखण्ड की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण।











सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

# 77 साल बाद रोशन हुआ गोंडा का बुटहनी वनटांगिया गांव

- बुटहनी वनटांगिया गांव में पहली बार पहुंची बिजली
- पहले मकान, जमीन रोजगार का साधन और अब बिजली पहुंची तो खिले गांववासी के चेहरे





**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा और उनके नेतृत्व में प्रदेश के पिछड़े और अति पिछड़े समुदायों को मुख्यधारा में जोड़ने के प्रयासों में एक और बड़ी सफलता मिली है। आज़ादी के 77 साल बाद गोंडा जिले के बुटहनी वनटांगिया गांव में पहली बार बिजली पहुंची है। यह गांव अब दूधिया रोशनी से जगमगा रहा है जिससे यहां के निवासियों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

गोंडा जिले के छपिया ब्लॉक स्थित बुटहनी वनटांगिया गांवए जो जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर हैए वर्षों से विकास की मुख्यधारा से कटा हुआ था। अंग्रेजों द्वारा जंगलों में बसाए गए इस समुदाय को लंबे समय तक अधिकारों और मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया। पांच वर्षों के लिए एक जगह पर बसाए जाने के बाद इन्हें बार-बार विस्थापित किया जाता था। घासफूस के मकानों में रहने वाले इन लोगों को जीवनयापन के लिए जलौनी लकड़ी पर निर्भर रहना पड़ता था। 2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन वनटांगिया गांवों को राजस्व ग्राम घोषित कर विकास की प्रक्रिया की नींव रखी। इस पहल के तहत समुदाय को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर, जमीन का मालिकाना हक, पीने का पानी और रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। इन योजनाओं ने पहली बार वनटांगिया समुदाय को स्थिरता और अधिकार दिलाए।

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गोंडा में इस समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए। इसी कड़ी में छपिया के बुटहनी वनटांगिया गांव को रोशन किया है। पहली बार इनके घरों में बिजली पहुंची है। गांव में अंधेरे का युग समाप्त हुआ और एक नए बदलाव की शुरुआत की गई है। जिलाधिकारी ने कहा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि हर समुदाय को लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। बुटहनी गांव में बिजली पहुंचाने से ग्रामीणों का जीवन बदला है।

### गांववासियों में खुशी, उम्मीदों का नया सवेरा

बिजली पहुंचने के बाद गांव में पहली बार बल्ब की रोशनी देख ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। मीना जो गुलाब स्वयं सहायता समूह की संचालिका हैं ने कहा पहले अंधेरे में घर से बाहर निकलने में डर लगता था। अब हमारी जिंदगी में उजाला और सुरक्षा दोनों आई हैं। गांव के बुजुर्ग नंद लाल ;60 वर्ष कहते हैं हमने अपना पूरा जीवन अंधेरे में बिताया लेकिन अब हमारी अगली पीढ़ी को रोशनी और विकास देखने का अवसर मिला है।

# डीआईजी देवीपाटन मंडल ने लगाई देहात कोतवाल की क्लास

- बोले, आगे से यदि ऐसा हुआ तो छम्य में नहीं होगा महिला की प्राथमिकी तुरंत दर्ज कर हमको करें सूचित



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** विगत 20 दिन पूर्व देहात कोतवाली अंतर्गत एक महिला का बैटरी रिक्शा का बैटरी चोरी हो गया जिसके लिए वह लगभग 20 दिनों से थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक तक के चक्कर लगा चुकी थी।

आज जब यह प्रकरण नवागत डीआईजी अमित पाठक के सामने पहुंचा उन्होंने देहात कोतवाल की क्लास लगाई और यह निर्देश दिया कि आगे से यदि ऐसा हुआ तो छम्य में नहीं होगा महिला की प्राथमिकी तुरंत दर्ज कर हमको सूचित करें उन्होंने वायरलेस पर यह निर्देश जारी किया कि इस बात को सभी थाना अध्यक्ष एवं चौकी इंचार्ज कायदे से सुन ले यदि दोबारा इस प्रकार का कोई भी प्रकरण हमारे संज्ञान में आया तो अच्छा नहीं होगा।

# बीएसए ने संवेदना व्यक्त कर की आर्थिक मदद

- नकद धनराशि मृतक शिक्षक के माता को दिया और कहा कि जितना भी विभागीय देयक है, वे सभी देयक तुरन्त दिलाएंगे



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** मृतक शिक्षक व एआरपी संतोष कुमार सिंह चैसार निवासी के घर जाकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ अजीत कुमार सिंह के साथ शोक संतप्त परिवार से तेरहवी कार्यक्रम मे मुलाकात की।

तथा संवेदना व्यक्त करते हुए निजी तौर पर नकद धनराशि मृतक शिक्षक के माता को दिया और कहा कि जितना भी विभागीय देयक है, वे सभी देयक तुरन्त दिलाएंगे। तथा उनके पाल्य को नियमानुसार अविलम्ब नियुक्ति दिया जाएगा। शोक व्यक्त करने वालों मे पूर्व सैनिक चैसार निवासी भारत भूषण सिंह,अनूप कुमार सिंह, शिक्षक कमलेश कुमार सिंह, विवेक सिंह, राहुल सिंह व अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# नवनिर्मित नाले के टूट जाने से आवागमन बाधित, हादसे को दे रहा दावत

**परसपुर/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत में परसपुर-बालपुर मार्ग से अंजही मोहल्ला रामजानकी मंदिर जाने वाले मार्ग पर कब्रिस्तान के पास नवनिर्मित नाले के टूट जाने से आवागमन बाधित है। बीते दिनों ट्रक गुजरते समय नाले का ढक्कन टूट गया था और ट्रक फंस गया था। टूटे हुए नाले को दुरुस्त नहीं कराया गया है,जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों व स्कूली बच्चों को कठिनाई होती है। इसी रास्ते पर दो इंटर कॉलेज, एक विद्यालय व एक परिषदीय विद्यालय सहित कई आवास भी हैं। ऐसे में नाला टूटने की वजह से घूम कर आना-जाना पड़ता है। टूटा हुआ नाला हादसे का कारण बन सकता है। वहीं जिम्मेदार जानबूझकर अंजान बने हुए हैं।

**समृद्धि न्यूज़ में छपी खबर का असर, उपायुक्त श्रम रोजगार ने किया कार्रवाई**

# विकासखंड पड़री कृपाल के ग्राम पंचायत दरियापुर हरदोपट्टी के प्रतिनिधि ने कहा था जब तक फलाने भैया रइहै तब तक हमार कोई कुछ कर न पाई

नरेंद्र लाल गुप्ता



**गोंडा समृद्धि न्यूज़।** विगत दिवस शीर्षक मनरेगा श्रमिकों की लगाई जा रही फर्जी हाजिरी की खबर को प्रकाशित किया था जिस पर उप श्रम आयुक्त रोजगार जनार्दन प्रसाद यादव के द्वारा संज्ञान लेकर दिनांक 3.12.2024 को पत्रांक 3302/ मनरेगा /प्रकाशित खबर निर्देश 2024 /25 के आधार पर खंड विकास अधिकारी/ कार्यक्रम अधिकारी /विकासखंड पंडरी कृपाल गोंडा को एक पत्र जारी किया गया है जिसमें साफ शब्दों में लिखा है ऐसे ग्राम पंचायत जहां कहीं डेढ़ सौ श्रमिक दिखाए जा रहे हैं कहीं 200 श्रमिक और उनका भुगतान भी बराबर किया जा रहा है पंड़री कृपाल ब्लॉक के ग्राम दरियापुर हरदोपट्टी का है मामला जिसमें प्रतिनिधि ने कहा था कि जब तक फलाने भैया रइहैं तब तक हमार कोई कुछ कर ना पाई। समाचार पत्र में दूसरा प्रकरण खंड विकास अधिकारी/ कार्यक्रम अधिकारी/ विकासखंड मनकापुर गोंडा से संबंधित है जिसमें ग्राम पंचायत हड़हवा में मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत द्वारा खोवा मार्ग से हाड़हवा संपर्क मार्ग से कब्रिस्तान तक मिटटी पटाई का कार्य उसी ग्राम पंचायत में डॉक्टर रामबालक के खेत से निकलकर प्रधानमंत्री सड़क तक पटाई का कार्य चल रहा है 28 नवंबर को समृद्धि न्यूज़ की हड़ताल में यह खुलासा हुआ प्रधान प्रतिनिधि आलोक त्रिपाठी द्वारा मनरेगा में इतना बड़ा भ्रष्टाचार किया जा रहा है उक्त प्रकाशित खबर शीर्षक के साथ प्रकरण से संबंधित वीडियो क्लिप प्राप्त हुई है जिसमें संदर्भित परियोजनाओं पर कार्यरत श्रमिकों से वार्तालाप वीडियो क्लिपिंग बनाई गई है अतः दोनों ही मामलों में प्रकाशित खबर शीर्षक की प्रति एवं वीडियो क्लिप आपको इस निर्देश के साथ प्रेषित किया जा रहा है प्रकरण की जांच स्वयं करते हुए प्रत्येक दशा में 03.12.2024 को अपरण 2:00 बजे तक गुणवत्तापूर्ण एवं निष्कर्षात्मक जांच आख्या फोटोग्राफ सहित उपलब्ध करायें तथा जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/ कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रस्ताव भी पृथक से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें उक्त आदेश उपायुक्त श्रम रोजगार जनार्दन प्रसाद यादव के द्वारा पारित किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### नाली विवाद को लेकर दबंगों ने वृद्ध महिला को पीटा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में नाली विवाद को लेकर एक व्रद्ध को मार पीट कर घायल कर दिया गया। इलाज के लिए उस को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने पर उस को लखनऊ मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। चार लोगों के खिलाफ में मार पीट का मुकदमा दर्ज कराया गया है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मलारी खदरहा गांव के निवासी 65 वर्षिय रोशन लाल को नाली विवाद में चार लोगो ने लाठी डंडा सरिया से हमला कर के घायल कर दिया गया। घायल अवस्था मे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने पर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। रोशन लाल के पुत्र शिव मूरत ने कोतवाली देहात में तहरीर देकर माया राम, रक्षा राम सन्त राम पुत्रगण राम धीरज व लवकुश पुत्र सन्त राम के खिलाफ में मार पीट का मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीड़ित शिव मूरत ने बताया कि पुलिस ने उस का मुकदमा सिर्फ मार पीट का मामूली धारा में दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आरोपियों की शीघ्र गिफ्तारी की जाएगी।

### पत्नी से बात करने के बाद पति ने लगाई फांसी

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक युवक ने पत्नी से बात करने के बाद फाँसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के लौवा टेपरा गांव के निवासी 20 वर्षीय सन्त राम पुत्र बाबू लाल ने बीती रात्रि करीब एक बजे घर मे कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। मृतक के बड़े भाई धन लाल ने बताया कि उस की शादी 12 जुलाई को किया था। एक माह पूर्व ही वह दिल्ली गया था। वहां पर मार्बल का काम करता था। दो दिन पूर्व ही दिल्ली से घर लौट कर आया था। मृतक की पत्नी काजल अपने मायके बेहड़ा चौबे गई थी। उसी को लेने गुरुवार को मृतक को जाना था। रात्रि में सन्त राम अपने पत्नी काजल से बात करने के बाद फाँसी लगा लिया।

### श्रीचंडी महायज्ञ का आयोजन 10 दिसंबर से

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के महसी तहसील क्षेत्र के पिपरिया स्थित माता चंडी मंदिर परिसर में आगामी 10 दिसंबर से श्री चंडी महायज्ञ का आयोजन होगा। जिसकी तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर में जोर-शोर से कार्य चल रहा है। आयोजक मां चंडी पीठ के पीठाधीश्वर महंत पं. मुकुंदराम मिश्र ने बताया कि इस महायज्ञ में प्रतिदिन पूजन-हवन, सायंकालीन भजन संध्या के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महंत श्री मिश्र ने बताया कि 10 दिसंबर की भोर में कलश स्थापना कर पूजन किया जाएगा, जिसके बाद यज्ञ के अनुष्ठान शुरू होंगे। इस आयोजन में भक्तों का उत्साह देखने को मिलेगा। 14 दिसंबर को सायं 7 बजे से विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रमुख रूप से राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।यह महायज्ञ क्षेत्रवासियों के लिए विशेष धार्मिक महत्व रखता है, और श्रद्धालु इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

# एफपीएलएमआईएस पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** परिवार नियोजन लॉजिस्टिक प्रबंधन सूचना प्रणाली-एफपीएलएमआईएस पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन होटल सेकेंड वाइफ, गोंडा में किया गया।

प्रशिक्षण में ए.आर.ओ., फार्मासिस्ट, बीपीएम और डीईओ शामिल रहे। एफपीएलएमआईएस का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. जयंत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य वर्मा, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक राहुल पटेल, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. देवेन्द्र, जनपद कार्यक्रम प्रबंधक अमरनाथ, डीआईसीआईपीएम डॉ आरपी सिंह, अवनीश एवं सलाउद्दीन लारी आदि उपस्थि रहे। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया से बी.के. जैन, स्मिता शुक्ला और अंबरीश पांडे दवारा प्रशिक्षण दिया गया।

अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण देवीपाटन मंडल ने परिवार नियोजन कार्यक्रम में आपूर्ति श्रृंखला के महत्व को समझाते हुए कहा कि आशा स्तर तक वस्तुओं की उपलब्धता और पहुंच में सुधार की प्रक्रिया में यह बहुत महत्वपूर्ण है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा ने गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की पहुंच में सुधार के लिए परिवार नियोजन परामर्श के महत्व पर चर्चा की। साथ ही फार्मासिस्ट को पोर्टल पर समय से इंडेंट और जारी करना सुनिश्चित करने और प्रत्येक स्तर पर बफर स्टॉक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य वर्मा ने एन.एस.वी. पखवाड़े की गतिविधियों, कंडोम बॉक्सों और पी.एम.एस.एम.ए., सी.आई.वी.एच.एस.एन.डी. और उपकेंद्र तथा स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों में ओ.पी.डी. के दौरान सभी लॉजिस्टिक्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर चर्चा की। प्रत्येक स्तर पर एफ.पी. लॉजिस्टिक्स सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया में बी.पी.एम., बी.सी.पी.एम. और फार्मासिस्ट की भूमिका पर भी जोर दिया। परिवार नियोजन अपना के मातृ मृत्यु मे लगभाग 30 प्रतिषत की कमी लाई जा सकती है, इसलिए गर्भवस्था की जांचो के साथ-साथ अंतराल विधियां परामर्श की भूमिका अत्यंत महतवपूर्ण हो जाती हैं।

# पिता-पुत्र ने व्यवसायी पर किया रॉड से हमला, केस दर्ज



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** शहर के घंटाघर सोनार मंडी में एक सर्राफा व्यवसायी ने दुकान के सामने पानी फेंक दिया। इससे नाराज पिता-पुत्र ने उसके सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

जिससे सर्राफा व्यवसायी लहूलुहान हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कोतवाली नगर के मोहल्ला नाजिरपुरा शरद साहू (34) पुत्र दिनेश साहू की सराफा की दुकान घंटाघर स्थित सोनार मंडी में है। शरद साहू ने बुधवार रात आठ बजे दुकान के सामने पानी फेंक दिया। जिस पर राम गोपाल रस्तोगी और उसके बेटे शुभम रस्तोगी ने विरोध करते हुए विवाद शुरू कर दिया। दबंग पिता-पुत्र ने सर्राफा व्यवसाई पर लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने सिर में गंभीर चोट लगने की बात कही। घायल के भाई करन साहू ने दोनों को नामजद करते हुए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने पिता पुत्र के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महाराज सिंह इण्टर कॉलेज में हुई विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता

- 35 विद्यालयों से 106 मॉडल के साथ 300 बच्चो ने किया प्रतिभाग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश तथा जिला विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महाराज सिंह इण्टर कालेज में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें 35 विद्यालयों से कुल 106 मॉडल के साथ लगभग 300 बच्चो ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता में विधायक सदर अनुपमा जायसवाल मुख्य अतिथि रहीं जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय सिंह उर्फ अज्जू रहे। जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में आश्रम पद्धति विद्यालय चिरैयाटांड की रूबीना, ए.डी. पब्लिक स्कूल, रुकनापुर की माहनूर, बाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज बहराइच की रिया सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच के चंदन यादव व सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज बहराइच के सुमित सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम 03 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रू. 5000, रू. 3000 व रू. 2000 तथा सांत्वना पुरस्कार के रूप में रू. 1000 तथा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# खड़े ट्रक से टकराई बस, एक यात्री की मौत, 11 घायल

**नानपारा लखीमपुर मार्ग पर गूढ़ पेट्रोल पंप पुलिया के पास हुआ हादसा**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के नानपारा-लखीमपुर खीरी हाइवे पर गुरुवार सुबह खड़े ट्रक से प्राइवेट बस टकरा गई। हादसे में बस सवार एक यात्री की मौत हो गई। जबकि 11 घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के नानपारा लखीमपुर मार्ग पर गूढ़ पेट्रोल पंप पुलिया के पास ट्रक संख्या यूपी 31 टी 3557 पहले से खड़ा था। पंजाब से बस संख्या पीबी 23 एम 8447 बढ़नी नेपाल के लिए जा रही थी। इस दौरान बस खड़े ट्रक में गुरुवार सुबह पांच बजे पीछे से जाकर टकराई। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को सीएचसी मोतीपुर पहुंचाया। यहां बस में सवार यात्री मांग बहादुर (62) पंखी बहादुर गणपति चौक जमालपुर लुधियाना की मौत हो गई। जबकि 11 बस यात्री घायल हो गए हैं। इन सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि गुरुवार सुबह हादसा हुआ है। बस पंजाब से बढ़नी नेपाल यात्रियों को लेकर जा रही थी। हादसे के बाद ट्रक भी पुलिया से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया है।

### बाइक सवार भी हुआ घायल

बस ने पीछे से ट्रक में टक्कर मारी। इसी बीच बाइक सवार भी टकरा गया। जिसके चलते बाइक सवार भी घायल हुआ है।

# 5.6 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन ए की खुराक

- सीएमओ ने किया बाल स्वास्थ्य पोषण माह अभियान का शुभारंभ बोले, बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है आयोजन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को मजबूत बनाने के लिए जनपद में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर बाल स्वास्थ्य पोषण माह अभियान की शुरुआत की गई।

विभिन्न ब्लॉकों में आयोजित कार्यक्रमों में प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। हुजूरपुर ब्लॉक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कैसरगंज ब्लॉक में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी और डब्ल्यूएचओ के एसएमओ की उपस्थिति में अभियान की शुरुआत हुई। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिंह ने बताया, बाल स्वास्थ्य पोषण माह अभियान बच्चों के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान के दौरान जिले में पांच लाख बासठ हजार पांच सौ आठ बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी, जो उनकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और कुपोषण से बचाने में सहायक होगी।

> बाल स्वास्थ्य पोषण माह न केवल बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य की ओर एक कदम है, बल्कि यह उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का माध्यम भी है। माता-पिता और समुदाय को इस अभियान का हिस्सा बनकर बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता देनी चाहिए।
>
> मोनिका रानी , जिलाधिकारी , बहराइच

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाने के लिए आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा, यह अभियान 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

विटामिन ए की खुराक न केवल उनकी आंखों की रोशनी और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है, बल्कि उन्हें डायरिया और खसरा जैसी बीमारियों से भी बचाती है। उन्होंने बताया कि इस अभियान को वीएचएसएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण दिवस) सत्रों के साथ जोड़ा गया है, ताकि समुदाय के अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंच बनाई जा सके। इसके माध्यम से बच्चों को विटामिन ए की खुराक के अलावा नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण परामर्श और प्रतिरक्षण सेवाएं भी दी जाती हैं।

# सिल्ट सफाई के नाम पर विभाग कर रहा मनमानी

- किसानों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय किसान यूनियन भानु नानपारा इकाई के पदाधिकारी एवं किसान कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत ब्लॉक नवाबगंज मुख्यालय स्थित बाबागंज परिसर में हुई।

अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पतीराम चौधरी ने किया। बैठक में सर्वप्रथम शासन द्वारा गौतमबुद्ध नगर में आंदोलनरत किसानों की गिरफ्तारी को लेकर निंदा प्रस्ताव किया गया। इसके साथ ही क्षेत्रीय नहरो में पानी न आने व सिल्ट सफाई के नाम पर भारी अनियमितता बरतने समेत सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। भाकियू भानु ब्लॉक इकाई नवाबगंज के किसान कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत ब्लॉक मुख्यालय बाबागंज में हुई। जिलाध्यक्ष पती राम चौधरी ने बताया कि प्रत्येक महीने में 5 तारीख को ब्लॉक मुख्यालय पर किसानों व आमजन की समस्याओं को लेकर मासिक पंचायत किया जाता है। बैठक में सबसे पहले गौतम बुद्ध नगर में किसानों के साथ हो रहे बवाल को लेकर निंदा प्रस्ताव किया गया। ज्ञापन पत्र मुख्यमंत्री को ज्ञापित भेजा गया है कि किसानों को तत्काल प्रभाव से सा सम्मान रिहा किया जाए अन्यथा बहुत बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई। वहीं वर्तमान में किसानों को खेती किसानी में पानी की भारी किल्लत के साथ ही नहरो में विभाग द्वारा सिल्ट सफाई के नाम पर खुलेआम सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। सिंचाई विभाग की ओर से मनमानी की जा रही है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक गंभीर

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



जनपद के रोहनिया सीएचसी के निकट कैप्सूल ट्रक की टक्कर से बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना में एक युवक गंभीर रूप सेघायल हो गया है, जिसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मामला रोहनिया विकासखंड क्षेत्र के रोहनिया सीएचसी के निकट का है। ऊंचाहार-सलोन मार्ग पर बुधवार की देर रात एक कैप्सूल ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार अखिलेश सरोज और संग्राम सरोज निवासी पकसरावां थाना सलोन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायल गोविंद सरोज को सलोन सीएचसी से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। फिलहाल पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया है कि दो युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई है, जिनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### डंपर की टक्कर से बाइकसवार मां-बेटे की मौत

**रायबरेली।** तेज रफ्तार में डंपर यमदूत बनकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। आए दिन कहीं न कहीं घटनाएं सामने आ रही है। बावजूद रफ्तार कम नहीं हो रही हैं। डंपर ने बाइक को रौंद दिया। जिसमें सवार मासूम व महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना सलोंन कोतवाली क्षेत्र के लालपुर बाजार की हैं। जानकारी के अनुसार जनवामऊ थाना नवाब गंज जनपद प्रतापगढ़ निवासी सजन गुप्ता अपनी बहन सुशमा पत्नी वीरेंद्र उम्र लगभग 40 वर्ष व भांजी पूर्णिमा 8 वर्ष कृष्णा 1 वर्ष रामिका 2 वर्ष को बाइक से ससुराल छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें सुषमा व मासूम कृष्णा की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि भांजी कृष्णा व सजन गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतका अपनी मां को देखने नायन गांव गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### बाइक के सामने आया कुत्ता, दम्पति गंभीर रूप से घायल, रेफर

**बछरावा रायबरेली।** बाइक की तेज रफ्तार होने के चलते बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ गया और बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसमे पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हों गए। घटना बृहस्पतिवार सुबह 10:00 बजे के आसपास की है। जब बछरावां कस्बा किला मोहल्ला निवासी बाइक सवार युवक प्रबल किशोर पुत्र स्वर्गीय नंदकिशोर उम्र 32 वर्ष अपनी पत्नी किरण उम्र 28 वर्ष को बाइक से लेकर खैरहनी गांव के पास स्थित अचार फैक्ट्री में छोड़ने के लिए जा रहा था। जहां पर उसकी पत्नी काम करती है।तभी ब्राह्मण खेड़ा मोड के पास बाइक के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया और युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई। पति पत्नी दोनों हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों के द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखते हुए उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## गेहूं की बुवाई करने आए ट्रैक्टर में लगी आग, जलकर हुआ राख



**महराजगंज रायबरेली।** खेत जोतने आया ट्रैक्टर में शार्ट सर्किट से आग लगने के कारण जलकर राख हो गया। कोतवाली क्षेत्र के अतरेहटा ग्राम पंचायत में अशोक मौर्य पुत्र छोटेलाल मौर्य के खेत की जुताई करने के लिए सुपर सीडर से गेहूं की बुवाई करने आए ट्रैक्टर में अचानक आग लग गई देखते ही देखते टैक्टर जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की माने तो वायरिंग या शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। पूरा मामला महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के अतरेहटा ग्राम पंचायत का जहां पर शहीद पुत्र शरीफ निवासी महराजगंज अशोक मौर्य पुत्र छोटेलाल मौर्य के खेत में गेहूं की बुवाई करने गए थे अचानक ट्रैक्टर में लगी आग लोगों के अनुसार कुछ दिन पहले का ही ट्रैक्टर है आग लगने के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाए।


## खबरें एक नजर में

### बढ़ते हुए ट्रक, न हैं सांकेतिक बोर्ड दुर्घटनाओं से मार रहे हैं लोग



**महराजगंज, रायबरेली।** रायबरेली हैदरगढ़ मार्ग इस समय पाली से लेकर कुबना गांव तक दुर्घटना बहुल्य क्षेत्र में तब्दील हो चुका है लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लोग अपने कीमती जीवन से हाथ धो रहे हैं। तो वही किसी प्रकार का सांकेतिक बोर्ड ना लगा होने के कारण लोग काफी तेज रफ्तार मे मार्ग से निकलते हैं और दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। वहीं आए दिन सड़क पर ट्रक को खड़ा कर दिया जाता है जिससे लड़ने से कई लोग एक्सीडेंट का शिकार हो जाते हैं लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण इस सड़क पर एक्सीडेंट रोकने के लिए सांकेतिक बोर्ड का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जिससे दुर्घटनाओं में काफी इजाफा हो रहा है पिछले 5-7 वर्षों से यह सड़क दुर्घटनाओं के लिए ज्यादा जानी जाती है पहले का जो पुल था वह टूट गया उसकी जगह पर दूसरा पुल बनाया गया अंधे मोड़ होने के कारण लोग अक्सर दुर्घटनाओं का शिकार होते रहते हैं व ही रायबरेली और बाराबंकी जाने वाले ट्रकों की ट्रकों की भरमार रहती है दिन में तो ठीक रहता है लेकिन रात में इस सड़क से निकलने में आपको राम-राम ही करते हुए निकालना पड़ेगा की कहीं यमराज के दर्शन ना हो जाएं लगातार बढ़ते हुए बड़े माल वाहक वाहनों की वजह से भी लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। सांकेतिक बोर्ड न लगा होने के कारण अक्सर लोग तेज रफ्तार में निकलते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। पिछले कुछ समय से बांदा बहराइच मार्ग का पुल टूट गया था जिससे बड़े माल वाहक इसी मार्ग का प्रयोग करते हैं जबकि अब वह पुल बन भी चुका है फिर भी बड़े वाहनों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है।

### डीएम ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का किया निरीक्षण




**बलरामपुर।** आमजनमान को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाना सुनिश्चित किए जाने को डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा संयुक्त जिला चिकित्सालय का सुबह 8 बजे औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान ओपीडी कक्ष में चिकित्सकों के बैठे न मिलने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए, सीएमएस को समय से चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से वार्ता की एवं मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने एक्स रे कक्ष एवं अल्ट्रासाउड कक्ष का भी निरीक्षण किया। एक्स रे कक्ष एवं अल्ट्रासाउड कक्ष बंद पाया गया। उन्होंने दोनों कक्षों में तैनात कर्मचारियों का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने जनरल वार्ड, लेबर रूम, इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान तैनात चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित मिले। डीएम ने वार्डो में साफ सुथरे कंबल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। दवा वितरण कक्ष में दवाओं के स्टॉक का मिलान किया एवं दवाओं का समय से मांग कर लिए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने वार्डो एवं अस्पताल परिसर में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था, शौचालय की नियमित साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने जिला संयुक्त चिकित्सालय के गेट के बाहर महिप मेडिकल स्टोर एवं पाल मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। मेडिकल स्टोर द्वारा सेल रजिस्टर, रजिस्ट्रेशन अभिलेख व पहचान पत्र न दिखा पाने पर ड्रग इंस्पेक्टर को जांच करते हुए कार्यवाही का निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### जनपद में शान्ति सुरक्षा/ कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस व एसएसबी जवानों ने इंडो-नेपाल बॉर्डर पर किया पैदल गस्त



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में जनपद में शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखनें हेतु आज दिनांक 05.12.2024 को पुलिस व एसएसबी के जवानों द्वारा इंडो नेपाल बॉर्डर पर संयुक्त रूप से पैदल गस्त किया गया। इस दौरान पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे गाँवों तथा बार्डर एरिया, जंगल की पगडंडियों पर निरन्तर पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा से सटे हुए गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व संम्भ्रान्त व्यक्तियों को मादक पदार्थों/वाहनों/ लकड़ी व अन्य पदार्थों की तस्करी रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया जा गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें के बारें मे बताया गया, जिससे इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा स्स्ब्ब के साथ नेपाल बॉर्डर से सटे गांव, स्थान खबरीनाका, कोइलाबास, गुरुंग आदि का भ्रमण कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

### ठंड बढ़ते ही ऊनी कपड़ों के बाजारों में रौनक



**उतरौला (बलरामपुर)।** दिसंबर का महीना शुरू होते ही उतरौला बाजार समेत आसपास के इलाकों में सर्दी का असर दिखने लगा है। सुबह और शाम की ठंडक के चलते लोग गर्म कपड़ों की ओर रुख कर रहे हैं। मौसम में बदलाव के साथ ही ऊनी कपड़ों की मांग तेजी से बढ़ रही है, जिससे बाजारों में रौनक देखी जा रही है। उतरौला बाजार में दुकानदारों ने पहले से ही ठंड के मौसम को भांपते हुए ऊनी कपड़ों का स्टॉक तैयार कर लिया है। स्वेटर, जैकेट, मफलर, टोपी, और बच्चों के लिए गर्म कपड़ों की भरपूर वैरायटी उपलब्ध है। खासतौर पर महिलाओं और बच्चों के लिए डिजाइनर ऊनी कपड़े ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। फुटपाथ पर लगी छोटी दुकानों से लेकर बड़े शोरूम तक, हर जगह खरीदारी करने वालों की भीड़ नजर आ रही है। सिर्फ शहरी क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी ऊनी कपड़ों की मांग में वृद्धि हुई है। गांवों के बाजारों में स्थानीय दुकानदारों ने गर्म कपड़े मंगवाकर बेचना शुरू कर दिया है। ग्रामीण लोग भी सर्दी से बचने के लिए स्वेटर, कम्बल, और शॉल जैसी चीजों की खरीदारी कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किफायती और टिकाऊ गर्म कपड़ों की ज्यादा मांग है। दुकानदारों का कहना है कि ठंड के बढ़ने से उनकी बिक्री में तेजी आई है। उतरौला बाजार के एक दुकानदार, रफीक अहमद ने बताया, इस बार नए डिजाइन और बेहतर क्वालिटी के ऊनी कपड़े लाए हैं। ठंड के बढ़ते ही ग्राहक अच्छी संख्या में आ रहे हैं। बच्चों के गर्म कपड़े और महिलाओं के शॉल की सबसे ज्यादा मांग है। ग्राहकों का कहना है कि ठंड से बचने के लिए अब ऊनी कपड़े खरीदना जरूरी हो गया है। स्थानीय निवासी सीमा देवी ने बताया, हर साल दिसंबर में गर्म कपड़े खरीदते हैं। बाजार में इस बार वैरायटी भी अच्छी है और दाम भी ज्यादा नहीं हैं। बच्चों के लिए गर्म कपड़े खरीदने आई हूं। ठंड बढ़ने के साथ ही बाजारों में गर्म खाने-पीने के स्टॉल भी जम गए हैं। चाय, गर्म सूप, और पकौड़ी के ठेले पर लोग खरीदारी के दौरान रुककर गर्माहट का आनंद ले रहे हैं। ठंड के मौसम के आगाज के साथ उतरौला और आसपास के क्षेत्रों में बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। ऊनी कपड़ों की बढ़ती मांग ने व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के चेहरों पर रौनक ला दी है। बदलते मौसम के बीच गर्म कपड़े खरीदने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा, जिससे बाजारों की रौनक बनी रहेगी।

## समस्याओं को लेकर किसान संगठन ने दिया ज्ञापन

महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



ब्लॉक परिसर महाराजगंज में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की बैठक आहूत की गई और सहायक खंड विकास अधिकारी महराजगंज को समस्याओं को लेकर किसानों ने एक ज्ञापन भी दिया। ब्लॉक अध्यक्ष लवकुश कुमार की अध्यक्षता में एक पंचायत ब्लॉक प्रांगण महराजगंज में आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र के किसान शामिल हुए क्षेत्र की समस्याओं की चर्चा करने के बाद ज्ञापन सहायक खंड विकास अधिकारी महाराजगंज को दिया गया। जिसमें बताया गया की किसानों को महराजगंज चौराहे पर जाम से मुक्ति दिलाया जाए। किसानों को गेहूं की फसल की सिंचाई के लिए नहर में पानी भेजा जाए। किसानों के बिजली बिल में मीटर रीडिंग देखकर बिल सही करवाया जाए। किसानों को बाजार लगाने के लिए चयनित जगह का चुनाव करते हुए रोड की पटरी की दुकान सही चयनित जगह पर लगाया जाए जिससे किसानों को दुर्घटना से निजात मिल सके। इस मौके पर सोनी रेशमा रूबी संतोष कुमार अशफाक खान सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# डीएम ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ईवीएम वेयर हाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आंतरिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां साफ-सफाई, सुरक्षा तथा सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओं को चेक किया तथा ई.वी.एम, वी.वी. पैट व कंट्रोल यूनिट के रख-रखाव को देखा गया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीसीटीवी कैमरों व साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रखी जाए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता/लापरवाही किसी के द्वारा न बरती जाये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह सहित संबंधित अधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं में पांच घायल, तीन रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार की देर रात तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग गंभीर रूप से हुए घायल जिनमें तीन की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल किया गया रेफर। पहली घटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजामऊ गांव के पास की है, जहां पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक संजय उम्र 32 वर्ष पुत्र मोतीलाल जो बछरावां से अपने घर राजामऊ जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस के द्वारा उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं दूसरी घटना स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानीखेड़ा मजरे कुर्री गांव के पास की है जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ बृजेश कुमार पुत्र बाबूलाल उम्र 42 वर्ष निवासी कुर्री जो बुधवार की देर रात भवरेश्वर मंदिर से अपने घर जा रहा था तभी रानीखेड़ा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे गंभीर हालत में एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं तीसरी घटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर हरदोई गांव के पास की है जहां एक शादी समारोह में जा रहे बाइक सवार अंकित उम्र 20 वर्ष पुत्र मायाराम निवासी बिशनपुर थाना बछरावां, सोनी उम्र 35 वर्ष पत्नी भवारिश निवासी बिशनपुर थाना बछरावा एवं चांदनी उम्र 20 वर्ष पत्नी रामानंद निवासी गुदरिया मजरे हरदोई थाना बछरावां की बाइक सामने कुत्ता आ जाने से अनियंत्रित हो गई और एक खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई, जिससे वह तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार करने के पश्चात अंकित की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### डीजे पर चढ़कर डांस करते समय एचटी लाइन के तार से छुए पांच बराती

# एक की मौत, चार की हालत नाजुक

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



जिले के पूरे उपाध्याय गांव में शादी समारोह में दिल दहला देने वाली घटना हुई। बुधवार रात लगभग 12 बजे डीजे के ऊपर बैठा एक युवक करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। तीन अन्य घायल हो गए। एक की हालात गंभीर है। डीह थाना क्षेत्र के पूरे उपाध्याय मजरे कस्बा डीह नंदू कुमार पाल के यहां बारात आई थी। द्वार चार के समय डीजे बज रहा था। डीजे पर उसके कर्मचारी बैठे हुए थे। जहां पर डीजे था, उसके ऊपर से बिजली की लाइन थी। डीजे पर बैठे रंजीत पाल पुत्र सुखराम निवासी पूरे कलंदर रुस्तमपुर करंट की चपेट आ गया। वह जमीन पर जा गिर गया। उसकी मौत हो गई। बीच बचाव में उसके तीन साथी जख्मी हो गए। पुलिस दिलीप कुमार पुत्र सुखी पूरे उपाध्याय समेत तीन युवकों को सीएचसी ले गए। दो को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। एक घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। अफरा तफरी मच गई। हालांकि शांत माहौल में शादी के रस्में पूरी की गई। डीह थाना प्रभारी शिवा कान्त पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के भेजा गया है।

## नोएडा में गिरफ्तार किसानों की शीघ्र रिहाई की मांग को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।




भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष तिलक राम वर्मा, राजबहादुर शर्मा, राजकुमार यादव, राम उग्र वर्मा ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम बलरामपुर को सौंपा। मांग की कि ग्रेटर नोएडा में चल रहे किसान आंदोलन को प्रशासन द्वारा बलपूर्वक दबाने व किसान नेताओं की गिरफ्तारी की तत्काल रिहाई की जाए। भारत के मेहनत कस लोग भारत सरकार की कॉरपोरेट्स और सुपररिच को समृद्ध करने की नीतियों के कारण गहरे संकट का सामना पहले से ही कर रहे हैं, जबकि खेती की लागत और मुद्रा फीस भी हर साल 12- 15 से अधिक की दर से बढ़ रही है ऐसे में सार्वजनिक क्षेत्र में उपक्रमों और सार्वजनिक सेवाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली का निजीकरण ना किया जाए, कोई प्रीपेड स्मार्ट मीटर ना लगाया जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष तिलक राम वर्मा, उपाध्यक्ष राजबहादुर शर्मा, तहसील अध्यक्ष राजकुमार यादव, साबिर अली बलराम पाठक उर्फ राजू दास, राम उग्र वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### मान्यता प्राप्त रेलवे संघ का चुनाव संपन्न, परिणाम 11 को

**डलमऊ रायबरेली।** मान्यता प्राप्त रेलवे संघ चुनाव को लेकर दो दिनों तक चलने वाले मतदान के अंतिम दिन मतदान सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ संघ के राष्ट्रीय महामंत्री श्री गोपाल मिश्रा व आर के पांडे मंडल महामंत्री की देखरेख में रेलवे कर्मचारियों ने अपनी मताधिकार का प्रयोग किया डलमऊ रेलवे परिसर में हुए चुनाव में कल 330 मतों में से 297 लोगों ने मतदान किया इस चुनाव में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन एवं उत्तर रेलवे मेंस यूनियन के कर्मचारियों ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देव कुमार बाबू ने बताया कि 5 वर्षों में एक बार होने वाले चुनाव में यूनियन को मान्यता पाने के लिए 35 प्रतिशत मतों की आवश्यकता होती है 11 तारीख को परिणाम आने के बाद यूनियन का गठन किया जाएगा इस मौके पर देव कुमार बाबू राम शंकर सौरभ द्विवेदी समरजीत अमित सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## 48 घंटों से बिजली गायब, सादुल्लानगर बाजार में सन्नाटा

बीपी त्रिपाठी/आशीष कुमार गुप्ता



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** सादुल्लानगर के अचलपुर चौधरी विद्युत उपकेंद्र जहां पिछले 48 घंटों से बिजली गायब होने के कारण बाजारों और आम जीवन में हाहाकार मच गया है। स्थानीय लोग परेशान हैं, व्यापारी कारोबार ठप होने से मायूस हैं। सादुल्लानगर बाजार, जो रोज़ाना रौनक से भरा रहता था। आज बिजली संकट के कारण सुनसान पड़ा है। पिछले 48 घंटों से बिजली आपूर्ति ठप है और इसका सीधा असर स्थानीय व्यापार और दैनिक जीवन पर पड़ा है। सादुल्लानगर के मुख्य बाजार,जहां दुकानों पर सन्नाटा छाया हुआ हैं। और बिजली कटौती की वजह से पूरा इलाका ठप पड़ा है। यहां के व्यापारी और स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। आइए जानते हैं उनकी क्या समस्याएं हैं। स्थानीय व्यापारी गुलाब गुप्ता, हनुमान शुक्ल, विजय, राजू, किशन, दुर्गेश, मनोज, रवि, विकास, अशोक, अवधेश, दिनेश गुप्ता, उमेश चाँद बाबू, एजाज अहमद ने बताया कि बिजली न होने से हमारा पूरा काम ठंप है। पानी की टंकी नहीं भर रहा है। स्थानीय निवासी राधेश्याम, विवेक, रमेश शर्मा, झिनकू, चुम्मन लाल रात में बच्चों को पढ़ाई करने में दिक्कत हो रही है, मोबाइल स्वीच आफ हो ग ए है चार्ज नही हो रहे है। प्रशासन से बार-बार शिकायत कर रहे हैं।लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।सादुल्लानगर के लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही बिजली बहाल नहीं की गई, तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे। अब देखना होगा कि प्रशासन कब तक इस समस्या का समाधान करता है। इस सम्बंध में एसडीओ राजकुमार यादव ने बताया कि हम घाटी के पास केवल मरम्मत चल रहा है उसमें समय लगेगा बिजली देने का प्रयास कर रहे हैं। तकनीकी खामी की वजह से यह समस्या हुई है, लेकिन मरम्मत का काम कब तक पूरा होगा, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है।÷ सादुल्लानगर के लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही बिजली बहाल नहीं की गई, तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे।


## सभासद पति द्वारा रिश्वत मांगने का मामला आया सामने, एफआईआर दर्ज

**उतरौला (बलरामपुर)।** बलरामपुर जिले के उतरौला थाना क्षेत्र में एक भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें आदर्श नगर पालिका परिषद और एसडीएम कार्यालय के नाम का दुरुपयोग करते हुए निर्माण कार्य के बदले 50,000 रुपये की रिश्वत मांगी गई।इस मामले में आरोपी ऐमन रिजवी का नाम सामने आया है, जो कथित तौर पर अधिकारियों के नाम पर धन उगाही कर रहा था।

यह मामला एक वाइस रिकॉर्डिंग से उजागर हुआ, जिसमें दो अज्ञात व्यक्तियों के बीच बातचीत हो रही थी। इस बातचीत से यह साफ होता है कि एक व्यक्ति दूसरे से निर्माण कार्य के बदले 50,000 रुपये की मांग कर रहा था। आरोपित ने इस धनराशि को नगर पालिका परिषद उतरौला और एसडीएम के स्टेनो के नाम पर मांगा था। शिकायतकर्ता ने यह वाइस रिकॉर्डिंग पुलिस के पास प्रस्तुत की, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और प्राथमिकी दर्ज की। इस वाइस रिकॉर्डिंग में एक व्यक्ति का नाम ऐमन रिजवी सामने आया है, जो उतरौला बाजार का निवासी है। वह अधिकारियों के नाम का गलत तरीके से उपयोग करते हुए धन की मांग कर रहा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि ऐमन रिजवी ने प्रशासनिक कार्यों को प्रभावित करने की कोशिश की और अधिकारियों के नाम पर अवैध रूप से पैसा उगाहने की योजना बनाई। वायरल ऑडियो में आरोपी सभासद के पति द्वारा यह कहा जाता है कि 'हमने अधिकारियों से बात कर लिया है और आपको 50 हजार रुपये देने होंगे'। इस पर शेर आलम ने जवाब दिया कि वह इतनी राशि देने में सक्षम नहीं हैं, क्योंकि उनका निर्माण नाली से पांच फुट छोड़कर हो रहा है। हालांकि, आरोपी ने इस ऑडियो को फर्जी बताया, लेकिन शेर आलम ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि ऐमन रिजवी ने अधिकारियों का नाम लेकर फर्जी तरीके से 50 हजार रुपये की मांग की थी। एफआईआर नंबर 0252 के तहत, भारतीय दंड संहिता की धारा 221, धारा 308(2) और धारा 318(2) के तहत अपराध पंजीकृत किया गया है। इसके अलावा, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 8 और 9 भी इस मामले में लागू की गई है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और जांच का जिम्मा उप पुलिस अधीक्षक राघवेंद्र सिंह को सौंपा गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने वाइस रिकॉर्डिंग की तकनीकी जांच कराने का निर्णय लिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उक्त बातचीत वास्तविक थी या उसमें कोई छेड़छाड़ की गई थी। तहसीलदार उतरौला ने आरोपी सभासद के पति के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया। तहसीलदार ने बताया कि आरोपी सभासद के पति ने अधिकारियों के नाम का दुरुपयोग किया और निर्माण कार्य के बदले 50,000 रुपये की रिश्वत मांगी। इस बात की पुष्टि शेर आलम ने की, जो खुद इस बातचीत का हिस्सा थे और उन्होंने इस अवैध धन की मांग को सही बताया। उतरौला के उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति अधिकारियों के नाम पर घूस मांगता है तो उसे तुरंत सूचित किया जाना चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चूंकि आरोप गंभीर हैं, क्षेत्राधिकारी उतरौला द्वारा मामले की जांच की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने पुष्टि की कि तहसीलदार उतरौला की तहरीर पर आरोपी सभासद के पति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वे इस मामले में त्वरित कार्रवाई कर रहे हैं और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए पूरी जांच में पारदर्शिता बनाए रखेंगे। यह मामला प्रशासन और सरकारी अधिकारियों के नाम पर अवैध रूप से धन की मांग करने की एक गंभीर घटना है। पुलिस ने इसकी त्वरित जांच शुरू कर दी है। नागरिकों से यह अपील की जाती है कि वे किसी भी प्रकार की रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार के मामले में प्रशासन को सूचित करें, ताकि ऐसे कृत्यों को रोका जा सके और न्याय की प्रक्रिया को प्रभावित होने से बचाया जा सके।

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।




उतरौला विधानसभा क्षेत्र के इमिलिया स्थित शिवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के मान्यवर श्यामलाल वर्मा सभागार में भाजपा की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संगठन की आगामी योजनाओं, रणनीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर चर्चा की गई।

बैठक के मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री और जिला चुनाव अधिकारी सुशील कुमार त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही ऐसा राजनीतिक दल है, जहां संगठनात्मक चुनाव की परंपरा निभाई जाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकारें जनता तक जनकल्याणकारी योजनाओं को सुचारू रूप से पहुंचा रही हैं। सुशील कुमार त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और जनता से जुड़ने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने की। विधायक राम प्रताप वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस संगठनात्मक बैठक का उद्देश्य विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों के साथ संगठन की तय कार्ययोजनाओं और विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा करना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण ही संगठन को मजबूती प्रदान करता है। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सविता गुप्ता, चैयरमेन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, जिला महामंत्री एवं जिला सह चुनाव संयोजक बिंदु विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम करन मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह, मंडल अध्यक्ष हरिवंश सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप वर्मा, और कई अन्य कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें आगामी चुनाव की तैयारियों, बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती, और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं को यह संदेश दिया कि भाजपा की सफलता कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनसंपर्क पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और नीतियों को जनता तक पहुंचाना संगठन का मुख्य उद्देश्य है। बैठक के माध्यम से भाजपा ने विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने और जनसंपर्क को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।

# स्वदेशी ज्ञान को मान

परतंत्रता, वक्त के थपेड़ों व कालांतर बाजार के गहरे दखल से भले ही भारत का प्राचीन सेहत का ज्ञान सदियों से हाशिये पर रहा है, लेकिन पिछले एक दशक के राजाश्रय में इसकी देश-विदेश में प्रतिष्ठा स्थापित हुई। भारत में अथाह गरीबी के चलते प्रकृति के सान्निध्य में सेहत के गुर को महसूस करते हुए महात्मा गांधी ने प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को देश में प्रतिष्ठा दी थी। आज भी उनके अनुयायी पूरे देश में इस मुहिम में जुड़े हुए हैं। यह सुखद ही है कि एक दशक पूर्व राजग सरकार ने जिस आयुष मंत्रालय की स्थापना करके इस दिशा में जो रचनात्मक पहल की थी, उसके उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। उसके चलते भारत ही नहीं, विदेशों में भी हमारी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की स्वीकार्यता बढ़ी है। इस अभियान के एक दशक पूरे होने पर आयुष मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2014 में जो आयुष बाजार 2.8 अरब डॉलर था, उसका आकार बीते साल तक 43.4 अरब डॉलर हो गया है। ये एक बहुत उत्साहजनक आंकड़ा है। इतना ही नहीं आयुष बाजार का निर्यात भी दुगना हुआ है। जिससे इस पद्धति की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का पता चलता है। यानी इन्हें एक पूरक चिकित्सा के रूप में मान्यता मिल रही है। निस्संदेह, आधुनिक चिकित्सा पद्धति ने शोध-अनुसंधान व बड़े पूंजी निवेश के चलते अप्रत्याशित उन्नति की है। ऐसे में यदि विज्ञान व परंपरागत चिकित्सा पद्धति में समन्वय बने तो मानवता का कल्याण ही होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि तीव्र विकास की छाया में गरीबी का भी विस्तार हुआ है। महंगी होती चिकित्सा पद्धति गरीब की पहुंच से दूर होती जा रही है। सरकारी चिकित्सा तंत्र मरीजों के भारी बोझ से चरमरा रहा है। ऐसे में यदि जीवन शैली में सुधार, सजगता व शारीरिक सक्रियता से लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिले तो किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसे पूरक चिकित्सा पद्धति के रूप में स्वीकार किया ही जाना चाहिए।यह भी एक हकीकत है कि आयुष बाजार के विस्तार से जहां सेहत के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उपचार में मदद मिली है, वहीं इससे रोजगार व उद्यमिता को भी संबल मिला है। एक ओर जहां आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादन से रोजगार बढ़े हैं, वहीं इसमें प्रयोग की जाने वाली जड़ी-बूटियों, फल और इससे जुड़े जैविक उत्पादों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल मिला है। कमोबेश इसी तरह योग से जुड़ी सामग्री का निर्यात भी तेजी से बढ़ा है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को वैश्विक मान्यता मिली है। हालांकि, अमेरिका, यूरोप व आस्ट्रेलिया आदि में योग के सामान से जुड़ा कारोबार ज्यादा ऊंचाइयां छू रहा है। यह सुखद है कि हम देर से ही सही, इस दिशा में आगे बढ़े हैं। हमारे आयुर्वेद के उत्पादों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मान्यता मिलना भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस दिशा में आधुनिक चिकित्सा के साथ समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ने के लिये साझे प्रयास जरूरी हैं। ऐसे में बहुत जरूरी हो जाता है कि हम आयुष उत्पादों की गुणवत्ता बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें। उनका आधार वैज्ञानिक प्रमाण हों। इससे भारत पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के जरिये वैश्विक नेतृत्व करने में सक्षम हो सकेगा। दरअसल, भारतीय परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों मसलन आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा,योग, सिद्ध आदि पद्धतियों की धारणा रही है कि किसी रोग को दबाने के बजाय उसके कारकों का उपचार किया जाए। साथ ही यह भी कि हमारे विचार, खानपान और प्रकृति का सान्निध्य जीवन को स्वस्थ बनाने में मददगार होता है। जिसका मूल आधार हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना होता है। लेकिन इसके मायने आधुनिक चिकित्सा पद्धति की अनदेखी नहीं है, बल्कि समन्वय ही है। निश्चित रूप से यदि विज्ञान व परंपरा के समन्वय का मणिकांचन संयोग होगा तो सेहत के लक्ष्य हासिल करना ज्यादा आसान होगा। भारतीय जीवनशैली, खानपान, परिवेश व ऋतुचक्र के अनुरूप यदि उपचार होगा तो उसका सकारात्मक प्रतिसाद भी मिलेगा। ऐसे में हमारी सस्ती परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां गरीब, विकासशील व ग्लोबल साउथ के देशों को आरोग्य की राह दिखा सकती हैं। जरूरी है कि सदियों के अनुभव से हासिल गुणवत्ता व प्रमाणिकता के परंपरागत ज्ञान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के मध्य तालमेल की कोशिश की जाए।

# आम्बेडकर, समरसता और संघ

**डॉ. सौरभ मालवीय**

**डॉ. भीमराव आम्बेडकर पुण्यतिथि (06 दिसंबर) पर विशेष**



देश में सामाजिक समता एवं सामाजिक न्याय के लिए प्रमुखता से स्वर मुखर करने वालों में डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का नाम अग्रणी है। उन्होंने बाल्यकाल से ही अस्पृश्यता का सामना किया था। विद्यालय से लेकर नौकरी तक उन्होंने भेदभाव का दंश झेला। इससे उनकी आत्मा चीत्कार उठी। उन्होंने अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने देशभर की यात्रा की तथा दलितों के अधिकारों के लिए स्वर मुखर किया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अस्पृश्यता के उन्मूलन के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि सेवक बनकर ही कोई बड़ा कार्य किया जा सकता है। इसलिए वह कहते थे- एक महान आदमी एक आम आदमी से इस तरह से अलग है कि वह समाज का सेवक बनने को तैयार रहता है।

डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर ने सामाजिक समरसता का जो स्वप्न देखा था, उसे साकार करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अभियान चला रहा है। वास्तव में संघ अपने स्थापना काल से ही सामाजिक समरसता के लिए कार्य कर रहा है। डॉक्टर केशव बलिराम हेडगवार ने सामाजिक समरसता, एकता, अखंडता एवं सशक्त समाज के निर्माण के उद्देश से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उनका कहना था कि हमारा निश्चय एवं स्पष्ट ध्येय ही हमारी प्रगति का मूल कारण है। हम लोगों को हमेशा सोचना चाहिए कि जिस कार्य को करने का हमने प्रण किया है, और जो उद्देश्य हमारे सामने है, उसे प्राप्त करने के लिए हम कितना कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक अधिकारी एवं शिक्षक को प्रत्येक के मन में यह विचार भर देना चाहिए कि मैं स्वयं ही संघ हूं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने चरित्र पर विचार करना चाहिए। अपने चरित्र को कभी भी कमजोर व क्षीण न होने दें। आप इस भ्रम में न रहें कि लोग हमारी ओर नहीं देखते। वे हमारे कार्य तथा हमारे व्यक्तिगत आचरण की ओर आलोचनात्मक दृष्टि से देखते हैं। हमें केवल अपने कार्य में व्यक्तिगत चाल-चलन की दृष्टि से सावधानी नहीं बरतनी चाहिए, अपितु सामूहिक एवं सार्वजनिक जीवन में भी इसका ध्यान रखना चाहिए।

वह कहते थे कि बिना कष्ट उठाए और बिना स्वार्थ त्याग किए, हमें कुछ भी फल मिलना असंभव है। अपने समाज में संगठन निर्माण कर उसे बलवान तथा अजेय बनाने के अतिरिक्त हमें और कुछ नहीं करना है। इतना कर देने पर सारा कार्य स्वयं ही हो जाएगा। हमें आज सताने वाली सारी राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। अनुशासन अपने संगठन की नींव है, इसी पर हमें विशाल इमारत को खड़ा करना है। किसी भी भूल से यदि नींव जरा सी भी कच्ची रह गई, तो इमारत का उस ओर का भाग ढल जाएगा। इमारत में दरार पड़ जाएगी और आखिर में वह संपूर्ण इमारत ढह जाएगी। जीवन में निस्वार्थ भावना आए बिना खरा अनुशासन निर्माण नहीं होता।

सामाजिक समरसता के बारे में उनका कहना था कि संघ का लक्ष्य भारत राष्ट्र को पुनः परम वैभव तक ले जाना है। समरसता के बिना, समता स्थायी नहीं हो सकती, और दोनों के अभाव में राष्ट्रीयता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमारा कार्य अखिल हिंदू समाज के लिए होने के कारण, उसके किसी भी अंग की उपेक्षा करने से काम नहीं चलेगा। सभी हिंदू भाइयों के साथ फिर वह किसी भी उच्च या नीच श्रेणी के समझे जाते हों, हमारा व्यवहार हर एक से प्रेम का होना चाहिए। किसी भी हिंदू भाई को नीच समझकर उसे दुत्कारना पाप है। वह कहते थे कि संघ का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए हमें लोक संग्रह के तत्वों को भली भांति समझ लेना होगा। संघ केवल स्वयंसेवकों के लिए नहीं, अपितु संघ के बाहर जो लोग हैं, उनके लिए भी है। हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि उन लोगों को हम राष्ट्र के उद्धार का सच्चा मार्ग बताएं। वयोवृद्ध लोगों का संघ कार्य में काफी महत्वपूर्ण स्थान है। वे संघ के महत्वपूर्ण कार्यों का दायित्व उठा सकते हैं। यदि प्रौढ़ लोग अपने प्रतिष्ठा और व्यवहार कुशलता का उपयोग संघ कार्य किए तो करें, तो युवा अधिक उत्साह से कार्य कर सकेंगे। प्रत्येक व्यक्ति को उत्साह और हिम्मत से आगे आना चाहिए, और संघ कार्यों में जुट जाना चाहिए। इस समाज को जागृत एवं संगठित करना ही राष्ट्र का जागरण एवं संगठन है। यही राष्ट्र धर्म है। ध्येय पर अविचल दृष्टि रखकर, मार्ग में मखमली बिछौने हो या कांटे बिखरे हों, उनकी चिंता न करते हुए निरंतर आगे ही बढ़ने को दृढ़ निश्चय वाले क्रियाशील तरुण खड़े करने पड़ेंगे। पूर्ण संस्कार दिए बिना, देशभक्ति का स्थाई स्वरूप निर्माण होना संभव नहीं है तथा इस प्रकार की स्थिति का निर्माण होने तक सामाजिक व्यवहार में प्रमाणिकता भी संभव नहीं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने सामाजिक समरसता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि समरसता के लिए आत्मग्लानि दूर करने के लिए आत्मबोध को जगाना पड़ेगा, स्वार्थ के स्थान पर निस्वार्थ भाव का निर्माण करना पड़ेगा। सभी भेदों को भुलाकर एकात्मकता का भाव जागृत करना पड़ेगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता। महात्मा गांधी भी संघ के कार्यों से प्रभावित हुए थे। उन्होंने वर्ष 1934 में वर्धा में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शिविर देखा था, जिसमें सभी जातियों के लोग सम्मिलित हुए थे। इसमें दलित समाज के लोग भी थे। उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी ने कहा था कि आपके संगठन में अस्पृश्यता का अभाव देखकर मैं बहुत संतुष्ट हूं। इसी प्रकार डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों से प्रभावित हुए थे। उन्हें वर्ष 1939 में पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशिक्षण शिविर को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने अनुभव किया कि शिविर में सभी जातियों के लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसमें दलित समाज के लोग भी सम्मिलित थे। शिविर में सबके साथ समान व्यवहार किया जा रहा था।

उल्लेखनीय है कि हमारे पवित्र धार्मिक ग्रंथों में समरसता का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। भगवदगीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा है- पंडिताः समादर्शिनः अर्थात विद्वान सबको समान दृष्टि से देखते हैं। कहने का अभिप्राय है कि विद्वान सबको समान मानते हैं तथा वे किसी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करते।

भीमराव आम्बेडकर समानता पर सर्वाधिक बल देते थे। वह कहते थे कि अगर देश की अलग-अलग जातियां एक दूसरे से अपनी लड़ाई समाप्त नहीं करेंगी, तो देश एकजुट कभी नहीं हो सकता। यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते , हमारे पास यह आजादी इसलिए है ताकि हम उन चीजों को सुधार सकें, जो सामाजिक व्यवस्था, असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरी है जो हमारे मौलिक अधिकारों के विरोधी हैं। एक सफल क्रांति के लिए केवल असंतोष का होना ही काफी नहीं है अपितु इसके लिए न्याय, राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों में गहरी आस्था का होना भी बहुत आवश्यक है। राजनीतिक अत्याचार सामाजिक अत्याचार की तुलना में कुछ भी नहीं है और जो सुधारक समाज की अवज्ञा करता है, वह सरकार की अवज्ञा करने वाले राजनीतिज्ञ से ज्यादा साहसी हैं। जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता हासिल नहीं कर लेते तब तक आपको कानून चाहे जो भी स्वतंत्रता देता है वह आपके किसी काम की नहीं। यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते हैं तो सभी धर्म-शास्त्रों की संप्रभुता का अंत होना चाहिए।

भीमराव आम्बेडकर ने दलित समाज के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। उनका कहना था कि आप स्वयं को अस्पृश्य न मानें, अपना घर साफ रखें। पुराने और घिनौने रीति-रिवाजों को छोड़ देना चाहिए। हमारे पास यह आजादी इसलिए है ताकि हम उन चीजों को सुधार सकें जो सामाजिक व्यवस्था, असमानता, भेद-भाव और अन्य चीजों से भरी हैं जो हमारे मौलिक अधिकारों की विरोधी हैं। राष्ट्रवाद तभी औचित्य ग्रहण कर सकता है, जब लोगों के बीच जाति, नस्ल या रंग का अंतर भुलाकर उसमें सामाजिक भ्रातृत्व को सर्वोच्च स्थान दिया जाए।

वह कहते थे कि आदि से अंत तक हम सिर्फ एक भारतीय है। हम जो स्वतंत्रता मिली हैं उसके लिए क्या कर रहे हैं? यह स्वतंत्रता हमें अपनी सामाजिक व्यवस्था को सुधारने के लिए मिली हैं। जो असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरी हुई है, जो हमारे मौलिक अधिकारों के साथ संघर्ष करती है। स्वोतंत्रता का अर्थ साहस है, और साहस एक पार्टी में व्याक्तियों के संयोजन से पैदा होता है। वह यह भी कहते थे कि देश के विकास के लिए नौजवानों को आगे आना चाहिए। पानी की बूद जब सागर में मिलती है तो अपनी पहचान खो देती है। इसके विपरीत व्यक्ति समाज में रहता है पर अपनी पहचान नहीं खोता। इंसान का वन स्वतंत्र है। वह सिर्फ समाज के विकास के लिए पैदा नहीं हुआ, अपितु स्वयं के विकास के लिए भी पैदा हुआ है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मानना है कि हम लोगों को समझना चाहिए कि लौकिक दृष्टि से समाज को समर्थ, सुप्रतिष्ठित, सद्धर्माघिष्ठित बनाने में तभी सफल हो सकेंगे, जब उस प्राचीन परंपरा को हम लोग युगानुकूल बना, फिर से पुनरुज्जीवित कर पाएंगे। युगानुकूल कहने का यह कारण है कि प्रत्येक युग में वह परंपरा उचित रूप धारण करके खड़ी हुई है। कभी केवल गिरि-कंदराओं में, अरण्यों में रहने वाले तपस्वी हुए तो कभी योगी निकले, कभी यज्ञ-यागादि द्वारा और कभी भगवद्-भजन करने वाले भक्तों और संतों द्वारा यह परंपरा अपने यहां चली है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## विचार

# जीवेम शरदः शतम्!

*गिरीश्वर मिश्र*

आमतौर पर बुढ़ापा को अशक्तता, रोग, व्याधि और दुर्बलता आदि के कारण जीवन का सबसे भयावह दौर माना जाता है। परिवार की संरचना में बदलाव और भागदौड़ भरी ज़िंदगी में बुढ़ापे की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। परंतु जीवन शैली में सुधार, दृष्टिकोण में सकारात्मकता, सावधानी बरतने और सहयोग लेने से इस दुखदायी अवधि को बहुत हद तक एक भाग्यशाली उम्र के रूप में बदला जा सकता है। जीवन के नियम आपके अपने हाथ में हैं इसलिए अच्छी तरह जिएँ और सब कुछ शांति से स्वीकार करें।

यह भी उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य सुविधाओं और खानपान में जरूरी पोषक तत्वों पर ध्यान देने के साथ जीवन की प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेक्टेंसी) निश्चित रूप से बढ़ी है। बुढ़ापे के डर और उसे दूर रखने के उपाय की ओर अब लोग बहुत ध्यान देने लगे हैं। कुछ दिनों पहले जापान के एक मनोचिकित्सक हिडेकी वाडा ने 80-ईयर-ओल्ड वॉल नामक की एक रोचक पुस्तक प्रकाशित की जो बड़ी लोकप्रिय हुई है और पाठकों के बीच तहलका मचा दिया है। अपने तीन दशकों से कुछ ज्यादा लंबे चिकित्सकीय जीवन में उन्होंने कई हज़ार रोगियों का सफल उपचार किया। यह पुस्तक अच्छे स्वास्थ्य के साथ शतायु होने के गुर बताती है। गौरतलब है कि जापान में औसत स्वस्थ जीवन प्रत्याशा पुरुषों के लिए 72.68 वर्ष और महिलाओं के लिए 75.38 वर्ष आंकी गई है। औसत जीवन प्रत्याशा÷ की बात करें तो यह जापानी पुरुष के लिए 81.64 वर्ष और महिलाओं के लिए 87.74 वर्ष है। यदि औसत जीवन प्रत्याशा में से औसत स्वस्थ जीवन प्रत्याशा का मूल्य घटा दें तो पुरुषों के पास लगभग 9 वर्ष और महिलाओं के पास लगभग 12 वर्ष का समय बचता है। यही वह ख़ास अवधि है जब एक बुजुर्ग को दूसरों द्वारा देखभाल की ज़्यादा ज़रूरत होती है। इस अवधि को कैसे कम किया जाए, इस प्रश्न का हल ढूँढ़ते हुए डॉ. वाडा ने कुछ मार्गदर्शक नियम और अभ्यास खोजे हैं। उनके सुझाव ऐसे हैं जिनसे बुढ़ापे को एक संतोषजनक और तृप्तिदायी अवधि में रूपांतरित किया जा सकता है।

डॉ. वाडा कहते हैं कि बुजुर्गों को बार-बार नींद की गोलियां नहीं लेनी चाहिए क्योंकि बढ़ती उम्र के साथ नींद में कमी आना स्वाभाविक घटना है। जब सोना हो तब सो जाओ, जब उठना हो तब उठो, यह बुजुर्गों का विशेषाधिकार है। ऐसे ही कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कोई ज़्यादा चिंता की बात नहीं है, क्योंकि कोलेस्ट्रॉल शरीर के लिए प्रतिरक्षा कोशिकाओं के लिए ज़रूरी कच्चा माल होता है। जितनी अधिक मात्रा में ये कोशिकाएँ मौजूद होंगी, कैंसर का खतरा उतना ही कम होगा। इसके अलावा, पुरुष हार्मोन का एक हिस्सा कोलोस्ट्रॉल से बना होता है। यदि कोलेस्ट्रॉल का स्तर बहुत कम है, तो पुरुषों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य डावाँडोल बना रहेगा। यही बात रक्तचाप के बारे में भी है। जब रक्तचाप लगभग 150 तक पहुँच जाता है तो रक्त वाहिकाएँ फट जाती हैं जो ख़तरनाक है। यह कुपोषित लोगों में होता है। लेकिन अब कुपोषण बहुत कम हो गया है इसलिए भले ही रक्तचाप 200 से अधिक हो, इससे रक्त वाहिकाएँ फटने की गुंजाइश काम हो गई है।

डॉ. वाडा ने अपने अनुभव और अनुसंधान से 80 वर्षीय लोगों के भाग्यशाली लोग बनने के अनेक रहस्यों को उजागर किया है। उनका पहला सुझाव हर स्तर पर सक्रियता बनाए रखने को लेकर है।



बुजुर्गों को खूब चलना चाहिए, धूप सेंकनी चाहिए और ऐसे व्यायाम करने चाहिए जिनसे शरीर न अकड़े। उनको मनपसंद काम करना चाहिए। चाहे कुछ भी हो उनको हर समय घर पर पड़े नहीं रहना चाहिए। उन्हें कई बार थोड़ा-थोड़ा आहार लेते रहना चाहिए। आप जितनी बार चबाएंगे, शरीर और मस्तिष्क उतना ही ऊर्जावान रहेगा। आराम-आराम से आसानी से सांस लेनी चाहिए। जब किसी कारणवश चिढ़ लगे तो गहरी साँस लेना चाहिए। गर्मियों में एयर कंडीशनर का उपयोग करते हुए ज़्यादा से ज़्यादा पानी पीना चाहिए। बुढ़ापे में लोगों में भूलने की समस्या पैदा होती है। यह समझना ज़रूरी है कि उम्र बढ़ने के कारण ऐसा नहीं होता बल्कि मस्तिष्क को लंबे समय तक उपयोग में न लाने से ऐसा होता है। बुजुर्गों को अधिक दवाएँ भी नहीं लेनी चाहिए। रक्तचाप और रक्त शर्करा-स्तर को जानबूझकर कम करने की ज़रूरत नहीं है। वे जो चाहें खाएं, थोड़ा स्थूलकाय होना ठीक है। अगर नींद नहीं आ रही है तो उसके लिये खुद को मजबूर न करें। बीमारी से अंत तक लड़ने के बजाय, उसके साथ सह-अस्तित्व में रहना बेहतर युक्ति है। खुश करने वाली चीज़ें करते रहना मस्तिष्क की गतिविधि को सुचारू बनाए रखने के लिए ज़्यादा ठीक साबित हुआ है। सीखना बंद करते हुए आदमी बूढ़ा होने लगता है। कार्य की आदतों को लेकर डॉ. वाडा का सुझाव है कि हर काम सावधानी से करना चाहिए। ऐसे लोगों से दूर ही रहना चाहिए जिनसे उनको नफरत हो। बहुत ज़्यादा या हर समय टीवी न देखें। खानपान में ताजा फल और सलाद का अधिक उपयोग लाभकर होता है।

परोपकार का जीवन दर्शन सबसे अच्छा है। इसलिए ऐसे काम करें जो दूसरों के लिए अच्छे हों। डॉ. वाडा की मानें तो प्रसिद्धि पाना ठीक है पर उसके लिए लालची नहीं होना चाहिए। आदमी के पास कुछ भी है वह बहुत अच्छा है और उसका आनंद उठाना चाहिए। जो परेशान करने वाली चीजें होती हैं, वे उतनी ही दिलचस्प होती हैं और अवसर देती हैं। चूँकि इच्छा दीर्घायु का स्रोत है इसलिए हमें आशावादी बने रहना चाहिए। बुढ़ापा तब भाग्यशाली उम्र बन जाता है। इसे अच्छी तरह जीने की ज़रूरत है। इत्मीनान से जीयें, बिना किसी हड़बड़ी के।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

## साहित्य



### खुद से एक सवाल पूछो


**उज्जवल कुमार**

खुद से एक सवाल पूछो
काटे कितने बवाल पूछो

कोई और पूछे उससे पहले
अपने दिल का हाल पूछो

इश्क़ में है बरबाद लाखों
मुझसे ना कोई मिसाल पूछो

पूछो जब भी किसी का हाल
दिल को अपने संभाल पूछो



# राशिफल



**मेषः**- कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**बृषभः**- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुनः**- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः**- भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी। आलस्य का त्याग करें।

**सिंहः**- पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नई दशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुलाः**- वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः**- जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**धनुः**- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः**- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभः**- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः**- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित।

# देवेंन्द्र फडणवीस : लो... लौट आया समुंदर...!


**मनीष कुलकर्णी**

गढ़चिरौली के घने जंगलों से लेकर मुंबई के मलाबार हिल तक फैले महाराष्ट्र के सियासी फलक पर फिलहाल एक ही नाम गूंज रहा है- देवेन्द्र गंगाधरराव फडणवीस। तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले फडणवीस ने 2019 में विरोधियों को चेताया था, मैं समुंदर हूं, मेरे किनारों पे घर मत बनाना। उस वक्त उनकी खूब हंसी उड़ाई गई थी। लेकिन 2024 के विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में लौटे फडणवीस ने इसे सच कर दिखाया।

महाराष्ट्र की सियासत का अपना अलग रंग है। राज्य की स्थापना से लेकर अधिकांश समय तक यहां कांग्रेस और एनसीपी ही सत्ता में रही है। फुले, शाहूजी और आंबेडकर का नाम लेकर राजनीति करने वाले इस राज्य में शरद पवार और स्व. बालासाहब ठाकरे राजनीति के दो प्रमुख केन्द्र माने जाते रहे हैं। बालासाहब के बाद राज्य में उनके जैसी राजनीतिक हैसियत रखने वाला दूसरा नेता नहीं उभरा। वहीं, जोड़-तोड़, शह-मात की सियासत करने वाले शरद पवार को चुनौती देने वाला कोई नहीं था। महाराष्ट्र कि राजनीति में अब तक वही होता रहा जो पवार चाहते थे। लेकिन पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के युवा स्वयंसेवक ने पवार को ललकारा, इतना ही नहीं पवार के सारे समीकरण ध्वस्त कर अपना परचम बुलंद किया। नतीजतन, कभी राज्य की सियासत को अपनी जेब में रखने वाले शरद पवार की पार्टी को महज 10 विधायकों से संतोष करना पड़ा।

राजनीतिक यात्रा में 2024 लोकसभा चुनाव को छोड़ दें तो फडणवीस का करियर ग्राफ लगातार ऊपर ही बढ़ रहा है। सिर्फ 22 साल की उम्र में नागपुर में पार्षद बनने से जो सफर शुरू हुआ था अब वो महाराष्ट्र के तीसरी बार सीएम बनने तक पहुंच गया है। अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाले फडणवीस महाराष्ट्र के दूसरे ऐसे सीएम हैं, जिन्होंने 5 साल का अपना कार्यकाल पूरा किया। उनसे पहले वसंतराव नाईक ने 1967-72 के बीच अपना मुख्यमंत्री का कार्यकाल पूरा किया था। इस रिकॉर्ड की बराबरी फडणवीस 2014-19 के बीच कर चुके हैं और अब तो कई नए रिकॉर्ड बनाने की बारी है।

फडणवीस की राजनीतिक यात्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से शुरू हुई। वह 1990 के दशक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) में शामिल हुए। 1992 में नागपुर के रामनगर वार्ड से पहला नगर निगम चुनाव जीते और 22 वर्ष की उम्र में सबसे युवा पार्षद बने। उसके बाद 1997 में फडणवीस नागपुर के सबसे युवा मेयर बने और भारत के दूसरे सबसे युवा मेयर बने। इसके बाद 1999 से 2024 तक लगातार 6 बार महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य चुने गए हैं। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा को 105 सीटें मिली थी लेकिन ऐन वक्त पर शिवसेना ने एनसीपी और कांग्रेस से हाथ मिलाया। नतीजतन फडणवीस को नेता प्रतिपक्ष बनना पड़ा। इस दौरान उन्होंने अपनी नई सियासी भूमिका बखूबी निभाई।



कोरोना महामारी के समय राज्य में हो रही धांधलियों पर फडणवीस ने कड़ा प्रहार किया। इसी दौरान फडणवीस के चलते राज्य के तत्कालीन गृहमंत्री अनिल देशमुख को जेल जाना पड़ा था। बदले पर उतारू महाविकास आघाडी (मविआ) के नेताओं ने फडणवीस पर बड़े, गहरे और निजी प्रहार किए। फडणवीस के व्यक्तित्व से लेकर उनके पारिवारिक सदस्यों तक की कड़ी आलोचना हुई। इसके बावजूद फडणवीस शांत रहे, अपना काम करते रहे।

समय-समय पर अपमान का घूंट पीकर फडणवीस ने 2022 में शिवसेना को पहला झटका दिया। जब एकनाथ शिंदे की अगुवाई में शिवसेना का बड़ा कुनबा भाजपा से जा मिला। बगावत से बौखलाए उद्धव ठाकरे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद समय-समय पर फडणवीस की राह मे रोड़े अटकाने वाले शरद पवार का नंबर आया। फिर महाराष्ट्र की राजनीति में वह हुआ जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की होगी। शरद पवार के सगे भतीजे अजित और उनके 80 फीसदी सहयोगी फडणवीस से जा मिले। इस बगावत से केवल एनसीपी ही नहीं टूटी बल्कि पवार का परिवार भी बिखर गया। महाराष्ट्र की राजनीति में इसे सियासी सुनामी करार दिया गया था।

फडणवीस और मविआ नेताओं में शह और मात का यह खेल 2024 के लोकसभा चुनाव में बदल गया। मविआ को मिली जीत से भाजपा के खेमे में निराशा छाने लगी। भाजपा के समर्थक भी यह मानने लगे थे कि विधानसभा चुनाव बहुत मुश्किल होगा। वहीं, मविआ के नेता अपनी जीत के सपने देखने लगे थे। लेकिन फडणवीस ने दोबारा अपनी पार्टी को निराशा के अंधेरों से बाहर निकाला। एक ओर लाडली-बहना योजना का आगाज किया, दूसरी ओर किसान, मजदूर, गांव, गरीब सबसे संपर्क बनाया, बढ़ाया और अपनी जीत सुनिश्चित की। जिसके दम पर अकेली भाजपा को 133 सीटे मिली, वहीं सहयोगियो को मिला कर 230 सीटों का मजबूत खेमा फडणवीस के पीछे खड़ा होकर हुंकार भर रहा है- लो...लौट आया समुंदर....!

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से कबरई से हमीरपुर चुंगी के बीच सागर कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के खराब होने का प्रकरण तथा विद्युत वितरण खंड द्वितीय का कार्यालय कुलपहाड़ स्थानांतरित करने का व परिवहन विभाग द्वारा वाहनों के चालान काटे जाने का प्रकरण प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरणों पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा संबंधित विभागों को समय से कार्य करते हुए अनुपालन आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उद्यमियों द्वारा नवीन गल्ला मंडी रैपुरा के पास स्थापित हो रही इकाइयों के सुचारू विद्युत संचालन न होने का प्रकरण उठाया गया जिस पर उपस्थित अधिशासी अभियंता खंड प्रथम द्वारा समिति को अवगत कराया गया की उक्त क्षेत्र में अन्य कई गांवों को शामिल करते हुए शहरी क्षेत्र का विद्युत संयोजन घोषित करने की कार्यवाही की जा रही है जो आने वाले दो से तीन माह में पूर्ण हो जाएगी जिससे उक्त क्षेत्र की बिजली की समस्या का समाधान हो जाएगा। इसके साथ ही इन्वेस्टर समिट 2023 के अंतर्गत उपस्थित उद्यमियों की समस्याओं को सुना गया तथा इसके संबंध में कार्यवाही पूर्ण होने पर संबंधित विभागों तथा जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति को धन्यवाद ज्ञापन इकाइयों द्वारा किया गया। बैठक में मंडल स्तर के कोऑर्डिनेटर श्री साकेत चौधरी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की प्राइवेट औद्योगिक क्षेत्र बनाने की प्लेज स्कीम के संबंध में प्रस्तुतीकरण करते हुए उद्यमियों को योजना के संबंध में बताया गया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश तथा अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग महेश चंद सरोज द्वारा किया गया।उद्यमी संगठन की तरफ से श्री राम किशोर सिंह, श्री देवेंद्र मिश्रा, राम जी गुप्ता,मोहम्मद वसीम, श्री भागीरथ नगाइच इत्यादि उद्यमियों और व्यापारियों द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया। बैठक सकुशल संपन्न हुई।

## कानून-व्यवस्था एवं अभियोजन की समीक्षा बैठक संपन्न

**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी नें जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना/शाखा प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा की तथा महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहताओं की बरामदगी जल्द करने के लिए निर्देश दिये, इसके साथ ही जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया तथा शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब/जुआ के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए।उन्होंने आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने के निर्देश दिये।

## खेल महोत्सव क्रिकेट टूर्नामेंट: हरियाणा ने गाजियाबाद को सात विकेट से हराया

- 98 रन बनाने वाले हरियाणा के पियूष बने मैन ऑफ द मैच


**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे में आयोजित मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के क्रिकेट टूर्नामेंट में हरियाणा ने गोरखपुर को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। अखिल भारतीय खेल महोत्सव के पहले फेज में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के पूल बी का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला गोरखपुर बनाम हरियाणा के मध्य खेला गया। जिसमें गोरखपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में कुल 200 रन बनाकर आल आउट हो गई। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम ने शुरुआत से ही छक्के



चौके मारना शुरू कर दिए और 22वें ओवर में 3 विकेट के खोकर 203 रन बनाकर 7 विकेट से मुकाबला जीत लिया। हरियाणा की ओर से सबसे अधिक पांच विकेट राहुल यादव ने लियेए जबकि 98 रन बनाने वाले हरियाणा के पियूष को मुख्य अतिथि पूर्व क्रिकेटर शमशाद नबी एवं हकीम उद्दीन द्वारा मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। क्रिकेट मैच में अंपायर की भूमिका समीर सभासद व नाहिद शेरू एवं कमेंटेटर की भूमिका अब्दुल कादिर ने निभाई।

## खबरें एक नजर में

### पेड़ गिरने से मुख्य मार्ग का आवागमन बाधित



**पनवाड़ी/महोबा।** आज महोबा रोड पर स्थित गौरय्या दायी के समीप अकास्मिक एक बबूल का पेड़ बीच सड़क गिर गया जिसके परिणाम स्वरूप वाहनों के न निकल पाने से जाम की स्थित वन गयी जागरूक नागरिकों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी विभाग की ओर से करीव दो घन्टे तक कोई वनकर्मी न आने से रोड वाधित वना रहा। जैम लगे होने की सूचना पुलिस को दी गयी करीब दो घंटे बाद क्राइम इन्सपेक्टर सुनील मिश्रा एवं हमराही सिपाही रवि यादव को लेकर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणो की मदद से पेड को कटवा सड़क किनारे करवा वाहनो का आवा गमन वहाल करवाया।

### खाद न मिलने से आक्रोशित किसानों ने थाने के गेट के सामने लगाया जाम



**पनवाड़ी/महोबा।** विकास खण्ड के विभिन्न ग्रामों से आये खाद न मिलने से आक्रोशित किसानों ने आज प्रातः से थाने के गेट के सामने झांसी-मिर्जा हाइवे पर जाम लगा सड़क पर धरने पर वैठ गये जाम लगाये सबसे अधिक सख्या महिलाओं की देखने को मिली। जाम लगाये किसानों ने डीएपी खाद की मांग कर प्रशासन विरोधी जम कर नारे वाजी की जाम लगने से एक घन्टा वाहनो का आवा गमन पूर्ण रूप से वाधित रहा। बताते चले कि रवी फसल की वुवाई के लिए किसान अपने खेतो का पलेवा कर बुवाई के लिए तैय्यार वैठा है और किसान के खेत की वुवाई मे विलम्व हो रहा है प्रशासन किसानो की मांग पर डीएपी खाद की पूर्ति नहीं कर पा रहा है जिससे किसानों की वुवाई नही हो पा रही है इसी समस्या से आक्रोशित आज विकास खण्ड के विभिन्न ग्रामो से महिला पुरुष सैकड़ों किसानों ने आज प्रातः करीब 7 वजे झाँसी मिर्जापुर हाइवे थाने के गेट के सामने जाम लगा धरने पर वैठ गये जिसमे महिला किसानों की सख्या अधिक थी जाम लगने से दोनो ओर वाहनों की लम्बी कतारे लग आवागमन पूर्ण रूप से बाधित वना पुलिस ने किसानों को किसी तरह समझाबुझा शीध्र खाद दिलवाने का आश्वान दिया, तब कही एक घन्टे बाद जाम खुल सका।

### बेजुबानों का भोजन जलकर राख, शरारती तत्वों पर संदेह



**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम परछछ स्थित गौशाला में अज्ञात कारणों से आग लगने से वहां जानवरों के खाने के लिए रखी पुवाल जलकर राख हो गयाजिससे गौबंशों को भोजन के लाले पडे है। गौशाला में 150 मवेशी मौजूद है इनके खाने के लिए 60 ट्रॉली धान की पुवाल मंगा कर रखी गई थी जिससे जानवरों का पेट भर रहा था। बुधवार की देर शाम आग लगने से गौशाला में रखी पुवाल धू धू कर जलने लगी। यह देखते ही गौशाला के चौकीदार पुत्तन ने यह जानकारी ग्राम प्रधान अंशिका गौतम को दी जिस पर अंशिका ने इस घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंच जल रही पुवाल पर पानी की बौछारें डाल उसे शांत किया लेकिन तब तक सारी पुवाल राख में तब्दील हो चुकी थी। अब गौशाला में मौजूद मवेशियों के पेट भरने की समस्या खड़ी हो गई है। ग्राम पंचायत सचिव दिगंबर सिंह ने इस अग्निकांड में चार लाख रुपए की क्षति होने का अनुमान लगाया है। ग्राम प्रधान ने इस घटना को अंजाम देने में गांव के शरारती तत्वों का हाथ बताया है।

### कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**राठ(हमीरपुर)।** पांच माह पहले पुरानी रंजिश के चलते घर बाहर बैठे युवक को पिता पुत्र व उसके अन्य साथी ने कुल्हाड़ी व लाइसेंसी बंदूक की बटों से मारपीट कर लहुलुहान कर दिया था। मझगवां पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। मझगवां थाने के गोहानी पनवाड़ी गांव निवासी उमाशंकर पुत्र अन्तराम ने बताया कि तीन जुलाई की सुबह वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी उसी समय गांव का सतेंद्र कुमार अपने हाथ में कुल्हाड़ी उसका पिता रामकुमार अपनी लाइसेंसी दुनाली बंदूक व हरी सिंह हाथ में लाठी लेकर आए, पुरानी रंजिश के चलते तीनों घर के अंदर घुस आए और मारपीट करने लगे। सतेंद्र ने कुल्हाड़ी से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। उसके पिता ने दुनाली बंदूक की बट से पीटा। मारपीट से उसके दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईं थीं। बताया कि उसने मझगवां थाने में तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। उच्चाधिकारियों को भी शिकायती पत्र दिया। इसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर मझगवां पुलिस ने पिता पुत्र व अन्य एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

### युवती घर से नकदी लेकर भागी, पुलिस से शिकायत

**मौदहा(हमीरपुर)।** क्षेत्र के गांव के युवक पर अपनी पुत्री को बहला फुसला भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से लिखित शिकायत की है। पिता ने कोतवाली में बताया कि तीन दिसंबर को उसकी पुत्री को छिमोली गांव का एक युवक बहला फुसला कर अपने साथ लिवा गया है उसकी पुत्री घर में रखे सोने चांदी के जेवरातों समेत दस हजार नगद अपने साथ ले गई है जब पीड़ित ने इस बावत युवक के घर जाकर उसकी मां से जानकारी लेनी चाहिए तो आरोपी की माँ ने उसके साथ गाली-गलौज कर उसे भगा दिया। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है हालांकि इस मामले में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह का कहना है कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है, यदि तहरीर मिलती है तो आरोपी के खिलाफ कार्रवाही की जाएगी।

### खड़े ट्रैक्टर से भिड़ी बाइक, चालक की मौत

**राठ।** कस्बे से कपड़े की खरीददारी करके जा रहे बाइक सवार हमीरपुर रोड पर खड़े ट्रैक्टर में सीधे भिड़ गए। इस हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। जबकि बाइक के पीछे बैठे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। कोतवाली के अकौना गांव निवासी 19 वर्षीय स्वदेश पुत्र कल्लू अपने साथी 20 वर्षीय शनि पुत्र जयसिंह राठ कस्बे में बाजार में कपड़े की खरीददारी करने के लिए आए थे। खरीददारी करके वापस घर लौट रहे थे। तभी साईं मंदिर के पास सीमेंट की बोरी से भरे ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़े बाइक सवार सीधे घुस गए। इस हादसे में स्वदेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार शनि गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि शनि की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा था। बाइक सवार अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से भिड़ गए। जिसमें एक युवक की मौत हो गई है। पुत्र की मौत पर मां उषा का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक अविवाहित था। मृतक अपने पिता के साथ खेती करता था।

# एनयूपीपीएल ने घाटमपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के यूनिट एक के वाणिज्यिक परिचालन का ट्रायल शुरू

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**





एनयूपीपीएल (निवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड) के घाटमपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट में यूनिट एक के वाणिज्यिक परिचालन तिथि से संबंधित ट्रायल रन की शुरुआत पर एक संवाददाता सम्मेलन को सीईओ संतोष सीएस ने संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने परियोजना की अब तक की सफलता और भविष्य की दिशा पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

घाटमपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, जो यमुना नदी के किनारे स्थित है, एक 3×660 मेगावाट का थर्मल पावर प्रोजेक्ट है, ने यूनिट 01 के वाणिज्यिक बिजली उत्पादन की शुरुआत के साथ अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। सीईओ श्री संतोष सीएस ने यूनिट 01 की सफल कमीशनिंग पर गर्व व्यक्त किया और इसे परियोजना के दीर्घकालिक लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक अहम मील का पत्थर बताया।

**उत्तर प्रदेश और असम को बिजली आपूर्ति:** पावर पर्चेज एग्रीमेंट के अनुसार, घाटमपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट द्वारा उत्पन्न कुल बिजली का 75फीसद उत्तर प्रदेश को और शेष 25फीसद असम को आवंटित किया जाएगा। यह रणनीतिक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करती है कि दोनों राज्यों को इस बड़े पैमाने की ऊर्जा परियोजना से लाभ प्राप्त हो। सीईओ श्री संतोष सीएस ने कहा कि यह उपलब्धि एनयूपीपीएल के कर्मचारियों, ठेकेदारों और सभी स्टेकहोल्डर्स के अथक प्रयासों और मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने परियोजना के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने विभिन्न सरकारी एजेंसियों और अन्य स्टेकहोल्डर्स का आभार भी व्यक्त किया जिन्होंने परियोजना के जटिल विकास चरणों में सहयोग किया।

**चुनौतियों का सामना और आगे का रास्ता:** घाटमपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की शुरुआत 2016 में हुई थी और इसे कोविड-19 महामारी जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करना पड़ा, साथ ही एक प्रमुख ठेकेदार की दिवालिया स्थिति के कारण परियोजना में देरी भी हुई। लेकिन सीईओ ने बताया कि इन सभी समस्याओं के बावजूद परियोजना ने सफलता की ओर कदम बढ़ाया और इन बाधाओं को टीमवर्क और दृढ़ संकल्प के साथ पार किया गया। यूनिट 01 से संबंधित ट्रायल रन का सफल संचालन एक लंबी योजना, प्रयास और अनिश्चितताओं को पार करने का परिणाम है। अब हमें विश्वास है कि शेष दो यूनिट्स समय पर पूरा होंगे। हमारी टीम अगले चार महीनों में यूनिट 02 के ट्रायल रन को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, सीईओ श्री संतोष सीएस ने कहा।

इस परियोजना का क्षेत्रफल 1000 हेक्टेयर से अधिक है और अब सभी कार्य पूरी तरह से सुव्यवस्थित हैं, जिससे शेष यूनिट्स का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा। यूनिट #01 के सफल कमीशन के बाद, एनयूपीपीएल अब यूनिट #02 और #03 की समाप्ति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा और घाटमपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट भारतीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता:** ऊर्जा उत्पादन के अलावा, सीईओ श्री संतोष सीएस ने एनयूपीपीएल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। कंपनी आसपास के क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए विभिन्न पहलें चला रही है।

हमारे प्रोजेक्ट की वृद्धि के साथ साथ, हम समाज की उन्नति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को गहरे से समझते हैं। हमारे सीएसआर कार्यक्रमों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सतत विकास और आसपास के क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उत्पन्न करना शामिल हैं। हम मानते हैं कि हमारी परियोजना की सफलता का लाभ उन समुदायों को भी मिलना चाहिए जो इससे प्रभावित होते हैं, सीईओ ने कहा।

# डीसी से परेशान हो वार्डेन ने किया आत्महत्या का प्रयास, खंड शिक्षा अधिकारी को दी जांच

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जरिया स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में दिव्यांग वार्डेन ने डीसी द्वारा प्रताड़ित करने पर आज फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, मामले की जांच बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी राठ को दी है।

दिव्यांग वार्डेन कुमकुम गोयल ने डीसी द्वारा आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना से क्षुब्ध हो फांसी लगा कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसका कहना है कि डीसी अमन्त सिंह ने बीते 28 नवंबर को विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्डेन के पति विनीत गोयल जो वार्डेन की तबियत खराब होने पर दवा देने आए थे को देख कर भड़क गए। उन्होंने वार्डेन को नोटिस भी जारी कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि डीसी ने फोन पर उनके साथ अपशब्दों का प्रयोग किया एवं नौकरी जाने की धमकी दी।बताया कि उन्होंने डीसी द्वारा जारी नोटिस का जवाब भी दिया। फिर भी वो नहीं माने। कर्मचारियों को सहयोग करने पर नौकरी से हटवाने की धमकी दी। उन्होंने पूर्व में 40 हजार रूपये रिश्वत भी लिए है। बीते 03 दिसम्बर की रात्रि डीसी अमन्त सिंह ने फोन पर रसोईया के सामने उनके साथ अभद्रता की। जिससे क्षुब्ध होकर वार्डेन ने फांसी लगा कर आत्महत्या करने का प्रयास किया इसी दौरान अचानक एक छात्रा रितू मेरे कमरे में दवा लेने आयी उसके चिल्लाने पर सभी छात्राओं एवं स्टाफ ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह सही सलामत वार्डेन को उतारा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वार्डेन के बयान दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। वही प्रभारी बीएसए प्रभाकर सिंह तोमर ने मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी राठ को सौप द है। इधर डीसी का कहना है कि वार्डेन के पति विद्यालय में रहते है जौ गैरकानूनी है इसके लिये बीएसए द्वारा नोटिस जारी की गयी थी इसी बात को लेकर वार्डेन ने उन्हे फंसाने का ड्रामा किया है।

## अकीदमंदों ने बाबा की मजार पर फातिहा पढ़ मांगी मन्नतें

**राठ(हमीरपुर)।** मझगवां खिरिया मार्ग स्थित पठान साहब बाबा का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया। अकीदतमंदों ने बाबा की शान में चादर जुलूस निकाला। इसके बाद बाबा की मजार में पहुंच कर चादर पोशी की। अकीदतमंदों ने बाबा की मजार पर फातिहा पढ़ मन्नतें मांगी। गुरुवार को कस्बे के शिवम पैलेस मझगवां रोड से अरविंद सक्सेना के घर से पठान साहब बाबा के चादर जुलूस की शुरुआत हुई। जुलूस की अगुवाई प्रत्येक वर्ष की तरह कमेटी के प्रबंधक समाजसेवी राजाराम सैनी की। चादर जुलूस बारा खंभा चौराहे से बड़ी जुलेहटी होता हुआ डुमरियापुरा से सैना मार्ग पर समाप्त हुआ। जुलूस में हिंदू भाईयों के साथ में मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल हुए। जुलूस में डीजे पर बाबा की शान



में कब्बाली बज रही थी। वहीं चादर के पीछे दर्जनों महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी। कस्बे से आठ किमी दूर करगवां मौजा में स्थित पठान साहब बाबा की मजार में अकीदतमंदों ने चादर पोशी की। इसके बाद मजार में फातिहा पढ़ मन्नतें मांगी। बाबा की मजार पर लंगर का भी आयोजन किया गया। जिसमें अकीदतमंदों ने लंगर छका। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष पप्पू सक्सेना कोषाध्यक्ष अभिनाष साहू प्रेमनारायण सैनी नरसिंह सभासद प्रतिनिधि रवि सैनी वीरेंद्र सैनी बरकत अली शरीफ, वकील बहीद आदि मौजूद रहे।

## कार पुलिया से टकराई, चालक सहित दो की मौत, पांच घायल

**महोबा।** कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के झांसी- मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 339 पर बारातियों से भरी अनियंत्रित बेकाबू कार सड़क किनारे बनी पुलिया से टकरा गई । इस दर्दनाक सड़क हादसे में 2 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार कई बाराती घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे युवकों को निकालने को लेकर रेस्क्यू किया जा



रहा है। फिलहाल इस मामले में पुलिस प्रशासनिक आलाधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नही है। कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के सुगिरा गांव में रहने वाले ग्राम प्रधान के बेटे ने बताया कि एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर गांव के समीप पुलिया से टकरा गई है। इस सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। जबकि कार में सवार कई बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए है। पुलिस प्रशासन व ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर सभी कार में फंसे यात्रियों को निकालने की कोशिश की जा रही है। यह सभी कार सवार युवक एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए झांसी जनपद के मऊरानीपुर से महोबा जिले के कुलपहाड़ जा रहे थे। कि अचानक बेकाबू कार सुगिरा गांव के समीप हाइवे पर बनी पुलिया से टकरा गई है। अंश पटेल और मनीष की मौके पर मौत हो गई है। यह दोनों मृतक झांसी के घुटाई ओर मऊरानीपुर के रहने वाले है।

## ममता ने स्वामी ब्रह्मानंद पर गीत प्रस्तुत कर वाह वाही लूटी, जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित

**राठ(हमीरपुर)।** स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के 130वें जन्मोत्सव के उपलक्ष में महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ इंद्रपाल सिंह एवं प्राचार्य डॉ सुरेंद्र सिंह ने स्वामी ब्रह्मानंद के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत आकांक्षा एवं उनके साथियों ने मां सरस्वती की वंदना की प्रस्तुति देकर की। इसके बाद कुमारी अंजलि ने राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी के बोल पर जोरदार प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी। छात्रा ममता यादव ने स्वामी ब्रह्मानंद पर गीत गाकर उनके भक्तों को जयकारे लगाने के लिए मजबूर कर दिया। छात्रा शिवानी एवं अंजली ने हरियाणवी गीत पर प्रस्तुति देकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। छात्रा प्रिंसी वर्मा ने झुमका गिरा रे बाजार में बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। स्वप्निल वर्मा और उनके साथियों ने खेती किसानी नाटक का मंचन किया। मोरे परदेसिया गीत पर काजल एवं कोमलए यह गलियां यह चौबारा शिवानी राजपूत ने सोलो डांस किया। प्रशांत दीक्षित एवं उनके साथियों ने कॉमेडी नाटक नशा मुक्ति पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। कुमारी वैदेही ने बिंदिया चमकेगी पर एकल डांस प्रस्तुत किया। रानी एवं उनके साथियों ने रानी लक्ष्मीबाई पर बहुत ही जीवंत एवं शिक्षाप्रद नाटक की प्रस्तुति दी।

# भीषण सड़क हादसे में बाइकसवार युवक की मौत

- हादसे में युवती सहित दो अन्य घायल

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में आएदिन सामने आ रहे सड़क हादसे हाल ही में संपन्न हुए यातायात माह नवंबर के दौरान चलाए गए जागरूकता अभियानों पर सवाल खड़े करते नजर आ रहे हैं आज सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि एक युवती सहित दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दरअसल घटना श्रीनगर कोतवाली क्षेत्र के कानपुर सागर हाइवे स्थित बरा नाला के पास की है। जहाँ तेज रफ्तार बोलेरो कार और बाइक की भीषण टक्कर हो गई हादसे में दो बाइकों में सवार एक युवती सहित



तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल श्रीनगर थाना क्षेत्र के मवई गांव के रहने वाले कलुआ का 30 वर्षीय पुत्र गोविंदी उर्फ गोविंद दास कुशवाहा बाइक में सवार होकर महोबा की तरफ आ रहा था जैसे ही बाइक श्रीनगर कोतवाली क्षेत्र के कानपुर सागर हाईवे स्थित बरा नाला के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार बोलेरो कार ने अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी हादसे के दौरान पीछे से आ रही दूसरी बाइक भी दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में दोनों बाइकों में सवार गोविंदी कुशवाहा और शहर के रामनगर इलाके के रहने वाले बाबूलाल का 35 वर्षीय पुत्र उमाशंकर एवं 20 वर्षीय नम्रता गंभीर रूप से घायल हो गए तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान गोविंदी कुशवाहा की मौत हो गई जबकि उमाशंकर और नम्रता का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी नें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त जननी सुरक्षा, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा की। समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति होने पर जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी नें सभी सी. एच.ओ को निर्देशित करते हुए कहा कि टीवी मरीजों को समय पर इलाज मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया जाए तथा अर्बन में प्रगति खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी सी.एच.ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि



शत-प्रतिशत फीडिंग की जाये तथा ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाएँ एवं नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में टीकाकरण से छूटे बच्चों की लिस्ट बनाकर उनका टीकाकरण किया जाये।उन्होंने कहा कि सभी क्षय रोगियों की नियमित जांच कर दवा उपलब्ध कराई जाये। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान किया जाए। जननी शिशु सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क भोजन व दवाइयां उपलब्ध कराई जाए तथा 0-1 साल के बच्चों को नियमित टीकाकरण कराया जाए एक भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि घर-घर जाकर चाइल्ड रजिस्ट्रेशन कराये जाए कुष्ठ रोगियों को जल्द से जल्द आवास उपलब्ध कराये जाए। उन्होंने सभी सी.एच.ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्ड की साफ सफाई, बेडशीट, शौचालय नियमित रूप से सफाई करवाई जाए तथा जननी सुरक्षा में 100त्र भुगतान कराया जाये। गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले भोजन को चेक किया जाए। एच.आई.वी. और हीमो ग्लोबिन की नियमित रूप से जांच की जाए।जिलाधिकारी नें बच्चों के टीकाकरण में खराब स्थिति पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कैंप लगाकर बच्चों के टीकाकरण को बढ़ाया जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिवकुमार राय, डीएमसी यूनिसेफ सरफराज खान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मूंगफली खरीद केंद्र में सन्नाटा देख कर्मचारी पर बरसे पूर्व सांसद

**महोबा।** पचपहरा स्थिति केन्द्रीय मण्डी में मूंगफली खरीद केन्द्र बन्द होने तथा किसानों की मूंगफली की बिक्री बाधित होने पर पूर्व सांसद ने मण्डी में मोजूद कर्मचारी की जमकर क्लास लगायी साथ ही संबंधित उच्चाधिकारियों को तत्काली मूंगफली खरीद चालू किए जाने के सख्त निर्देश जारी किए। इस वर्ष क्षेत्र में मूंगफली का बेहतर उत्पादन हुआ है लेकिन मूंगफली खरीद केन्द्रों के देर से संचालित होने और अब सर्वर की समस्या को लेकर खरीद प्रभावित होना बताया जा रहा है जिससे खरीद केन्द्रों में मूंगलफली से लदे वाहनों की लम्बी कतार देखी जा रही है तथा किसान रातों दिन जागकर व उपज की रखवाली करते हुए मण्डियों के सामने फसल बेंचने के लिए कतार लगाए है लेकिन किसान की उपज बिक नहीं पा रही है। केन्द्रीय मण्डी पचपहरा में मूंगफली क्रय केन्द्र में पसरा सन्नाटे और बिक्री के लिए किसानों के वाहनों की लम्बी कतार देख पूर्व सांसद मण्डी समिति पहुंचे जहां मौके पर एक ही कर्मचारी पाया गया, जिसने खरीद केन्द्र में खरीद न हो पाने की तकनीकी खामियां और खरीद संस्थाओं के बदले जाने का रोना रोते देख पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत का पारा आसमान पर दिखाई दिया। अधिकारियों ने सर्वर की खामी बताते हुए खरीद पंजीयन न हो पाने की जानकारी दी गयी। पूर्व सांसद श्री राजपूत ने कहा कि समस्या सर्वर की हो या खरीद संस्थाओं की फेरबदल का हो लेकिन इन तीनों के बीच किसान परेशान है तथा रातों दिन जागते हुए भी अपनी उपज नहीं बेंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार मूंगफली की एमएसपी 6783 रूपया देते हुए किसान को लाभांवित करना चाहती है जबकि अधिकारी सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं।

# यूको बैंक के कैशियर ने किया लाखों का घोटाला

▸ अब तक दर्जनों खातों के मिल चुके हैं शाखा प्रबंधक को शिकायती पत्र



**धुरियापार/ऊरुवा/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

यूको बैंक शाहपुर थाना बेलघाट के कैशियर मोहम्मद कलीम लाखों का घोटाला किया है। उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए खातेदारों के जमा और निकासी के पैसों में हेर-फेर किया है।

बिना खाताधारक की जानकारी के उनके खाते से पैसे निकाल लेते और जब कोई खाताधारक बैंक में पैसा जमा करने आता तो उन पैसों को तुरंत खाताधारक के खाते में न पोस्ट करके अपने जरूरत के हिसाब से उनका उपयोग करते थे। दर्जनों खातेदारों ने इस सम्बन्ध में शाखा शाहपुर में शिकायत दर्ज कराया हैं। जिसको संज्ञान में लेते हुए यूको बैंक कैशियर मोहम्मद कलीम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। तथा उनके उपर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। बुधवार को यूको बैंक जोनल आफिस अयोध्या से तीन ऑफिसरों की टीम यूको बैंक शाहपुर में जांच करने पहुंचे थी। शाहपुर निवासी खाताधारक मुहम्मद अली ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने बीस हजार रुपए जमा किए चार दिन बाद तक पैसे खाते में नहीं जमा हुए। मीरपुर निवासी खाताधारक दयानंद ने अपने खाते में 68000 रुपये जमा कराए जो खाते में जमा नहीं किए गए। शाहपुर निवासी अलीमुद्दीन ने बताया कि बिना उनकी जानकारी के उनके खाते से तीन किस्तों में पचास-पचास हजार रुपए निकाल लिए गए। जो शाखा प्रबंधक एवं बेलघाट थाने पर भी तकरीर दिया गया है।

बृहस्पतिवार को संतराज मालपुर निवासी ने बताया कि उनके खाते से 50000 खाते से निकाल लिया गया है। जिसे लेकर के शाखा प्रबंधक एवं जनसुनवाई पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर शिकायत किया है।वही कुछ आम आदमी का कहना है कि कैशियर अक्सर पैसा जमा करके रशीद खाताधारक को दे देते थे और पैसे खाते में बाद में पोस्ट करते थे।

आपको यह अभी बता दें कि प्रमुख रूप से सर्वप्रथम समृद्धि न्यूज़ के द्वारा यह मुद्दा गभीरता उठाया गया। इसके बाद लोग अपने-अपने खातों चेक करना शुरू कर दिए वैसे ही एक-एक मामले सामने आते जा रहे हैं।

## ग्रामीणों की समस्या समाधान में सहयोग करें जन सूचना अधिकारी

**फतेहपुर, बाराबंकी।** राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सूचना के अधिकार के प्रति जागरूक बनाने की आवश्यकता है। इस कार्य में ग्राम्य विकास के जन सूचना अधिकारियों को सहयोग करना चाहिए। जन सूचना अधिकारी ग्रामीणों को ऑनलाइन आवेदन करने और सुनवाई के लिए प्रेरित कर सकते है। जिससे उनको व्यर्थ परेशान ना होना पड़े।

राज्य सूचना आयुक्त बाराबंकी जनपद की फतेहपुर तहसील में ग्राम विकास के जन सूचना अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरटीआई में जनकल्याण और पारदर्शिता की भावना समाहित है। इसके माध्यम से ग्रामीणों, निर्धनों की समस्या का समाधान होता है। इनको वांछित सूचना मिल जाने मात्र से इनकी समस्या का समाधान आसान हो जाता है।

# खाना बनाते समय कूकर फटने से झुलसी युवती

**फतेहपुर,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

फतेहपुर थाना अंतर्गत गुरवार 5 दिसंबर को ग्राम असोहना में प्रमोद कुमार के घर में खाना बनाते समय कुकर फटने से उनकी पुत्री चपेट में आने से झुलस गई।

गुरुवार की सुबह करीब 10:00 बजे असोहना गांव निवासी प्रमोद कुमार की 25 वर्षी पुत्री रजनी वर्मा घर पर रसोई घर में खाना बना रही थी। कि खाना बनाते समय अचानक कुकर फट गया और उसकी चपेट में आने से रजनी का चेहरा झुलस गया वो तड़पने लगी। कूकर फटने की आवाज से पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया पारिवारिकजनों द्वारा तत्काल रजनी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर लाकर भर्ती कराया जहां मौजूद चिकित्सको द्वारा अविलम्ब प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया गया चिकित्सक डॉक्टर हिमांशु ने बताया कि कुकर फटने से जो गरम भाप और गैस निकली उसी वजह से चेहरा झुलस गया है युवती का उपचार किया जा रहा है स्वास्थ्य की स्थिति सामान्य है उपचार के बाद उसे घर भेज दिया जाएगा।




## कार्यालय-नगर पालिका परिषद्- कायमगंज, कायमगंज-फर्रु0।

पत्रांकः- 1046/न0पा0परि0का0/2024-25 दिनांक 05/12/2024

### मैनुअल अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त फर्मो/ठेकेदारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद कायमगंज निकाय में पूर्व से निर्मित शौचालयों के उन्नयन एवं जीर्णोद्धार का कार्य कराना चाहती है, जिसके लिए निविदा नगर पालिका परिषद् कायमगंज में वर्ष 2024-25 में समस्त फर्मो/ठेकेदारों से सील बन्द निविदा के माध्यम से दिनांक 12.12.2024 तक आमंत्रित की जाती हैं। आगणन धनांक की 02 प्रतिशत जमानत राशि एवं निविदा मूल्य नगर पालिका परिषद कायमगंज के भारतीय स्टेट बैंक कायमगंज के खाता संख्या-11233380100, IFS Code SBIN0000661 में नकद/आर.टी.जी.एस./एफ0डी0आर0 के माध्यम से जमा करना होगा। अनुबन्ध की शेष जमानत धनराशि 08 प्रतिशत देय होगी। बिना धरोहर राशि के कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। सोल बन्द निविदा डालने का दिनांक 06.12.2024 प्रातः 10: 00 बजे से दिनांक 12.12.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक है। समयावधि पश्चात् किसी भी कुटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। दिनांक 13.12.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को स्वीकृति/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद कायमगंज में निहित होगा। निविदा सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्यालय दिवस पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | मद | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (रुपये में) | जमानत राशि 2 % | निविदा शुल्क | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत | सामुदायिक शौचालय (मॉडल शौचालय), पुलिया पुलगालिव, फिलिंग स्टेशन के पास कायमगंज। | 100000 | 2000 | 100 | 15 दिन |
| 2- | | पिंक शौचालय (महिला), सरकारी हॉस्पिटल के पास कायमगंज। | 100000 | 2000 | 100 | 15 दिन |
| 3- | | सार्वजनिक शौचालय (पेय एण्ड यूज), सिविल कोर्ट के पास कायमगंज। | 100000 | 2000 | 100 | 15 दिन |
| 4- | | सामुदायिक शौचालय, मो0 चिलाका बेडारास कायमगंज। | 100000 | 2000 | 100 | 15 दिन |
| 5- | | सामुदायिक शौचालय (मॉडल शौचालय), कोरी धर्मशाला के पास कायमगंज। | 100000 | 2000 | 100 | 15 दिन |
| 6- | | सामुदायिक शौचालय शिवाला मंदिर के पास कायमगंज। | 100000 | 2000 | 100 | 15 दिन |
| 7- | | पिंक शौचालय (महिला), कोतवाली के पास कायमगंज। | 100000 | 2000 | 100 | 15 दिन |
| 8- | | सामुदायिक शौचालय (पेय एण्ड यूज), कोतवाली के पास कायमगंज। | 100000 | 2000 | 100 | 15 दिन |
| 9- | | पिंक शौचालय सीओ आवास के पास कायमगंज। | 100000 | 2000 | 100 | 15 दिन |
| 10- | | पिंक शौचालय मोहल्ला जटवारा नाला के पास कायमगंज। | 100000 | 2000 | 100 | 15 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज**
**जनपद फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज**
**जनपद फर्रुखाबाद।**


# 27 किलो पोस्ता छिलका के साथ दो गिरफ्तार



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

थाना कोठी पुलिस ने 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 27 किलो 19 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका व एक अदद डिजायर कार बरामद कर जेल रवाना कर दिया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के द्वारा जनपद में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ आलोक पाठक के पर्यवेक्षण में थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को अभियुक्तगण अरूण कुमार पुत्र रामेश्वर यादव निवासी ग्राम बडी घुसवल कला सुशान्त गोल्फ सिटी, जनपद लखनऊ तुलसीराम उर्फ नन्द कुमार पुत्र मायाराम रावत निवासी ग्राम करीमाबाद मलौली थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को हिम्मतपुर के पास नहर के किनारे ग्राम सोहावा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 27 किलो 19 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका व घटना में प्रयुक्त 01 अदद कार (मारूति डिजायर) यूपी 32 एलएन 6555 बरामद किया गया।

पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तगण के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी करने में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ,उनि सरफराज अहमद ,उनि ,विशेष कुमार कुरील का. संतोष कुमार सिंह, का. विवेक कुमार, का. राजेश्वर सिंह आदि लोग शामिल रहे।

## ग्रामीणों ने एसडीएम से की आम रास्ते में जानवर बांधने की शिकायत

**जालौन,उरई।** आम रास्ते में जानवरों को बांधने से गांव के लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है। ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम हरीपुरा निवासी सेवाराम ने पुलिस को बताया कि उनके गांव में सीसी सड़क पड़ी है। इसी आम रास्ते पर कुछ लोग जबरन अपने जानवरों को बांध देते हैं। सड़क पर बंधे जानवर सड़क पर ही गंदगी करते हैं। साथ ही निकलने वालों को भी दिक्कत होती है। यदि कोई दोपहिया या चार पहिया वाहन निकलता है तो जानवर सड़क पर बंधे होने से उन्हें हटाना पडता है।

## दूध लेने गई युवती हुई लापता, मुकदमा दर्ज

**मसौली बाराबंकी।** दूध लेने के लिए निकली 27 वर्षीय युवती के गायब होने पर लापता युवती की माँ ने अपने दामाद एव उसके दो अन्य साथियो पर अपहरण की अशंका जताते हुए थाना मसौली मे मुकदमा दर्ज कराया है। मसौली थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक महिला ने मसौली पुलिस मे मुकदमा दर्ज कराते हुए अपने दामाद रंजीत वर्मा पुत्र राम जीवन वर्मा पर आरोप लगाते हुए बताया कि गत 28 नवंबर को मेरी 27 वर्षीय पुत्री शाम करीब 4 बजे घर से दूध लेने निकली थी जो वापस नही आयी पुत्री की तलाश मे जुटे परिजनों को जानकारी मिली की मेरी पुत्री को दामाद रंजीत वर्मा अपने साथी सुमंत पुत्र बिहारी अपने पुत्र आशीष निवासी ग्राम बिकौली थाना सफदरगंज के साथ मिलकर अपहरण कर गायब कर दिया है । गायब युवती की माँ को आशंका है कि मेरी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना हो सकती है। मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है।


**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम BAHUTI DEVI व जन्मतिथि 01.07.1955 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम BOHATI व जन्मतिथि 01.01.1955 है। BOHATI M/o of Army/JC No-481923W, रैंक- सूबेदार, सुशील कुमार आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम मढकरीमपुर, पोस्ट खतौली, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश-पिन कोड-251201.

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम BASANTI BHOWMICK व जन्मतिथि 01.07.1935 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम BASANTI BHOWMIK व जन्मतिथि 01.02.1945 है। BASANTI BHOWMIK M/o of Army/JC No-481608A, रैंक- सूबेदार कृष्ण भौमिक, आर.आर.सी. फतेहगढ़ निवासी-ग्राम आशारु, जिला-उत्तर 24 परगनास, पश्चिम बंगाल-743251

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SIYA DULARI व जन्मतिथि 01.07.1952 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SIYA DEVI व जन्मतिथि 01.01.1955 है। SIYA DEVI M/o of Army/JC No-481769H, रैंक- सूबेदार दलवीर सिंह सेंगर आर.आर.सी. फतेहगढ़, ग्राम गूढ़ा, पोस्ट-जगम्मनपुर, जिला-जालौन, उत्तर प्रदेश-285124

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SUKHVEER SINGH SENGAR तथा जन्मतिथि 01.07.1947 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SUKH VEER SINGH व जन्मतिथि 01.01.1940 है। SUKH VEER SINGH F/o of Army/JC No-481769H, रैंक- सूबेदार, दलवीर सिंह सेंगर आर.आर.सी. फतेहगढ़ निवासी-ग्राम गूढ़ा, पोस्ट-जगम्मनपुर, जिला-जालौन, उत्तर प्रदेश-285124


## दुर्घटना पीड़ित की जीवन रक्षा सबसे बड़ा मानव धर्मः ऋतु

**अयोध्या।** बेनीगंज स्थित डीटीटीआई में आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह के नेतृत्व में परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यावसायिक वाहन के चालको, स्कूली वाहन चालकों और रोडवेज चालकों आदि का वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत गुरुवार को ड्राइविंग ट्रैक पर सभी चालकों से एक एक कर वाहन चलवाकर प्रैक्टिकल हेर्मो चालन कराया गया।इसमें एच आकार की पार्किंग,येडियंट (चढ़ाई व दलाल),पैररल पार्किंग,8 आकार में ड्राइविंग आदि ट्रैक परसेंशर कि सहायता से अधिकारियों की मौजूदगी में कराया गया तथा चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग का पाठ पढ़ाया गया। आरटीओ प्रशासन सुश्री सिंह द्वारा बताया गया कि वाहन चलाने से पहले टायर में हवा, वाईपर,ब्रेक,कलच,बैक लाइट, हेड लाइट,फाग लाइट,वाहन के प्रपत्र रुकी स्थिति में जांचने के उपरान्त ही वाहन को सड़क पर लाना चाहिए।

# एसडीएम की अध्यक्षता में हुई तहसील टास्क फोर्स की बैठक

▸ सीडीपीओ बोली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को लगाया गया है

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील टास्क फोर्स की बैठक एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई विभाग के अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थिति रहे जिस पर एसडीएम ने स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया।

जिसमें पल्स पोलियो अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। गुरुवार को टास्क फोर्स की बैठक में एसडीएम प्रीति सिंह ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. सन्तोष सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि पल्स पोलियो अभियान 8 दिसंबर से चलाया जाएगा। जिसमें सुबह 8 बजे से 4 बजे तक बूथ लगाए जाएंगे और बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सभी प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय 8 दिसंबर को खोले जाएंगे। बताया कि टोली के माध्यम से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बूथों पर बुलवाकर पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। बाल विकास विभाग द्वारा 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को आंगनबाड़ी सहायिका के माध्यम से बूथ पर भी दवा पिलाई जाएगी। सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने बताया कि इसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को लगाया गया है। एसडीएम प्रीति सिंह ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाना है। यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इस मौके पर शैलेश कुमार, रामकुमार आदि लोग मौजूद रहे।


## ARMY PUBLIC SCHOOL FATEHGARH CANTT (UP)

Telephone No-

**TENDER NOTICE**

Quotations/Tenders are invited for Purchase of Interactive Flat Panels, Installation of CCTV systems, Items for Science Labs, Construction work and other school requisites for APS, Fatehgarh Cantt. **For details and downloading tender/quotation, visit school website www.apsfatehgarh.com.** Tenders/quotations can also be collected from school office on working days from 1100hrs to 1400hrs. Last date for submission of tender/quotation is 23 Dec 24.

PRINCIPAL


# विद्युत विभाग की टीम से हुई मारपीट, चार पर केस दर्ज

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार की भोर सुबह स्थानीय नगर के मोहल्ला इंदिरा नगर में विद्युत चेकिंग के दौरान मारपीट की घटना हो गई। जिसमें दो विभागीय संविदा कर्मी घायल हो गये। इस मामले को लेकर एसडीओ की ओर से चार नामजदों तथा चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विद्युत उपखंड अधिकारी कालपी आदर्श राज ने कोतवाली कालपी में दिए गए शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि विद्युत चोरी रोकने के उद्देश्य से गुरुवार की सुबह करीब 8.30 बजे कालपी हाईवे के पास मोहल्ला इंदिरा नगर में उपभोक्ता स्व. जगदीश प्रसाद तिवारी के परिसर में स्थापित विद्युत मीटर की सर्विस केवल छत के ऊपर पड़ी थी। विद्युत चोरी की आशंका से उपभोक्ता प्रतिनिधि की उपस्थिति में चेकिंग की गई तो एक अतिरिक्त केविल जोड़कर अवैध रूप से विद्युत का प्रयोग करते पाया गया। जिसका मौके पर वीडियो बनाया गया। इसी दौरान आरोपियों धीरेंद्र तिवारी पुत्र शिवकुमार तिवारी, शैलेंद्र तिवारी पुत्र शिवकुमार तिवारी, वीरेंद्र तिवारी आदि ने मुझे वह मेरी टीम के अवर अभियंता, टीजूटी भूपेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार धीर, संविदा कर्मी दिलीप कुमार, अनूप कुमार, लल्लन सिंह, सादिक, कोमल, अरुण कुमार गुप्ता के साथ लाठी, डंडों तथा लोहे की राठ से हमला कर दिया।

## तहसीलदारों को दिए वाद निस्तारण के निर्देश



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में गुरुवार को आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु एक बैठक आयोजित की गई। अपर जिला जज व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा के विश्राम कक्ष में आयोजित की गई इस बैठक में जिले की विभिन्न तहसीलों के तहसीलदार और उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे जिन्हें सचिव वर्मा द्वारा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।बैठक में नायब तहसीलदार रूदौली स्नेहित वर्मा,तहसील मिल्कीपुर रिकार्ड कीपर राम कुंवर यादव, तहसीलदार सोहावल सुमित सिंह,पेशकार, तहसील सोहावल अंजनी कुमार तथा नायब तहसीलदार, बीकापुर रामखेलावन आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, अलीगंज,जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1545/ई.ई.-3/एल.जे.एस. दिनांक- 05.12.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 12.12.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 12.12.2024 को अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 12.12.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में खोली जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying & Interconnection of P.V.C. pipe line 90 mm Dia 145 mtr from Mohd. Arif's House to Abdul Bashar's House near Tulsi park, Triveni Nagar Ward, Lko | 5300.00 | Rs.300 | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग,**
**नगर निगम, लखनऊ**

## कार्यालय-नगर पालिका परिषद्- कायमगंज, कायमगंज-फर्रु0।

पत्रांकः- 1043/न0पा0परि0का0/ई0नि0सू0/2024-25 दिनांक 05/12/2024

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रान्ट) के अन्तर्गत शासनादेश सं0 8/4290/320(3)/15वां वि0आ0/2023-24 लखनऊ दिनांक 21 फरवरी 2024 द्वारा मु0रू0 4977199/-एवं शासनादेश सं0 8/4470/320(3)/15वां वि0आ0/2023-24 लखनऊ दिनांक 16 मार्च 2024 द्वारा 4977199/-15वां वित्त आयोग (टाइड ग्रान्ट) के अन्तर्गत शासनादेश सं0 8/4291/320(3)/-15वां वि0आ0/2023-24 लखनऊ दिनांक 21 फरवरी 2024 द्वारा 7465801/-एवं शासनादेश सं0 8/4469/320(3)/-15वां वि0आ0/2023-24 लखनऊ दिनांक 16 मार्च 2024 द्वारा मु0रू0 7465801/-एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के अन्तर्गत शासनादेश सं0 8/4445/139(2)/-02 प्रतिशत अति0स्टा0 शुल्क/2019-20, लखनऊ दिनांक 15 मार्च 2024 द्वारा मु0रू0 1248382/- के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण/आपूर्ति कार्य कराए जाने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित कमेटी द्वारा पत्र संख्या-1157/इक्कीस वि0/एल0बी0सी0/2025-25 दिनांकः 15 अक्टूबर, 2024 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पालिका परिषद् कायमगंज में वर्ष 2024-25 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से **दिनांक 06.12.2024 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 27.12.2024 को अपरान्ह 12: 00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पालिका परिषद् कायमगंज द्वारा संचालित खाता संख्या.11233380100, IFS Code SBIN0000661 भारतीय स्टेट बैंक कायमगंज में आर.टी.जी.एस./डी.डी. द्वारा जमा कर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस.सी. 05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् कायमगंज के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर दिनांक 27.12.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद् कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य है। ऑनलाईन निविदा दिनांक 27.12.2024 को समय अपरान्ह 04:00 बजे समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in पर कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृक्ति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद् कायमगंज में निहित है। विस्तृत शर्ते, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पा0परि0का0/2024-25 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 06.12.2024 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bids | 27.12.2024 12:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bod's | 27.12.2024 04:00P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive Officer Nagar Palika Parishad Kaimganj, Farrukhabad |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज**
**जनपद फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज**
**जनपद फर्रुखाबाद।**

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ मीटर रीडरों का प्रशिक्षण

**बिल सम्बन्धित पूर्ण जानकारी होने पर ही मीटर रीडर उपभोक्ता को दें जानकारी**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



प्रशिक्षण प्राप्त करते मीटर रीडर

पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत सोलर रूफटाप के सफल संचालन एवं उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक लाभ देने के लिए जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में हर्षवर्धन सभागार में जनपद के समस्त मीटर रीडरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण मे जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार की महत्वाकांशी योजना पीएम सूर्य घर योजना संचालित की जा रही है। कहा कि बिजली का उपभोग बढ रहा है। हर साल हर घर में बिजली के उपकरण क्रय किये जा रहें हैं। यह योजना बहुत ही सफल योजना है। इससे हर घर में बिजली पैदा की जायेगी। कहा कि सोलर पर स्थापित नेट मीटर में बिल बनाने में आ रही समस्याओं के विषय में मीटर रीडर बहुत ही ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण लें। बिल सम्बन्धित पूर्ण जानकारी होने पर ही मीटर रीडर उपभोक्ता को बिल की जानकारी दें।

कहा कि सोलर रूफटाप की मांग बहुत अधिक है। क्योकि इस योजना में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार सब्सिडी दी जा रही है। प्रशिक्षण में सहायक अभियंता मीटर आकाश गुप्ता ने पीएम सूर्यघर के उपभोक्ताओं के बिलों में आ रही कठिनाइयों के दृष्टिगत मीटर रीडरों को विस्तृत रूप से नेट बिलिंग किये जाने का टेक्निकल प्रशिक्षण दिया गया। परियोजना अधिकारी नेडा ने घरों में लग रहे सोलर सिस्टम के सम्बन्ध में तथा पीएम सूर्यघर योजना की पूर्ण जानकारी दी एवं प्रगति से मीटर रीडरों को अवगत कराते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया।

# सपा की मासिक बैठक में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर की गई चर्चा

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल ने की राष्ट्रीय नेतृत्व से प्राप्त निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया कहा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार वह सपा सरकार में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं किसानों को सरकार खाद तक मुहैया नहीं करा पा रही है ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता बिल्कुल तैयार बैठी है बैठक संचालन किया आदिल परवेज इस मौके पर बजरंग सिंह चौहान हृदयनारायण दुबे अंकुर सिंह यादव मीडिया प्रभारी अनुराग वाजपेयी धीरज कठेरिया डॉ धमेंद्र यादव रोविन जाटव विपिन जाटव शालिनी गुप्ता अंमिका अग्रवाल शहनाज अतुल कटेरिया अमन खान तस्लीम वारसी मोनू यादव हृदय नारायण दुबे साकेत जाटब लाखन सिंह जितेंद्र सादव मौजूद रहे।

## हक की बात
# जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम आज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम राय ने बताया कि आज दिन शुक्रवार को ''हक की बात जिलाधिकारी के साथ'' कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11:30 बजे कलेक्टेट गांधी सभागार में किया जायेगा। जिसके अंतर्गत यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, दहेज हिंसा आदि शिकायतों के सम्बन्ध में सहायता हेतु पारस्परिक संवाद का आयोजन किया गया है। अपनी शिकायत/ सुझाव अंकित कराये जाने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी के नम्बर 7518024055 पर जिलाधिकारी से पारस्परिक संवाद स्थापित कर सकते है।

# आप खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं: प्रो. जयवीर सिंह




**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नेहरू कॉलेज, में विगत वर्षो की भाँति वर्ष 2024-25 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 05 दिसंबर 2024 को हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ सचिव, प्रबंध समिति, इंदिरा दुबे ने किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरस्वती के चित्रपट के सम्मुख दीपप्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण द्वारा हुआ। तत्पश्चात खिलाड़ियों द्वारा मार्चपास्ट हुआ। मार्चपास्ट के उपरांत प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह ने खिलाड़ियों को खेलभावना की शपथ दिलाई। सचिव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलभावना और अनुशासनपूर्वक प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह ने खिलाड़ियों से कहा आप खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। खेल आपको शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करता है। आज 100 मीटर छात्रा दौड़, 200 व 400 मीटर छात्र-छात्रा दौड़, शॉटपुट, भारोत्तोलन, हैमर थ्रो, डिस्कस थ्रो प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। सभी खेलकूद छात्र और छात्रा वर्ग में अलग-अलग श्रेणियों में आयोजित हुए।

खेल प्रभारी डॉ. राजीव कुमार सिंह ने पूरी लगन व निष्ठा के साथ खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी की थी, जो आज परिलक्षित हुई। आपने सचिव, प्रबंध समिति व प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों व कर्मचारियों का स्वागत किया। निर्णायक मंडल में शिक्षकों ने अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन किया। खेलकूद के अंतराल में खिलाड़ियों को स्वल्पाहार दिया गया।


गुरसहायगंज में किसान गोष्ठी करते अधिकारी।

## मृदा परीक्षण के बाद ही करें उर्वरक का प्रयोग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विश्व मृदा दिवस पर राजकीय कृषि भंडार पर विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को मृदा संरक्षण की जानकारी दी गई। जबकि जैव उर्वरकों के प्रयोग के विषय में किसानों को जागरूक किया गया। गुरुवार को गुरसहायगंज के जीटी रोड स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में मृदा दिवस पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एडीओ एजी राजीव कुमार ने किसानों को मृदा संरक्षण और परीक्षण की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि किसान समय-समय पर मृदा का परीक्षण करा कर ही उर्वरक का प्रयोग करें। जिससे फसल की पैदावार प्रभावित न हो।

# विश्व मृदा दिवस पर हुए जागरूकता कार्यक्रम

**50 किसानों को गेहूं बीज, निशुल्क शंकर राई बीज का किया वितरण**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**




विश्वमृदा दिवस पर राजकीय कृषि भंडार जलालाबाद में मृदा से संबंधित किसानों को जानकारी दी। जैव उर्वरकों के प्रयोग के विषय में किसानों को जागरूक किया। गुरुवार को राजकीय कृषि बीज भंडार के केंद्र प्रभारी विमलेश कुमार के दिशा- निर्देशन में विश्व मृदा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण/ गोष्ठी, जैव उर्वरकों के प्रति किसानों को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में केंद्र के बीटीएम दिलीप कुमार ने विश्व मृदा दिवस पर किसानों को मृदा से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि जैव उर्वरकों के प्रयोग से पहले मृदा परीक्षण करवा ले। उसके बाद ही जैव उर्वरकों का प्रयोग करें। जबकि केंद्र पर लगभग 50 किसानों को गेहूं का बीज व निशुल्क शंकर राई बीज का वितरण किया गया।

इस दौरान एडीओ कृषि, राम महेश, शैलेंद्र अग्निहोत्री, अमित कुमार सहित किसान मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने नौ एनबीडब्लू वारंटी को किया गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा जनपद के समस्त थानों से विगत 24 घण्टे में कुल 09 वारण्टी एनबीडब्लू अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना गुरसहायगंज 02, थाना तालग्राम 03, थाना छिबरामऊ 02, थाना सकरावा 02 कुल 09 एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया। अभियुक्तगण को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### दो लोगों को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मोहल्ले के लोगों ने युवक से बेबजह अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही बीच बचाव में आये उसके भाई से भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के प्रति कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी बैदू पुत्र जन्नू ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि गुरुवार की सुबह करीब 12 बजे मोहल्ले के युवक व उसकी पत्नी ने उसके साथ बेबजह अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही बीच बचाव में आये उसके भाई अलीजान से भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किशोरी को बहला फुसलाकर कर भाग ले जाने के मामले में पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव निवासी युवक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री बीते 27 नवंबर की शाम करीब 05 बजे शौच करने गई थी। उसी समय जनपद हरदोई के थाना हरपालपुर के अंतर्गत आने वाले गांव नौअनपुर्वा निवासी कश्मीर अपने बहनोई राकेश पुत्र कामता प्रसाद के साथ मिलकर उसकी नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर कर कहीं भगा ले गया। काफी खोजबीन के उपरांत भी उसका कहीं पता नहीं चल सका। पुलिस ने घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ससुर को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत के विवाद को लेकर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम गुगरापुर निवासी सोनी पत्नी अमित ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि खेत के विवाद को लेकर गांव के ही बलराम, जगराम तथा सर्वेश कुमार लाठी डंडे लेकर आए और खेत पर मौजूद ससुर रामशरन से गाली गलौज की। विरोध करने पर उन्हे लाठी डंडों से मार पीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डीएन इंटर कॉलेज हुई खेलकूद प्रतियोगिताएं

**तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के डीएन इंटर कॉलेज खेल मैदान में गुरूवार को बेसिक शिक्षा के उमर्दा विकास खण्ड की बार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें उमर्दा ब्लाक के 13 न्याय पंचायतों के प्राथमिक व जूनियर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को भाजपा विधायक कैलाश राजपूत व ब्लाक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा ने प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। इसमें प्राथमिक विद्यालय तिर्वागंज की टीम ने कबड्डी में प्रथम स्थान हासिल किया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता की


विजेता छात्र को प्रमाण पत्र सौपते ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा

शुरूआत डीएन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेन्द्र तोमर ने फीता काटकर की। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व उमर्दा के खण्ड शिक्षा अधिकारी के अलावा तिर्वा के विधायक कैलाश राजपूत व उमर्दा के ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा, नगर पंचायत तिर्वा के चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता मौजूद रहे। प्राथमिक विद्यालय की 50 मीटर की दौड़ में प्राथमिक विद्यालय बलनापुर के श्याम सुन्दर व प्राथमिक विद्यालय गुरौली की अरीबा बानो ने प्रथम स्थान पाया। 100 मीटर में तिर्वागंज के वैभव, तिर्वाखास की चांदनी अव्वल रही। 200 मीटर में क0विद्यालय सतसार के सचिन व फिरोजपुर की पूनम ने बाजी मारी।

**कबड्डी में प्राथमिक पाठशाला तिर्वागंज की टीम रही अव्वल**

उच्च प्राथमिक विद्यालय की 100 मीटर दौड़ में सतसार के कौशल व नुनारी की अनन्या, 200 मीटर दौड़ में मझिला के रिषभ व कपूरापुर की शालिनी, 400 मीटर में मझिला के हिमांशू व फुलवारी की प्रिया यादव ने प्रथम स्थान पाया। कबड्डी प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय तिर्वागंज की टीम अव्वल रही। इन सभी को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर ब्लाक प्रमुख ने सम्मानित किया।

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकाली गई शोभायात्रा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के चकोर रोड स्थित वेलेश्वर धाम मंदिर में दुर्गा माता, राम दरबार, हनुमान के अलावा शिव जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 04 नवंबर से शुरू हो गया था। द्वितीय दिवस पर देव दर्शन कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर के प्रमुख मार्गो से शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें भक्तों ने पुष्पवर्षा कर जयकारे लगाए और नगर के मंदिरों का भ्रमण किया। गुरूवार को शोभा यात्रा नगर के तिर्वा रोड, जीटी रोड, तिराहा, चकोर रोड होते हुए पुनः वेलेश्वर धाम मंदिर में पहुंची। शोभायात्रा के दौरान महिला-पुरुष भक्तों का जनसमूह सड़कों पर उमड़ पड़ा। आयोजकों ने बताया कि श्री राम



दरबार, दुर्गा माता ,शिव जी के साथ हनुमान जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कल 06 दिसंबर को की जाएगी। सभी लोग जय श्री राम और हर हर महादेव का जयघोष करते रहे। इस अवसर पर मोहित गुप्ता पप्पन भैया,नीरज मिश्रा,रामू गुप्ता, सीमा आर्य, क्षितिज आर्य, अस्मिता आर्य, जय यदुवंशी, हर्ष कौशल, करण चौहान, टीटू, विपिन गुप्ता, श्यामू गुप्ता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भविष्य के सटीक निर्णय में मदद करती कैरियर कांउसलिंग: प्राचार्य

**प्राचार्य ने छात्रों को दिए कैरियर के टिप्स**

**तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने कहा कि कैरियर कांउसलिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके जरिए छात्र अपने कैरियर, शिक्षा व जीवन में फैसले लेने में मदद करती है। इसके जरिए न केवल भविष्य के निर्णय व तत्काल फैसले लेने में भी सहायक होती है।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य गुरूवार की दोपहर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा के सभागार में कक्षा 12 के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग के जरिए उनके भविष्य के निर्णय लेने की क्षमता को विकसित कर रहे थे। उन्होने कहा कि इसके जरिए छात्रों को अभी से यह तय कर लेना होगा कि उनकी रूचि किस क्षेत्र में है और वह भविष्य में डॉक्टर, इंजीनियर अथवा अफसर बनना चाहते हैं। पुरातन छात्र व कस्बे के व्यवसायी अंशुल गुप्ता ने कहा कि कैरियर कांउसलिंग एक आजीवन चलने वाली प्रक्रिया है। जो आपको बेहतर निर्णय लेने में मदद करती है। जिससे भविष्य में उनका कैरियर बेहतर साबित होता है।


प्राचार्य को शील्ड प्रदान करते प्रधानाचार्य व शिक्षक

कार्यक्रम के दौरान विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा व आचार्य अनन्तराम व वीरेश ने संयुक्त रूप से प्राचार्य को शॉल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# टीएसआई ने अभियान चलाकर किया चालकों को जागरूक

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

टीएसआई अरशद अली ने नगर के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर वाहन चालकों को जागरूक किया और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। कहा कि जीवन बहूमूल्य है।

इसे अपने देश, समाज व परिवार के लिए सुरक्षित रखे और वाहन चलाते समय इसकी रक्षा करें। गुरूवार को अभियान के दौरान टीएसआई ने कहा कि तभी हम सडक पर अपनी सुरक्षा कर सकते है। ज़ब हम यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करेंगे। उन्होंने खासकर युवाओं से अपील की कि वे वाहन को धीरें चलायें और हेलमेट को अवश्य लगायें। उन्होंने कहा कि पिछले कई साल से देखने में आ रहा है कि सडक दुर्घटनाओं में अधिकांश 20 से 35 साल के युवाओं की मौत होती है। जिसका प्रभाव उनके परिवार में देखने को मिलता है।उन्होंने युवा वर्ग से अपील की कि सडक पर आने से पहले सभी को यातायात के नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए। साथ ही यातायात से सम्बंधित अनेक जानकारिया भी देते हुए सभी से सडक सुरक्षा के लिए नियमों के पालन का आग्रह किया। टीएसई अरशद ने आगे कहा कि हम सबका जीवन सिर्फहमारे लिए ही नहीं बल्कि समाज, देश एवं हमारे परिवार के लिए अवश्यक है।

# महिला से मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने गाली गलौज की और महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।

ग्राम गढ़िया बलीदादपुर निवासी राधा देवी पत्नी राजेश ने कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया है कि 08 नवंबर को पड़ोसी लक्ष्मी देवी, गुलशन, सरिता तथा बेचेलाल लाठी डंडे लेकर उसके दरवाजे पर आए और दरवाजे पर गंदगी डालने से मना करने पर गाली गलौज की। विरोध करने पर उसे मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेसियों में सरकार के खिलाफ दिखा आक्रोश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



संभल हिंसा में प्रदेश सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों में आक्रोश देखने को उस समय मिला जब तिर्वा नगर क्रांति चौराहा पर कांग्रेसियों ने एकत्रित होकर पुलिस की गोली से पांच युवकों की हत्या को लेकर कैंडल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया।

जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल की अगुवाई में नगर में कैंडल मार्च निकालकर संभल हिंसा को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने तमाम कांग्रेसियों के साथ कैंडल मार्च निकालकर सरकार के ऊपर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया कहा कि जिस तरह कांग्रेसी नेता राहुल गांधी संभल में हुई हिंसा के बाद पीड़ितों का दर्द बांटने के लिए जा रहे थे। तभी सरकार के इशारे पर चलने वाली प्रदेश की पुलिस ने उन्हें रोककर यह साबित कर दिया कि वह संविधान के लिए नहीं बल्कि अपने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खुश करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। संभल की हिंसा यह दर्शाती है कि मौजूदा सरकार पूरी तानाशाही दिखाकर देश में लोकतंत्र खत्म करने की कोशिश में लगी हुई है। लेकिन कांग्रेसी बिल्कुल भी देश से संविधान को मिटाने नहीं देंगे चाहे इसके लिए देश में बड़े आंदोलन क्यों न करने पड़े जनता की लड़ाई कांग्रेसी सड़क से लेकर पार्लियामेंट में भी लड़ने का काम करेंगे। इस मौके पर लियाकत अली, राजीव, कमरुद्दीन, गुड्डू गांधी आशीष शुक्ला, सत्य प्रकाश शर्मा, कृष्ण कन्हैया, आकाश, अशोक कनौजिया, जितेंद्र सिंह चौहान, अवनीश, रीना सिंह सहित आदि लोग रहे।

# एसडीएम व सीओ ने की शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

नगर व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए गुरुवार को कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी व सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में धर्मगुरुओं व संभ्रांत नागरिकों की बैठक हुई।

क्षेत्र में कानून व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाये रखने के लिए हिन्दू व मुस्लिम धर्मगुरुओं से आम जनमानस से संवाद स्थापित करने पर जोर दिया गया। धर्मगुरुओं व स्थानीय संभ्रांत लोगों के साथ हुई बैठक में अधिकारियों ने कहा कि शांति बनाए रखने की लोगों से अपील करें। कानून व्यवस्था बनाये रखने में शासन-प्रशासन की मदद करें।

**शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन की मदद करें: सीओ सदर**

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष नीरज मिश्रा ने कहा कि पुलिस चौकी के समीप तिर्वा रोड पर फुटपाथ पर लगी दुकान जाम का मुख्य कारण है। वहीं व्यापार उद्योग मंडल के राजेश गुप्ता ने नगर के जीटी रोड पर दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटवाने की बात कही। जिस पर अधिकारियों ने समस्या के निस्तारण का भरोसा दिलाया। इसके बाद अधिकारियों ने नगर में भ्रमण कर सुरक्षा व शांति व्यवस्था का जायजा लिया और अतिक्रमणकरियों को चेतावनी दी।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं ने अपनी- अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गुरुवार को कस्वा में वीडीटी इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा दिखाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी सोनिया श्री वास्तव और खण्डशिक्षा अधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर किया। प्रतियोगिता में प्रथमिक स्तर पर बालक एवं बालिका वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में न्याय पंचायत अनौगी का तथा यूपीएस स्तर पर न्याय पंचायत जलालाबाद के बच्चों


छात्रा को मेडल पहनाकर सम्मानित करते बीईओ व अन्य

का दबदबा रहा। बीईओ ने विजेता व उप विजेता बालक, बालिकाओं को प्रमाण पत्र, मेडल एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।

इस दौरान बीईओ ने कहा की खेलकूद से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। पढ़ाई के साथ- साथ खेल कूद भी जरूरी है। इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष सुशील कुमार यादव, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह चौहान, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक मंत्री रामौतार, नोडल शिक्षक संकुल राकेश कुमार, मनोज यादव, शिक्षक संकुल अबधनारायण, आशीष कुमार, मुकेश मिश्रा, रोहित द्विवेदी, जितेंद्र यादव, मधुरिमा श्रीवास्तव सहित आदि लोग मौजूद रहे।





# मनरेगा में लूट, पहाड़पुर बैरागढ़, परमनगर में कागजों में चल रहा फावड़ा

**एपीओ कुलदीप यादव की सजातीय प्रधानों को मनरेगा में लूट की खुली छूट**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद विकासखंड में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार इस कदर व्याप्त है कि घोटालेबाज प्रधानों से पार पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास तो नहीं हो रहा है, लेकिन विकास के नाम पर प्रधान व उच्च अधिकारी अपनी-अपनी जेबें जरूर भरकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसी ही ग्राम पंचायत है पहाड़पुर बैरागढ़ जहां सुरेश वर्मा के खेत से गंगा जी तक चकरोड पर मिट्टी का कार्य होना दर्शाया जा रहा है। जिसमें चार मस्टर रोल दर्शाकर 36 मनरेगा मजदूरों की हाजिरी मनरेगा पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। जिसमें 18 महिला मजदूर की भी हाजिरी मनरेगा पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। सबसे मज़ेदार बात तो यह है कि जिस जगह कार्य होना दर्शाया जा रहा है वहां कुछ समय पूर्व आई गंगा की बाढ़ का पानी भरा हुआ है, जो अपने आप में कई सवाल खड़े कर रहा है।

अगर वहां पर बाढ़ का पानी भरा हुआ है तो फिर मनरेगा के मजदूर क्या कागजों में ही चकरोड डाल रहे हैं। इस कार्य में जो 18 महिला मजदूर कार्य करते हुए दर्शायीं जा रही हैं उन्हें इस कार्य की कोई जानकारी ही नहीं है। जब इस संबंध में कार्य करने वाली महिलाओं से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके द्वारा की जा रही मजदूरी की उन्हें कोई जानकारी नहीं है और न ही उनके द्वारा कोई कार्य किया जा रहा है। यदि पानी में चकरोड पड़ रहा है तो इसकी जांच एपीओ कुलदीप यादव द्वारा क्यों नहीं की गई। इसकी भी अपनी एक वजह है। वह वजह यह है कि एपीओ कुलदीप यादव और प्रधान सजातीय है। एपीओ कुलदीप यादव का सीधा कहना है कि अगर उनके सजातीय प्रधान हैं तो उसको लूट की खुली छूट है। यह कार्य पिछले कई दिनों से कागजों में ही दौड़ाकर सरकारी खजाने को लूटने का कार्य ग्राम प्रधान रामबेटी यादव द्वारा किया जा रहा है।

सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा शमसाबाद बिकास खंड की ग्राम पंचायत गंगलऊ परमनगर में देखने को मिला है। जहां शिशुपाल के खेत से संजीव के खेत तक मिट्टी का कार्य होना दर्शाया जा रहा है। इस कार्य में पांच मस्टर रोल दर्शाकर 40 मनरेगा मजदूरों की हाजिरी मनरेगा पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। यहां भी सबसे मज़ेदार बात यह है कि यहां पर कोई चकरोड धरातल पर नजर ही नहीं आ रहा है। यह कार्य भी सिर्फ कागजों तक ही सीमित नजर आ रहा है। यहां भी महिला मजदूरों की फर्जी हाजिरी मनरेगा पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। यहां 20 महिला मजदूरों की हाजिरी मनरेगा पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। इस संबंध में जब गांव के ग्रामीणों से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने आज तक किसी भी मजदूर को इस जगह काम करते हुए नहीं देखा है। उन्होंने बताया कि प्रधान के द्वारा दो चार लोगों को खड़ा कर फोटो खींच लिया जाता है और फोटो खींचने के बाद बापस कर दिया जाता हैं।



वह चकरोड जिस पर दर्शाया जा रहा काम

# सीएमओ ने अस्पतालों में मारा छापा, दो ओटी की सील

**वेदान्त हॉस्पिटल के अल्ट्रासाउंड सेंटर में डलवाया ताला**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आई.जी.आर.एस. पर मिली शिकायतों के आधार पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने मसेनी में छापा मारकर दो अस्पतालों की ओटी को सील कर दिया।

जिससे अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार ने गुरुवार को आई.सी.आर.एस.पर मिली शिकायतों के आधार पर छापा मारा। जिससे अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया। न्यू सिद्धार्थ हॉस्पिटल व कुलवंती हॉस्पिटल में अमानक पाई गई ओटी को सील कर दिया। वहीं गीतांजलि हॉस्पिटल की शिकायत जांच में फर्जी पाई गई और व्यवस्थाएं सही मिली हैं। सीएमओ को न्यू वेदांत अल्ट्रासाउंड सेंटर में डॉक्टर नहीं मिले और न ही कोई रिकार्ड मिला। जिस पर दो महिला कर्मचारियों को बाहर कर सीएमओ ने अल्ट्रासाउंड सेंटर का शटर लगवा दिया और डॉक्टर को फाइल (डॉक्यूमेंट) के साथ सीएमओ कार्यालय में तलब किया है। आज की इस कार्यवाही में मसेनी स्थित अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया। बताते चलें कि मसेनी में सबसे ज्यादा अस्पताल हैं। इसमें कई अस्पताल अमानक रुप से संचालित हो रहे हैं। जिसकी शिकायत कई बार की गयी।





अल्ट्रासाउंड सेंटर में ताला डलवाते सीएमओ

# अज्ञात कारणों से लगी आग से गृहस्थी जलकर राख

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात कारणों से लगी आग से गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने पंपसेट की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया। हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी नौशाद के घर गुरुवार शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना के समय नौशाद मजदूरी करने दूसरे गांव गए थे। अन्य स्वजन घर के बाहर बैठे थे। उसी समय अज्ञात कारणों से उनकी झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद पंपसेट की मदद से आग पर काबू पाया। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक आग से गृहस्थी के सामान सहित दो जानवर भी झुलस गए। पीड़ित ने तहसील प्रशासन को मामले की सूचना दी। पीड़ित के अनुसार करीब दो लाख रुपए का नुकसान हो गया। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।



झोपड़ी में जली गृहस्थी का दृश्य

# आगामी त्योहार व शेखपुर मेले को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को कमालगंज थाने में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी मौलवियों तथा आचार्य, पुजारी के अलावा नगर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

एसडीएम अमृतपुर रविंद्र नाथ राय ने सभी पर त्योहार तथा शेखपुर में होने वाले उर्स लेकर बातचीत की। बताते चलें कि पिछले साल उर्स में झूले को लेकर विवाद हो गया था। जिसके चलते अब प्रशासन सजग है। वहीं एसडीएम सदर रजनीकांत ने सोशल मीडिया पर अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही। आजकल जिसको देखो वही सोशल मीडिया पर अफवाहें फैला देता है। इससे सभी लोगों को बचाना चाहिए। यदि ऐसा कोई करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं मेला में होने वाले आयोजनों को लेकर कहा की हम सब लोग अपने-अपने बच्चों के समझाएं कि वह मेले में जाकर लड़कियों और औरतों पर छींटाकशी करें जिसे कोई भी वाद विवाद की स्थिति पैदा हो इस बात का सभी लोग विशेष ध्यान रखें तथा डीजे वाले डीजे बजाने पर जरा ध्यान दें डीजे का बेस कम रखें ताकि लोगों को परेशानी ना हो वही मस्जिदों के वॉल्यूम की आवाज कम करने की भी दिशा निर्देश दिए गए तथा जो मस्जिदों के ऊपर लाउडस्पीकर लगा रखे हैं उनको नीचे करने के लिए भी कहा गया इस मौके पर एसडीएम सदर रजनीकांत शिव अमृतपुर रविंद्र नाथ राय अंडर ट्रेनिंग का अजय वर्मा थाना अध्यक्ष अनुराग मिश्र मौलाना मुबीन मोहर्रम कमेटी से वसीम धीरज नाथ शुक्ला राजबहादुर चौरसिया गणेश समिति अध्यक्ष अमित गुप्ता चंदन गुप्ता शाहिद तमाम लोग मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद संभ्रांत लोग

# पाक्सो एक्ट के मामले में अभियुक्त को बीस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने गणेश कुमार मिश्रा पुत्र शेष कुमार मिश्रा निवासी मोहल्ला बगिया सोहनलाल कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर बीस वर्ष का कारावास व एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया

बीते 3 वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के निवासी महिला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरी 15 वर्ष की पुत्री 14 मई 2021 को घर के बाहर शौच करने के लिए निकली थी। उसी समय बाइक से राहुल उर्फ अजय मोटर साईकिल से आया और मेरी पुत्री से गणेश मिश्रा के घर चलने को कहा। जिस पर मेरी पुत्रीं विश्वास करके राहुल के साथ गणेश के घर पर चली। गई वहां पर गणेश, रोहित फौजी और था। इन लोगो ने मुझे कोल्डड्रिंक पिलाई, तो मेरी पुत्री को नशा होने लगा। इन तीनों ने जबरदस्ती बारी-बारी से मेरी पुत्री के साथ साथ बलात्कार किया। जब मेरी पुत्री की तबियत बिगड़ी तो राहुल मेरी पुत्री को तीन बजे घर छोड़ गया। पुत्री ने सारी बात मुझे बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने गणेश मिश्रा को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर बीस वर्ष का कारावास व एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। साक्ष्य के अभाव से अजय, रोहित को दोष मुक्त किया गया।

## खबरें एक नजर में

### बाइक फिसलने से युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव सलेमपुर दूंदेमई निवासी मुजाहिद उम्र 36 वर्षीय पुत्र इसकीन बाइक द्वारा किसी काम से जा रहा था। गांव से निकलते ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### आग जलाते समय वृद्ध झुलसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव कुबेरपुर निवासी इकदार खाँ उम्र 70 वर्ष घर के पास कूड़ा इकट्ठा करके जलाने लगे, तभी आग की तेज लपटों की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस कर घायल हो गये। आनन-फानन में परिजन घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### पेड़ से गिरकर युवती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गॉव सिकन्दरपुर खास निवासी प्रेरणा उम्र 18 वर्षीय पुत्री रक्षपाल घर के बराबर में खड़े वकैने के पेड़ से वकैने तोड़ रही थी, तभी अचानक वह डामर रोड पर मुंह के बल नीचे आ गिरी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### आईटीआई के इलेक्ट्रानिक वर्कशाप में चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज के राजेंद्र नगर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में इलेक्ट्रीशियन विभाग के वर्कशॉप में अज्ञात चोरों द्वारा सामान चोरी कर लिया गया। प्रधानाचार्य सुमित कुमार यादव ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी और बताया रोज की भांति प्रात: 10.00 बजे विद्यालय का मेनगेट खुला, तो पता चला विद्यालय में अंदर जाकर देखा गया की वर्कशॉप विभाग के जंगला एवं मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। जिसमें देखा काफी सामान चोरी कर लया गया। वर्कशॉप से नौ बेंच एवं अन्य उपकरण चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। जैसे सूचना थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### रामदरबार मूर्ति स्थापना दिवस व अखण्ड पाठ एवं भंडारा 8 को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री राम दरबार मूर्तियों का स्थापना दिवस समारोह 8 दिसंबर को श्री हनुमान मंदिर सब्जी मंडी फतेहगढ़ में होगा। इस अवसर पर मूर्ति पूजन व अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक एवं मंदिर के पुजारी पंडित हृदयेश दीक्षित ने बताया कि 8 दिसंबर को श्रीराम दरबार में मूर्तियों के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अखण्ड पाठ एवं मूर्ति पूजन तथा 9 दिसंबर को अखण्ड पाठ समापन एवं भंडारा होगा। कार्यक्रम आयोजन समिति में राजेश सक्सेना, डॉ. प्रवीण पाण्डेय, रवीश द्विवेदी, गिरधर गोपाल, आशा सक्सेना (मूर्ति संस्थापक) डॉ. बालगोविन्द, शशीभूषण दुबे, कुलदीप दुबे, राकी गुप्ता, चंदन दुबे को शामिल किया गया है।

### सात लीटर कच्ची शराब सहित महिला गिरफ्तार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाने में तैनात उप निरीक्षक संजीव कुमार ने लिखाये गए मुकदमे में बताया कि मैं शांति व्यवस्था देखरेख के अंतर्गत अपने हमराहियों के साथ एवं महिला पुलिस के साथ कमालगंज दुर्गा मंदिर वाली गली में जा रहा था। उधर से आ रही एक संदिग्ध महिला को देखा। शक हुआ तो उसकी जामा तलाशी लेने पर उसके दाहिने हाथ में एक प्लास्टिक की पिपिया बरामद हुई। उसे सूंघने पर पता चला कि यह कच्ची शराब है। नाम एवं पता पूछने पर उसने अपना नाम दामिनी पत्नी कोहिनूर निवासी महरुपुर रावी बताया। पुलिस ने महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# तीसरे दिन भोलेपुर से सुभाष चौक तक हटाया गया अतिक्रमण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जाम की झाम से निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी के आदेश पर नगर पालिका अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही है। जिसके क्रम में तीसरे दिन फर्रुखाबाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार की अगुवाई में कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र भोलेपुर से सुभाष चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

नगर पालिका की ओर से लाउडस्पीकर से एलाउंस कराकर सभी व्यापारियों को अभियान चलाने से पहले ही सूचित किया गया कि फुटपाथ पर जिन लोगों ने अवैध तरीके से अपना सामान या अतिक्रमण कर रखा है वह स्वयं हटा लें।अगर वह ऐसा नहीं करते हैं, तो नगर पालिका अपने स्तर से अवैध अतिक्रमण को हटाकर फुटपाथ खाली करायेगी और इस दौरान अतिक्रमण हटाने में जो भी व्यय होगा, वह संबंधित अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति से वसूला जायेगा। जैसे ही शहर में लाउडस्पीकर की आवाज सुनाई दी, तो लोग अपने खोखे, टीन आदि सामान हटाना शुरु कर दिया। गुरुवार को भोलेपुर कर्नलगंज चौकी से अभियान चलाया गया और फतेहगढ़ सुभाष चौक तक चला। इस दौरान कई जगह लोग हाथ जोड़कर कुछ समय की मोहलत मांगते दिखायी दिये कि वह अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लेंगे। अधिकांश जगह पर नगर पालिका की जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया।



अतिक्रमण हटाते नगर पालिका के कर्मचारी

# 6 दिसंबर की घटना को लेकर प्रशासन अलर्ट, थानाध्यक्ष ने बुलायी बैठक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

6 दिसंबर की घटना को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। थाना अध्यक्ष ने थाने पर पीस कमेटी की बैठक बुलायी। बैठक में तहसीलदार ने लोगों से सुझाव मांगे तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कस्बा नवाबगंज स्थल थाना प्रांगण में 6 दिसंबर की घटना को लेकर पुलिस प्रशासन कोई ढिलाई नहीं बरतना चाहता है। इसलिए थानाध्यक्ष विद्यासागर तिवारी तथा तहसीलदार कायमगंज विक्रम सिंह ने क्षेत्र के सभी संभ्रांत लोगों को बैठक के दौरान आपसी भाईचारे का पाठक पढ़ाया। वहीं 6 दिसंबर की घटना को लेकर हिंदू समुदाय एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील की कि वह एक भाईचारे के साथ कल कस्बे में रैली निकालें। जिससे कि भाईचारा प्रतीत हो। यही बात तहसीलदार कायमगंज विक्रम सिंह ने भी लोगों से कही। तहसीलदार ने कहा कि भाईचारे के साथ दोनों समुदाय के झंडे तथा राष्ट्रीय ध्वज सभी के हाथ में होना चाहिए और रैली का आयोजन कस्बे में किया जाए। इस मौके पर तहसीलदार कायमगंज विक्रम सिंह, थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र, थाने के एसएसआई रामसिंह, दरोगा संतोष कुमार, दरोगा हेमंत कुमार, थाने के हेड दीवान वीरेंद्र सिंह, गणेश शंकर, नीरज कुमार तथा मौलाना नजमुल कादरी, चांदनी मस्जिद के मौलाना आरिफ अली, आफाक अली, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य, आदेश राठौर, महावीर सिंह राठौड़, इमरान खान, शमशाद अली नवाबगंज कस्बा की जामा मस्जिद के इमाम, बांसमई के ग्राम प्रधान पति सिंटू सिंह सहित तमाम संभ्रांत व्यक्ति बैठक में मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद सर्व समाज के लोग

# ट्रांजीशनल व ओरियन्टेशन कार्यक्रम में पंचकर्म चिकित्सा की दी गयी जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में 2 दिसम्बर से चल रहे बीएएमएस तथा पीजी छात्र/छात्राओं के ट्रांजीशनल तथा ओरियन्टेशन कार्यक्रम के चतुर्थ दिन बीएएमएस के विद्यार्थियों को पंचकर्म विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रीता सिंह ने पंचकर्म चिकित्सा के बारे में जानकारी दी।

आज के अतिथि विख्यात आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. रविन्द्र सिंह यादव रहे। जिन्होंने आयुर्वेद का अध्ययन छात्र/छात्राओं को लगन व मेहनत से करने के लिए प्रेरित किया। वदतु संस्कृतम् की कक्षा में डॉ. अरिमर्दन सिंह ने संस्कृत का पठन-पाठन करवाया। सांई मीर फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अर्पित कटियार ने व्यक्तित्व विकास से सम्बन्धित ज्ञानवर्धन किया तथा फार्मेसी तथा आयुर्वेद आपस में किस प्रकार एक दूसरे से सम्बन्धित है बताया। ''नो योर कैम्पस'' के तहत डॉ. विकास बाबू ने पुस्तकालय भ्रमण करवाया। इसी क्रम में पीजी के छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय पीजी डीन डॉ. निरन्जन एस. ने टाइम मैनेजमेंन्ट के महत्व के बारे में बताया। केएली आयुर्वेद महाविद्यालय बेलागवी, कर्नाटक के प्राचार्य प्रो. सुहास कुमार शेट्टी ने ऑनलाइन माध्यम के तहत पीजी के छात्र/छात्राओं को पीजी के पठन-पाठन के लिए प्रेरित किया तथा दिशा निर्देश दिये। कॉलेज कॉर्डिनेटर डॉ. नीतू श्री ने यू.जी. तथा पीजी छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय के अनुशासन में रहने के नियम बताये तथा छात्रावास से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किया। डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय ने योग के द्वारा रिलेक्शेसन टेक्नीक के बारे में बताया।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. निरंजन एस., डॉ.मुकेश विश्वकर्मा, डॉ. मधु रंजन, डॉ. रेशमा, डॉ. कविता तथा प्रशासनिक अधिकारी अनूप ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व निभाया।



अतिथि को सम्मानित करते आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज के शिक्षकगण

## अधिकारियों ने दिव्यांगों को बांटे उपकरण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कार्यालय सभागार में खंड शिक्षा कार्यालय पर मुख्य विकास अधिकारी ने दिव्यांगों को उपकरण बांटे। उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के खंड शिक्षा कार्यालय पर गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा तथा डीडीओ एसके तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद ने दूरदराज से आए परिषदीय विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किये। इससे पूर्व जिला मुख्य विकास अधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने सभी अधिकारियों को बैज लगाकर उनके स्वागत में गीत प्रस्तुत किया। वहीं विकास खंड अधिकारी नवाबगंज सुनील श्रीवास्तव ने मुख्य विकास अधिकारी को बुकें भेंट कीं। वही खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बुकें भेंट कर स्वागत किया। डीडीओ एस0के0 तिवारी, कानपुर से दिव्यांग विभाग से आए सूरज कुमार, राजन पांडे, विपुल कुमार, शैलेंद्र राणा सहित विभाग के सभी अधिकारियों ने दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किये। जिससे दिव्यांगों के चेहरे खिले नजर आए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, बीडीओ एसके तिवारी, जिला समन्वयक जितेंद्र सिंह, विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, नियोजन विभाग के फॉलोअर इंदल बाबू, आरपी पंकज यादव, बलवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुरेश चंद्र, प्रदीप पाल तथा क्षेत्र में आए दिव्यांग छात्र-छात्राएं तथा उनके अभिभावक मौजूद रहे।



# बाइक चोरियों में दो बाल अपचारी सहित चार लोग गिरफ्तार

**21 बाइकें व एक 315 बोर का तमंचा किया बरामद**

**कायमगंज/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसओजी/सर्विलान्स की संयुक्त पुलिस टीन ने चोरी की गयी 21 मोटर साइकिलें, एक अवैध तमन्चा 315 बोर, दो अदद जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना कायमगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 164/24 धारा-379 भादवि0 में प्रकाश में आये अभियुक्तगण हिमान्शू शाक्य पुत्र पन्नालाल शाक्य निवासी अर्रापहाड़पुर थाना मऊदरवाजा, अंकित यादव पुत्र श्याम सिंह निवासी किशनपुर थाना राजा का रामपुर जनपद एटा व 2 बाल अपचारी को कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार, एसओजी प्रभारी सचिन चौधरी, उपनिरीक्षक राजेश राय, उपनिरीक्षक गजराज सिंह, सर्विलांस प्रभारी विशेष कुमार, कायमगंज कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक जितेंन्द्र कुमार, कांस्टेबिल धर्मेन्द्र, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबिल अंकित गंगवार, कांस्टेबिल सिददू सिंह ने गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी से अभियुक्त अंकित यादव एक तमन्चा 315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस तथा बाल अपचारी के कब्जे से .एक मास्टर चाबी बरामद हुई।

हिमान्शू शाक्य व बाल अपचारीगण की निशानदेही पर ग्राम नरैनामऊ थाना कायमगज पुल के बायी तरफ नहर विभाग के पुराने खण्डर से 11 मोटर साइकिलें, अभियुक्त हिमान्शू के खेत अर्रा पहाड़पुर थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रुखाबाद में खेत के बायी तरफ टीले के ऊपर मकबरे के पास की झाड़ियों में छिपी 8 चोरी की मोटर साइकिलें बरामद हुईं। कुछ मोटर साइकिलों पर फर्जी नम्बर प्लेट बनाकर बेचने के उद्देश्य से लगायी गयी हैं तथा कुछ मोटर साइकिल पर चेचिस नम्बर अलग है तथा उसमें नम्बर प्लेट अलग लगी हुयी है। हिमान्शू द्वारा खण्डहर में छिपायी गयी एक लोहे की रेती बरामद की और अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि इसे हम मोटर साइकिल के इंजन नम्बर व चेचिस नंबर को मिटा देते है और राह चलते राहगीरो को बेच देते हैं। उससे जो रुपये मिलते है उन रुपयो को हम लोग आपस में बांट लेते है। गिरफ्तारी के अधार पर थाना कायमगंज पर मु0 अ0 स0 261/2024 धारा 303(2), 317(2), 317(4), 317(5), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।



मोटर साइकिल के साथ पकड़े गये बाइक चोर

# एसडीएम ने की 6 दिसंबर को भाईचारा बनाये रखने की अपील



बैठक लेते उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी आदि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी रवेन्द्र सिंह व क्षेत्राधिकारी जयसिंह परिहार की संयुक्त अध्यक्षता में पीस कमेठी की बैठक का आयोजन किया गया। वैठक के दौरान उपजिलाधिकारी ने लोगों से 6 दिसम्बर को आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होने कहा अगर कोई गड़बड़ी करने की कोशिश करे, तो उसकी तत्काल पुलिस को सूचना दें। उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। आप लोग आपसी भाईचारा कायम रखें। उन्होंने कहा कि शासन के द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करें। वहीं क्षेत्राधिकारी जयसिंह परिहार ने कहा कि अराजकतत्वों से पुलिस निपटना जानती है। कानून को हाथ में लेने वाले बक्से नहीं जायेंगे। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस की पैनी नजर होगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ने अपील की कि सभी लोग अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहे। उन्होंने कहा अमन चैन में सभी का सहयोग जरूरी है। आपसी सौहार्द में बाधक बनने वालों के बारे में पुलिस को जरूर सूचित करें। वहीं सोशल मीडिया पर कड़ी निगरागी रखी जाएगी। फेंक न्यूज फैलाने वालों पर त्वरित कार्यवाई की जायेगी।

बैठक के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, क्राइम इंस्पेक्टर राजेश सिंह सहित नगर वं क्षेत्र के मंशाराम गुप्ता, डॉ. विकास शर्मा, मनोज कौशल, आदेश अग्निहोत्री, दिमान्शू कौशल, राशिद, साजिद, राजेन्द्र, बसरुददीन, नाजिम सहित संभ्रात लोग मौजूद रहे।

# भारत स्काउट गाइड रैली एवं सर्वोच्चतम कैडेट्स प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ



कर्तव्य का बोध कराते मुख्य अतिथि सीडीओ



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें

▸ छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया मंत्रमुग्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत स्काउट गाइड एवं सर्वोच्चतम दो दिवसीय कैडेट्स रैली का शुभारम्भ डीपीवीपी उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुभारम्भ हुआ। रैली का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द मिश्रा व जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने स्काउट के जनक लार्ड बैडेन पॉवेल के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर रैली का उद्घाटन किया। जिला मुख्यायुक्त दिनेश वर्मा, जिला सचिव महेश राजपूत, रैली संयोजिका इंदु मिश्रा, सह रैली संयोजक विनीत चौहान व आशीष कुमार ने आये हुए अतिथियों का बुके भेंटकर माल्यार्पण कर बैज लगाकर स्वागत किया। रैली का संचालन डिस्ट्रिक कमिश्नर भारती मिश्रा ने किया।

मुख्य अतिथि ने आयी हुई टीमों से सलामी ली और कहा कि स्काउट गाइड संस्था बच्चों को सुनागरिक बनाने हेतु संकल्पित है। इस रैली के माध्यम से एक और संकल्प ले कि हम सभी अपने में आत्मविश्वास भरेगें तथा आलस त्याग कर स्वयं से किये गये संकल्प हेतु प्रतिबद्ध रहेगें। विशिष्ठ अतिथि जिला विकास अधिकारी ने कहा कि जीवन में मां के पश्चात गुरु का स्थान सबसे बड़ा होता है।

गुरु यही चाहते है कि उनके शिष्य प्रगति करें। सत्र के पश्चात मार्च मास्ट एवं कलर पार्टी, गाठे बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, झण्डी संकेत तथा कैम्प फायर की प्रतियोगितायें आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल सिंह, प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, ऐस्टर रोज दयाल, संदीप चतुर्वेदी, डॉ. ओमपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, शिवओम द्विवेदी, डॉ. बृजभूषण सिंह, रविन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, राकेश गुप्ता, हरिप्रकाश मिश्रा, राघवेन्द्र मिश्रा, डॉ. यशवंत सिंह, राजीव कुमार, विनोद कुमार, उजवीर सिंह, संतोष त्रिपाठी, गजेन्द्र सिंह, चमन शुक्ला, गाइड कैप्टन पुष्पा सिंह, हिमलेश शाक्य, वीना गौतम, ज्योति कुशवाहा, इंद्रा राठौर, सीमा सिंह, सर्वेश श्रीवास्तव, पुष्पेन्द्र शर्मा, पुष्कर मिश्रा, योगेश कुमार, ध्रुव मिश्रा, वैभव सोमवंशी, गौरव शाक्य, विवाह सिंह, निहारिका सिंह, प्रमोद गंगवार, सुनील कुशवाहा, प्रदीप यादव, नीलम सिंह, पूनम शुक्ला, वसुधा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने मिड-डे-मील का राशन कम मिलने की उठायी समस्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



खण्ड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

शिक्षक संगठन ने मिड-डे मील राशन कम प्राप्त होने व पीपीए जमा करने के संबंध में आ रही समस्या को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष श्याम बाबू पाल ने शिक्षकों के साथ खंड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान करने की मांग की। बेसिक स्कूलों में मिड-डे-मील राशन विद्यालयों को बहुत कम प्राप्त हो रहा है। जिससे विद्यालयों में मिड-डे-मील का संचालन करने में दिक्कत आ रही है। कंपोजिट ग्रांट का पीपीए बैंक में जमा करने में आ रही समस्या भी रखी। संगठन ने बताया कि यदि विद्यालय समय के बाद पीपीए बैंक में जमा करने के लिए शिक्षक जाते हैं तो बैंक में अक्सर ताला पड़ा मिलता है। इस समस्या के निराकरण हेतु संगठन ने शिक्षक द्वारा विद्यालय समय में पत्र व्यवहार पर लिखकर पीपीए जमा करने की मांग की। शिक्षकों की इन सभी समस्याओं को खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने सुना और कहा मिड-डे-मील संबंधित समस्या को उच्चाधिकारी स्तर पर रखा जाएगा और पीपीए संबंधी समस्या का भी निराकरण होगा। संविलियन विद्यालय जिराऊ सुनील कुमार जो कि विद्यालय समय में पत्र व्यवहार पर लिखकर पीपीए जमा करने बैंक गए थे। विद्यालय में अनुपस्थिति होने के कारण एक दिन का वेतन अवरुद्ध हो गया था उसका भी निराकरण किया जाये। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष श्याम बाबू पाल, विकास कुमार, उमेशपाल, भुवनेश कुमार, ब्रजकिशोर गुप्ता, रणवीरपाल, दीपक सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, सुनील कुमार, रवि, दीपचंद, कृष्णपाल, अंकित, उषा देवी, महेश चंद्र, कुंवरपाल, अजय प्रताप सिंह, अनिल कुमार, जितेंद्र सिंह, मनीष दीक्षित, अरविन्द यादव आदि उपस्थित रहे।

# अंकुर मिश्रा सहित कई कांग्रेसी हाउस अरेस्ट



आवास पर नजरबंद कांग्रेस नेता अंकुर मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संभल जाने की आशंका को लेकर पुलिस फोर्स ने शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यभार अध्यक्ष अंकुर मिश्रा हनी के निवास पर पहुंचकर हाउस अरेस्ट किया। रात दो बजे से ही पुलिस ने पहरा लगा दिया।

उनके निवास पर उनकी गाड़ी के आगे अपनी पुलिस की गाड़ी खड़ी कर दी और पुलिस बल के साथ घेराबंदी की। यूथ कांग्रेस के नेता शिवाशीष तिवारी, अतीक सलमानी आदि को भी नजर बंद रखा। बीते सप्ताह संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान घटना हुई थी। उसी घटना को लेकर शहर में शांति व्यवथा बनाये रखने एवं संभल जाने वाले नेताओं पर रोक लगाये जाने के लिए पुलिस ने निगरानी करते हुए शहर अध्यक्ष को उनके निवास पर नजरबंद किया और संभल जाने से रोका। कांग्रेस नेता अमर मिश्रा, विष्णु मिश्रा, अभिषेक तिवारी, वात्सल्य मिश्रा, राजीव दिवाकर, राजकुमार आदि को भी उनके घर में ही हाउस अरेस्ट किया गया।

# भारतीय कृषक एसो. की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय कृषक एसोसिएशन की बैठक संतोष बाबू के आवास पर सम्पन्न हुई। अध्यक्षता एपी त्रिपाठी ने की। संचालन सुधीर कुमार मिश्रा ने किया। संतोष बाबू ने कहा कि किसान आंदोलन में जो भी गिरफ्तारी हुई है सभी किसानों को छोड़ा जाये और उनका उत्पीड़न न किया जाये। सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि किसानों को खाद, बीज और बिजली समय पर प्रशासन उपलब्ध कराये। झूठे मुकदमे वापस लिये जाये। आंगनवाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार आता है और बाजार में बिक जाता है, बच्चों तक नहीं पहुंच पाता है, जांच कर कार्यवाही की जाये। इस मौके पर राहुल मिश्रा, गोविन्द, दीपक कुमार, विकास वर्मा, विवेक वर्मा, संजीव गुप्ता, स्वाती पाण्डेय, संजू, रामशरण, फुलवासी आदि लोग मौजूद रहे।

# बीवीडीसी की खेलकूद प्रतियोगिता में अभिषेक व माण्डवी बने विजेता

▸ खिलाड़ियों को प्राचार्य व शिक्षकों ने मेडल पहनाकर किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करती प्राचार्या डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी

बद्री विशाल महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में 200 मीटर दौड़ के साथ प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ।

छात्र वर्ग 200 मीटर दौड़ में गोपाल प्रथम, अमन यादव द्वितीय, अभिषेक तृतीय रहे। छात्रा वर्ग 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में माण्डवी सोमवंशी प्रथम, मानसी द्वितीय, स्वाती कठेरिया तृतीय रही। 500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अमन यादव प्रथम, अभिषेक यादव द्वितीय, अनुराग तृतीय रहे। 500 मीटर छात्रा वर्ग में माण्डवी सोमवंशी प्रथम, स्वाती कठेरिया द्वितीय, शिवानी तिवारी तृतीय रही।

चक्का फेंक प्रतियोगिता में गोपाल प्रथम, अभिषेक यादव द्वितीय, आबिद तृतीय रहे। चक्का फेंक छात्रा वर्ग में क्रांति प्रथम, मनु वर्मा द्वितीय, कृप्ति कठेरिया तृतीय रही। ऊंची कूद छात्र वर्ग में गोपाल प्रथम, सत्यम पाण्डेय द्वितीय, श्रेयांश सिंह तृतीय रहे। छात्रा वर्ग ऊंची कूद में मनु वर्मा प्रथम, प्रार्थना द्वितीय, कृप्ति कठेरिया तृतीय रही। 800 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में अमन यादव प्रथम, सोमधीर द्वितीय, अनुराग तृतीय रहे। 800 मीटर छात्रा वर्ग में माण्डवी सोमवंशी प्रथम, किरन द्वितीय, प्रियंका देवी तृतीय रही। त्रिकूद छात्र वर्ग प्रतियोगिता गोपाल प्रथम, सत्यम पाण्डेय द्वितीय, आबिद तृतीय रहे। त्रिकूद छात्रा वर्ग प्रतियोगिता में क्रांति प्रथम, लवी द्वितीय, कृप्ति कठेरिया तृतीय रही। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्राचार्य डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी व मुख्य अतिथि जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव अजय प्रताप सिंह द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

इस अवसर पर उप प्राचार्या डॉ. जयश्री मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रंजना सिंह, डॉ. प्रभात सिंह, अभिषेक शुक्ला, राहुल, डॉ. शशिकांत त्रिपाठी, डॉ. सुरेन्द्र सिंह,डॉ. रजनी रानी, डॉ. अर्चना पाण्डेय, डॉ. अमरनाथ तिवारी, अवधेश कुमार सिंह, डॉ. प्राची, मनीष कुमार साहू, डॉ. जकील अहमद, डॉ. राजू सिंह, सुरेन्द्र कुमार, डॉ. संतोष कुमार द्विवेदी व समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# व्यापार मण्डल के जिला कोषाध्यक्ष बने विक्की अग्रवाल

▸ बैठक के दौरान व्यापारियों ने एक दूसरे पर की टीका टिप्पणी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



व्यापार मण्डल की बैठक में मौजूद व्यापारी

जिला उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सदानंद शुक्ला की अध्यक्षता में सिकत्तरबाग स्थित विक्की अग्रवाल के निवास पर बैठक का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने विक्की अग्रवाल को जिला कोषाध्यक्ष व अमित उर्फ राम मिश्रा को जिला प्रचार मंत्री घोषित किया। नवनियुक्त पदाधिकारी विक्की अग्रवाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

विक्की अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने कहा कि कोई भी दुकानदार अगर अपनी दुकान के बाहर ढाई फुट टीन डाले है तो जायज है, इसके अलावा 4 या 5 फुट टीन आगे तक डाले है तो वह गलत है। वह स्वयं टीनशेड उतार ले, नहीं तो नगर पालिका के कर्मचारी उतार ले जायेगें। साथ ही नगर पालिका के कर्मचारी किसी भी ठिलिया वाले को परेशान करें , क्योंकि वह चलता-फिरता अपना व्यापार करता है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष लालू कनौजिया ने कहा कि अभी तक पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा के द्वारा रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया गया है। रजिस्टर उपलब्ध कराये, जिससे कि आगे की कार्यवाही बढ़ सकें। संजीव मिश्रा बॉबी ने सफाई देते हुए कहा कि पूर्व जिला संगठन महामंत्री के पास सभी रजिस्टर कागज है, उन्होंने कोई भी प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराये है। इसी दौरान व्यापारी नेता अपनी बात कहने को लेकर एक दूसरे पर टीका टिप्पणी करने लगे, तभी सभासद आलोक मिश्रा ने कहा कि कोई भी व्यापारी पुलिस वालों को सम्मानित न करें, उन्हें अपना काम करने दें। अनुपम रस्तोगी ने कहा कि पुलिस वाले अच्छा काम करेगें तो सम्मानित किया जायेगा, गलत करेगें तो विरोध किया जायेगा। पूर्व बैठक में जिला प्रचार मंत्री सचिन गुप्ता को घोषित किया गया था।

उनकी निष्क्रियता को देखते हुए उनके स्थान पर अमित उर्फ राम मिश्रा को जिला प्रचार मंत्री बनाना पड़ा। इस मौके पर अनिल उर्फ लालू कनौजिया, राजकुमार उर्फ राजू गौतम, अनुपम रस्तोगी, सौरव शुक्ला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला व हेमलता मिश्रा, आशू मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# चिकित्सक की बहन को आशीर्वाद देने पहुंचे शहर के नामीग्रामी चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के जाने माने चिकित्सक डॉ. नौशाद हुसैन, डॉ. नायाब हुसैन की बहन की शादी में शहर के नामीग्रामी चिकित्सकों ने पहुंचकर बेटी को आशीर्वाद दिया और अपने युवावस्था की मित्रता की यादे ताजा की। मुस्ताक हुसैन की पुत्री का विवाह फतेहगढ़ स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ। जिसमें आईएमए के सचिव डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, सूरज अल्ट्रासाउंड के चेयरमैन डॉ. राजीव पाठक, आईएमए संगठन से जुड़े चिकित्सकों ने पहुंचकर बेटी खुशनुमा परवीन को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर डॉ. वैभव पाठक व अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

# शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद संभ्रांत नागरिक

शहर कोतवाली में 6 दिसम्बर को शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पीस कमेटी का आयोजन हुआ।

शहर कोतवाल ने सभी संभ्रान्त नागरिकों से अपील की कि शहर में गंगा जमुना की मिशाल वर्षो से बनी है उसे कायम रखें।

किसी भी अराजकत्व ने अंशाति फैलायी तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। व्यापारियों ने अपने सुझाव रखे और कहा कि यातायात व जाम की समस्या शहर में है व्यापार मंडल संगठन जन कार्यो में सहयोग करेगा। 6 दिसम्बर को भाईचारे भावना के साथ पुलिस का सहयोग करेगा। शहर कोतवाल ने कहा सभी दुकानदार अपनी दुकान के सामने सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाये। उघोग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट का कोई पदाधिकारी बैठक में नहीं पहुंचा। बैठक समाप्त होने के बाद निवर्तमान नगर अध्यक्ष इकलाख पहुंचे। बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, अरविन्द गुप्ता राजू, पप्पन मियां वारसी, मुकेश गुप्ता, इस्लाम चौधरी, संजय गर्ग, जितेन्द्र अग्रवाल, आनंद मोहन वर्मा, असलम अंसारी, सभासद अतुल शंकर दुबे, आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने रात्रि में नगर का भ्रमण कर लिया जायजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ शहर के मुख्य चौराहों/तिराहों की सुबह सड़क खाली होने पर वीडियोग्राफी कराये जाने के ईओ को दिये निर्देश

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने शहर के मुख्य चौराहों व मुख्य मार्गो का भ्रमण किया गया। जिलाधिकारी ने फतेहगढ़ चौराहा से रोडवेज बस स्टैंड, लालगेट चौराहा, चौक चौराहा, टाउन हॉल, रेलवे रोड परए ठंडी सड़क मार्गो का भ्रमण किया गया। डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहर के मुख्य चौराहों/तिराहों की सुबह सड़क खाली होने पर वीडियोग्राफी कराई जाये। बाजार खुलने के बाद भी सभी की वीडियोग्राफी कराई जाये। अतिक्रमण को चिन्हित कर रेड मार्किंग का कार्य कराया जाये। अतिक्रमण को चिन्हित कर अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किये जायें। अतिक्रमण हटाने के बाद भी वीडियोग्राफी कराई जाये। अतिक्रमण न हटाने पर संबंधित पर जुर्माना लगाया जाये और एफआईआर कराई जाये। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व संबंधित थानों के थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# पल्स पोलियो अभियान व टीकाकरण के लिए मांगा सहयोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रमाण पत्र के साथ मौजूद लोग

▸ बैठक में प्रभावशाली लोगों को किया गया सम्मानित

पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 8 दिसम्बर से शूरू हो रहा है जो 16 दिसम्बर तक चलेगा।

इसके अंतर्गत शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसी को लेकर सिविल अस्पताल लिंजीगंज में शहर के सभी धर्मगुरु, निजी चिकित्सक और मस्जिद के इमाम से नियमित टीकाकरण और पोलियो अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग देने की अपील की, साथ ही उनको प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सर्वेश यादव ने बताया कि पोलियो वायरस मुंह के रास्ते से नर्वस सिस्टम में पहुंच जाता है। इससे लकवा और यहां तक कि मृत्यु तक हो सकती है। भारत में पोलियो अब एक बड़ी समस्या नहीं रही है, लेकिन फिर भी यहां पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए पोलियो का टीका लेना जरूरी है। सिविल अस्पताल के डॉ. ऋषि नाथ गुप्ता ने कहा कि देश से पोलियो उन्मूलन हो चुका फिर भी एहतियात के तौर पर पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है साथ ही नियमित टीकाकरण के माध्यम से भी पांच साल तक के बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। अक्षय सेंगर ने बताया कि शहर के मोहल्लें और मलिन बस्तियों में पोलियो टीम द्वारा पांच साल से छोटे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

उन्होंने से सभी से अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। इस दौरान यूनिसेफ से डीएमसी अनुराग दीक्षित, बीएमसी सल्तनत, सहित धर्मगुरू, निजी चिकित्सक व अन्य लोग मौजूद रहे।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में बिहार के युवक पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायाधीश डॉ. अनिल कुमार ने जोगेंद्र कुमार पुत्र महेंद्र पांडे निवासी पैनगंगा नारदीगंज नवादा बिहार को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 07 दिसम्बर की तिथि नियत की है।

बीते चार वर्षो पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ निवासी योगेश कुमार पुत्र सुभाषचंद्र कटियार निवासी रम्पुरा फतेहगढ़ ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरा ग्राम बुढ़नामऊ में रेशम बिक्र फील्ड नाम से ईट भट्ठा है। जहाँ पर बिहार के निवासी जोगेंद्र, मुकेश काम करते है। दिनांक 6 अप्रैल 2020 को समय 9 बजे दोनों में पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। जिसके कारण जोगेंद्र कुमार ने मुकेश के सिर पर डंडा मार दिया। जिससे मुकेश बेहोश हो गया और मौके पर गिर गया। मुकेश के परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां उसकी मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा-304 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्त कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने जोगेंद्र को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंन्दू पर 7 दिसम्बर की तिथि नियत की गयी है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष की पुण्यतिथि पर करणी सेना ने दी श्रद्धांजलि

## आरोपियों को जल्द फांसी दिए जाने की उठायी मांग, जल्द लगवायी जायेगी प्रतिमा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सुखदेव सिंह गोगामेडी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

करणी सेना ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की प्रथम पुण्यतिथि पर कार्यालय पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। जल्द से जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्यारोपियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन आने वाले समय में राष्ट्रीय अध्यक्ष की प्रतिमा लगवाने का काम करेगा।

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की 5 दिसंबर 2023 को जयपुर स्थित उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गुरुवार को सुखदेव सिंह गोगामेडी की प्रथम पुण्यतिथि पर कादरी गेट तिराहा स्थित कार्यालय पर करणी सेना के जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन के पदाधिकारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेडी ने बहुत ही कम समय में क्षत्रिय समाज को एकजुट करने का काम किया। सुखदेव सिंह गोगामेडी आज के युग के महाराणा प्रताप थे। उनके द्वारा समाज के लिए दिया गया। सर्वोच्च बलिदान सदियों तक याद रखा जाएगा। संगठन आने वाले समय में उनकी वर्तमान जनपद में स्थापित करवाएगा। विश्व क्षत्रिय परिषद जिलाध्यक्ष विक्की ठाकुर ने कहा कि समाज के युवाओं को सुखदेव सिंह गोगामेडी से प्रेरणा लेनी चाहिए, कि कैसे एक व्यक्ति भी अगर ठान ले तो पूरे देशभर के क्षत्रिय समाज को नई दिशा प्रदान कर सकता है।

वह हमारे लिए आदर्श है। इस दौरान अर्पण राणा, शिवम् सिंह, अवनीश सोमवंशी, सत्यभान सिंह, अनुज राठौर, अभिषेक राठौर, सत्यम ठाकुर, आदित्य सिंह, विपिन सिंह, अलोक सिंह, रोहित राठौर, हिमांशु सोमवंशी, पंकज ठाकुर, हरी प्रताप सिंह, शिवदेश सिंह, शिव प्रताप सिंह, भूपेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सेवा भाव का नाम भारत स्काउट गाइड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पुष्पा सिंह व ज्योति कुशवाहा

भारत स्काउट गाइड अपने आप में एक सर्वोच्च शाखा है, जो देश भर के विभिन्न विद्यालयों में संचालित है। इस शाखा के जनक लार्ड बैडेन पॉवेल व लेडी बैडेन ने एक दूसरे की सेवाभाव को स्थापित करने के लिए गठन किया था। तब से लेकर अब तक समाजिक सेवाओं का दायित्व स्काउट गाइड निभा रहा है। स्काउट गाइड के अलावा कब बुलबुल एवं रोवर्स रेंजर्स होते है।

जो समय-समय पर अपनी सेवायें देकर समाज में सेवा के भाव से कार्य करते है। सहायक अध्यापिका व जिला आयुक्त बुलबुल गाइड कैप्टन नगर क्षेत्र पुष्पा सिंह ने बताया कि हर स्काउट गाइड को प्रकृति प्रेमी बनना चाहिए, क्योंकि जब हमारी प्रकृति सुंदर होगी तो हमारा वातावरण अच्छा होगा, साथ ही शुद्ध जलवायु व हवा मिलेगी। मेरी सभी स्काउट गाइड से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाये और पर्यावरण को सुंदर बनाये और अनुशासन में रहकर एक दूसरे की सेवा करें। कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय जेन्दपुरा की सहायक अध्यापिका गाइड कैप्टन ज्योति कुशवाहा ने बताया कि सभी बच्चे स्काउट भावना के साथ आगे बढ़े। स्काउट वह शाखा है जो बच्चों को सेवा भाव सिखाती है, उन्हें ऐसी रैलियों से कैम्प फायर, गांठ बंधन, टेंट लगाना, बिना बर्तन के खाना बनाना, पुल बनाना, सहासी कार्य करना, सड़क पर असहायों की मदद करना आदि सेवा भाव सिखाते है। 20 से ज्यादा रैलियों व कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया है, उनके जो भी सीखा है वह बच्चों में दूसरों की सेवा करने के लिए सेवाभाव पैदा किये है। स्काउट गाइड अपने आप में अनुशासन है।

# शराब के लिए रुपये न देने पर युवक का सिर फोड़ा, मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव विरायमपुर निवासी युवक रामरतन पुत्र राम दयाल ने गांव के ही भंवर सिंह पुत्र दीन दयाल व भंवर सिंह के पुत्र शिवनरायन तथा शिवनरायन के पुत्र प्रशांत एवं गुन्नू पुत्र अजब सिंह के विरुद्ध मारपीट गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 03 दिसम्बर शाम 7 बजे रामरतन अपने दरवाजे पर बैठा था कि तभी वहां से निकल रहे गांव के ही भंवर सिंह ने शराब के लिए रुपये मांगे, तो रामरतन ने रुपये देने से इन्कार कर दिया। इसी बात को लेकर भंवर सिंह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर भंवर सिंह ने अपने पुत्र को आवाज देकर मौके पर बुला लिया और सभी आरोपित रामरतन के साथ लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। शोरगुल की आवाज पर गांव के लोग मौके पर आ गए, तभी सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। मारपीट किए जाने से रामरतन का सिर फट गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा के सुपुर्द कर दी है।

